CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम: 12°C

हल्द्वानी, गुरुवार 9 अप्रैल 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 222 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 | 20 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


किसानों को त्वरित राहत के निर्देश, क्षतिपूर्ति में नहीं होगी देरी: योगी पेज 2


ऑरेंज कैप और पर्पल कैप पर आरआर के खिलाड़ियों का कब्जा खेल टाइम्स


सीजफायर नहीं, कूटनीति की जीत का ऐलान सम्पादकीय


अमेरिका का ईरानी शांति योजना स्वीकार करना युद्ध में जीत: ईरानी सुरक्षा परिषद पेज 12

# ईरान के आगे सुपरपावर ने किया सीजफायर

## अमेरिका-ईरान के बीच दो हफ्ते का युद्धविराम, अमेरिका 1975 में वियतनाम से भी हारा था युद्ध, 2021 में अफगानिस्तान से भी भागी थी यूएस आर्मी

- खामेनेई की हत्या के साथ शुरू हुआ संघर्ष 40 दिनों के बाद युद्धविराम पर पहुंचा
- अमेरिका-ईरान 10 अप्रैल से अंतिम रूप देने के लिए इस्लामाबाद में शांति वार्ता करेंगे
- ईरान होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगा: अराघची
- पाक पीएम व सेना प्रमुख आसिम मुनीर से वार्ता के बाद लिया ट्रम्प ने फैसला

**वाशिंगटन/तेहरान, वार्ता**

**ईरान** के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की हत्या के साथ शुरू हुआ अमेरिका-इजरायल-ईरान संघर्ष 40 दिन के बाद युद्धविराम पर पहुंच गया है। इजरायल ने भी ईरान के साथ युद्धविराम पर सहमति जताई है, लेकिन इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह भी कहा है कि वह लेबनान में अपना सैन्य अभियान जारी रखेगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वाशिंगटन के समयानुसार शाम 6:32 बजे (भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 4:02 बजे) अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया कि वह ईरान पर नियोजित सैन्य हमलों को दो सप्ताह की अवधि के लिए स्थगित कर देंगे। दूसरी ओर, ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने भी कुछ घंटे बाद युद्धविराम की पुष्टि करते हुए कहा कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगा। युद्धविराम की मध्यस्थता की पहल करने वाले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी दो सप्ताह के युद्धविराम की पुष्टि करते हुए कहा कि अमेरिका और ईरान 10 अप्रैल से इसे अंतिम रूप देने के लिए शांति वार्ता करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि प्रस्तावित सैन्य हमलों को दो सप्ताह के लिए स्थगित किया जा रहा है, ताकि वार्ता आगे बढ़ सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह दोनों पक्षों का युद्धविराम होगा और अमेरिका अपने सैन्य उद्देश्यों को पहले ही हासिल कर चुका है। श्री ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ हुई बातचीत के आधार पर और इस शर्त पर कि इस्लामिक गणराज्य ईरान 'होर्मुज स्ट्रेट' को पूरी तरह, तत्काल और सुरक्षित रूप से खोलने पर सहमत हो जाए, मैं दो सप्ताह की अवधि के लिए ईरान पर बमबारी और हमले को स्थगित करने पर सहमत हूं। उन्होंने बताया कि यह निर्णय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर के साथ बातचीत के बाद लिया गया, जिन्होंने संयम बरतने की अपील की थी। ट्रम्प ने कहा कि युद्धविराम इस शर्त पर आधारित है कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित –शेष पृष्ठ दो पर



### ईरानी ऑयल रिफाइनरी पर सीजफायर के बाद भी हमला, ईरान का कुवैत में अटैक

**तेल अवीव/ तेहरान/ वाशिंगटन।** ईरान में सीजफायर के ऐलान के कुछ घंटों बाद हमला हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार को ईरान के लवन आइलैंड की तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। लोकल समय के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे हमले के बाद रिफाइनरी में आग लग गई। इस बीच कुवैत ने भी दावा किया कि सीजफायर के बावजूद ईरान की ओर से ड्रोन हमला किया गया। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी के मुताबिक, सुबह से अब तक 28 ईरानी ड्रोन इंटरसेप्ट (मार गिराए) गए हैं। अल-ओतैबी के अनुसार, कुछ ड्रोन देश के दक्षिणी हिस्से तक पहुंचे और अहम ठिकानों को निशाना बनाया। इन ठिकानों में तेल के बड़े प्लांट, बिजली घर और पानी के डीसैलिनेशन प्लांट शामिल हैं, जिनसे जुड़ी सुविधाओं को नुकसान हुआ है।

### युद्धविराम विश्व शांति के लिए बड़ा दिन: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम को विश्व शांति के लिए एक बड़ा दिन बताया और कहा कि अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि ईरान ऐसा चाहता है, क्योंकि वे तंग आ चुके हैं।

इसी तरह बाकी सभी भी तंग आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट में यातायात बढ़ाने में मदद करेगा और कई सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि खूब पैसा बनाया जाएगा और ईरान पुनर्निर्माण प्रक्रिया शुरू कर सकता है। ट्रम्प ने कहा कि हम हर तरह की आपूर्ति लेकर आएंगे और यहीं आसपास मंडराते रहेंगे, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सब कुछ ठीक



चल रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि सब कुछ ठीक चलेगा। ट्रम्प ने कहा कि यह अमेरिका की तरह पश्चिम एशिया का स्वर्ण युग हो सकता है।

### ईरान-अमेरिका युद्धविराम की 10 शर्तें

**तेहरान।** ईरानी सरकारी मीडिया ने समझौते के लिए एक 10-सूत्रीय प्रस्ताव का विवरण दिया है, जो आगामी वार्ता का आधार बनेगा।

1.अमेरिका ईरान के खिलाफ आगे कोई सैन्य आक्रमण नहीं होगा।

2. होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान का नियंत्रण बना रहेगा।

3.यूरेनियम संवर्धन के ईरान के अधिकार को स्वीकार किया जाएगा।

4. ईरान पर अमेरिका के सभी प्राथमिक और माध्यमिक प्रतिबंध हटाए जाएंगे।

5. ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सभी प्रस्तावों को समाप्त किया जाएगा।

6. अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के प्रस्तावों को रद्द किया जाएगा।

7. युद्ध से हुए नुकसान के लिए ईरान को मुआवजे का भुगतान किया जाएगा।

8. क्षेत्र से अमेरिकी लड़ाकू बलों की वापसी होगी।

9.क्षेत्र में ईरान समर्थित समूहों पर हमले बंद किए जाएंगे।

10. इस प्रस्ताव में वित्तीय मुआवजा और नागरिक परमाणु कार्यक्रम की मान्यता के बदले परमाणु हथियार न बनाने की ईरान की प्रतिबद्धता भी शामिल है।

### भारत ने किया युद्धविराम का स्वागत

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए युद्धविराम का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी। विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रम पर बुधवार को एक वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि भारत पहले से ही इस विवाद के संवाद और कूटनीति से समाधान पर जोर देता रहा है। मंत्रालय ने कहा है कि हम युद्धविराम का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी। जैसा कि हम पहले भी लगातार कहते रहे हैं, तनाव में कमी, संवाद और कूटनीति ही संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के लिए आवश्यक हैं। इस संघर्ष ने पहले ही लोगों को अत्यधिक कष्ट पहुंचाया है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति तथा व्यापारिक नेटवर्क को बाधित किया है।

### भारत की ईरान में रहने वाले अपने नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के मद्देनजर ईरान में रह रहे अपने नागरिकों से दूतावास द्वारा सुझाए गए मार्गों का उपयोग करते हुए जल्द से जल्द देश से बाहर निकालने की अपील की है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने इस संबंध में जारी परामर्श को बुधवार को एक बार फिर जारी करते हुए भारतीय नागरिकों को ईरान छोड़ने की सलाह दी है। दूतावास ने परामर्श में कहा है, सात अप्रैल की सलाह के क्रम में और हाल के घटनाक्रमों के मद्देनजर, ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को दृढ़तापूर्वक सलाह दी जाती है कि वे दूतावास के साथ समन्वय करके और दूतावास द्वारा सुझाए गए मार्गों का उपयोग करते हुए यथाशीघ्र ईरान से बाहर निकल जाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का निधन

**नोएडा।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का बुधवार तड़के चार बजे नोएडा के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को बुधवार दोपहर तीन बजे उनके नोएडा स्थित आवास (सेक्टर-40) से अंतिम यात्रा के लिए ले जाया गया। शाम करीब पांच बजे उन्हें निजामुद्दीन कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। वह लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रही थीं, कांग्रेस संगठन में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुकी थीं और गांधी परिवार के काफी करीबी रही थी। श्रीमती किदवई केंद्र सरकार में मंत्री रहीं, इसके अलावा वह हज कमेटी की अध्यक्ष भी रहीं।

### टीएमसी का आरोप: चुनाव आयोग ने पांच मिनट में भगाया

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर टीएमसी और चुनाव आयोग आमने-सामने आ गए हैं। सांसद डेरेक ओ'ब्रायन के नेतृत्व में टीएमसी का प्रतिनिधि मंडल बुधवार सुबह दिल्ली में चुनाव आयोग से मिलने पहुंचा। डेरेक ने कहा कि हमने एसआईआर के मुद्दे पर समय मांगा था, लेकिन मीटिंग के दौरान हमारे साथ खराब व्यवहार किया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त (ईसी) ने हमें सिर्फ 5 मिनट में भगा दिया।

## जो भक्त नहीं, वो धार्मिक परंपरा को चुनौती कैसे दे रहा

### सबरीमाला केस में सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार से सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार से पूछा कि जो लोग भगवान अयप्पा के भक्त नहीं हैं, वे केरल के सबरीमाला मंदिर की परंपराओं को कैसे चुनौती दे सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे पर 7 सवाल तय किए हैं।

इनमें से एक सवाल यह है कि क्या कोई व्यक्ति, जो किसी धार्मिक संप्रदाय या समूह से संबंधित नहीं है, उस धार्मिक संप्रदाय या समूह की किसी प्रथा को जनहित याचिका (पीआईएल) के माध्यम से चुनौती दे सकता है।



- शीर्ष अदालत ने कहा: ऐसी याचिकाओं पर सुनवाई क्यों हो

जस्टिस बीवी नागरत्ना ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि सबरीमाला मामले में याचिकाकर्ता कौन थे। मूल याचिकाकर्ता भक्त नहीं थे। किसी भी भक्त ने इस प्रथा को चुनौती देने के लिए अदालत का रुख नहीं किया। तो फिर ये रिट याचिकाकर्ता कौन हैं, जो इसे चुनौती दे रहे हैं। मेहता ने जवाब दिया कि मूल याचिकाकर्ता 'इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन' नामक वकीलों का एक संगठन है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि वे भक्त नहीं हैं, लेकिन हमें यह स्पष्ट करना होगा। क्या भगवान अयप्पा का कोई भी भक्त इस परंपरा को चुनौती देते हुए रिट याचिका दायर कर सकता है और यदि कोई गैर-भक्त, जिसका उस मंदिर से कोई संबंध नहीं है, इसे चुनौती देता है, तो क्या यह अदालत ऐसी याचिका पर सुनवाई कर सकती है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कोई सेक्युलर अदालत किसी धार्मिक प्रथा को सिर्फ अंधविश्वास नहीं कह सकती, क्योंकि उसके पास ऐसा तय करने की विशेषज्ञता नहीं होती। उन्होंने कहा कि जो चीज नागालैंड के किसी समुदाय के लिए धार्मिक हो सकती है, वही मेरे लिए अंधविश्वास लग सकती है।

## रेपो रेट में बदलाव नहीं, लोन नहीं होंगे महंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** नए वित्त वर्ष की पहली मीटिंग में रेपो रेट में बदलाव नहीं किया गया है। इसे 5.25 फीसदी पर बरकरार रखा है। इससे लोन महंगे नहीं होंगे और ईएमआई नहीं बढ़ेगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 8 अप्रैल को मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी के फैसलों की जानकारी दी। इससे पहले फरवरी में भी रेपो रेट में बदलाव नहीं हुआ था।

आरबीआई ने आखिरी बार दिसम्बर 2025 में ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाकर 5.25 फीसदी की थी। आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है, उसे रेपो रेट कहते हैं। जब आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो बैंक इस फायदे को ग्राहकों तक



- आरबीआई ने ब्याज दर 5.25 फीसदी पर बरकरार रखी, 2025 में चार बार में 1.25 फीसदी की कटौती

पहुंचाते हैं। 2025 में चार बार में 1.25 फीसदी की कटौती हुई। फरवरी 2025 में ब्याज दरों को 6.5 फीसदी से घटाकर 6.25 फीसदी कर दिया था। मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी। दूसरी बार अप्रैल में हुई मीटिंग में भी ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाई गई। जून में तीसरी बार आरबीआई में दरों में 0.50 फीसदी कटौती की थी। दिसम्बर में 0.25 फीसदी की कटौती के बाद ब्याज दरें 5.25 फीसदी पर आ गई थी। आरबीआई गवर्नर के मुताबिक, महंगाई में उछाल का खतरा अभी टला नहीं है। खराब मौसम और बेमौसम बारिश से फल, सब्जियों और अनाज की कीमतें बढ़ने की आशंका है। ईरान-इजरायल जंग से सप्लाई चैन पर असर पड़ रहा है। आरबीआई अभी रुको और देखो की नीति अपना रहा है। ग्लोबल मार्केट में मची उथल-पुथल को देखते हुए आरबीआई जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लेना चाहता।

## किसानों के लिए खाद सब्सिडी 4,317 करोड़ बढ़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को 1.74 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स और प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। इन फैसलों में कृषि, ऊर्जा और शहरी परिवहन शामिल है।

कैबिनेट ने खरीफ सीजन 2026 के लिए एनबीएस स्कीम को मंजूरी दी है। सरकार फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों पर करीब 41,533 करोड़ रुपये खर्च करेगी। यह पिछले साल के बजट से करीब 4,317 करोड़ ज्यादा है। नई दरें 1 अप्रैल से 30 सितम्बर तक लागू रहेंगी। सरकार के इस फैसले का मकसद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे माल की कीमतों में हो रहे



- 1,350 में ही मिलेगा डीएपी बैग
- 40 हजार करोड़ के दो हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट को भी मंजूरी

उतार-चढ़ाव से किसानों को बचाना है। कोरोना के बाद डीएपी की कीमतें तेजी से बढ़ी है, लेकिन सरकार ने किसानों के लिए खुदरा कीमत को 1,350 प्रति 50 किलो बैग पर स्थिर रखा है। सरकार ने एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी प्रोजेक्ट के लिए संशोधित लागत को मंजूरी दे दी है। अब इस प्रोजेक्ट पर 79,459 करोड़ खर्च होंगे। राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा में स्थित यह रिफाइनरी 9 एमएमटीपीए क्षमता वाली होगी। ऑपरेशन जुलाई से शुरू हो सकते हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर में मेट्रो विस्तार के लिए फेज-2 को मंजूरी मिल गई है। 13,038 करोड़ की लागत वाले इस प्रोजेक्ट के तहत प्रहलादपुरा से टोडी मोड़ तक 41 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर बनेगा। इससे जयपुर और आसपास के इलाकों में ट्रांसपोर्ट सिस्टम बेहतर होगा। ऊर्जा सुरक्षा के लिए कैबिनेट ने दो बड़े हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को भी मंजूरी दी है। 1,720 मेगावाट क्षमता वाले कमला हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट पर 26,070 करोड़ खर्च होंगे। वहीं 1,200 मेगावाट के कलई-2 हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट पर 14,106 करोड़ खर्च होंगे। एनबीएस का पूरा नाम न्यूट्रिएंट बेस्ड सब्सिडी है। यह योजना 2010 से लागू है। सरकार खाद की बोरी में मौजूद नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश और सल्फर की मात्रा के हिसाब से कंपनियों को पैसे देती है।

## उत्तराखंड के चारों धाम में बर्फबारी यूपी में आंधी से 15 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में एक साथ दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होने से मौसम बदल गया है। उत्तराखंड के चारों धाम-केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में बर्फबारी हो रही है। राज्य के सभी जिलों में बारिश हो रही है।

यूपी के मेरठ, बरेली और शाहजहांपुर में दोपहर में ओले गिरे। लखनऊ, गोरखपुर, गोंडा, जौनपुर, अलीगढ़ समेत 25 जिलों में तेज हवाओं के साथ रुक-रुककर बारिश हो रही है। इस दौरान 60 किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। पिछले हफ्ते

- मेरठ, बरेली और शाहजहांपुर में दोपहर में ओले गिरे

आंधी-बिजली से 15 लोगों की मौत हो चुकी है। मध्य प्रदेश में 3 साइक्लोनिक एक्टिविटी हैं। मौसम विभाग ने भोपाल, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, पन्ना, सतना, रीवा समेत 18 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। दतिया, निवाड़ी, छतरपुर और टीकमगढ़ में ओले गिर सकते हैं। जम्मू-कश्मीर के रामबन में लैंडस्लाइड से जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### युद्धविराम का स्वागत, स्थाई शांति की अपील: प्रमोद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस राज्यसभा सांसद और उप नेता प्रमोद तिवारी ने अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच हुए दो सप्ताह के युद्धविराम का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय विश्व शांति के लिए एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने बुधवार को ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि सभी पक्षों को सद्बुद्धि मिले और यह 15 दिनों का अस्थायी युद्धविराम स्थाई शांति समझौते में परिवर्तित हो। तिवारी ने कहा एक भारतीय होने के नाते उन्हें यह पीड़ा भी है कि आगे की शांति वार्ता पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में प्रस्तावित है, जिसमें चीन की भी महत्वपूर्ण भूमिका बताई जा रही है। उनके अनुसार यह स्थिति भारत की कूटनीतिक एवं राजनी. तिक दृष्टि से चिंताजनक है।

### बैंकिंग तंत्र मजबूत बना हुआ है: आरबीआई गवर्नर

**मुंबई।** रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि देश का बैंकिंग तंत्र मजबूत बना हुआ है और एचडीएफसी बैंक के संचालन को कोई खामी नहीं पाई गई है। मल्होत्रा ने यहां मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में आश्वस्त किया कि देश का बैंकिंग तंत्र पूरी तरह से मजबूत बना हुआ है। पिछले दिनों एचडीएफसी बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के इस्तीफे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बैंकों के निदेशक मंडल की बैठकों के विवरण की नियमित रूप से जांच की जाती है और हमारे हिंसाब से एचडीएफसी बैंक के संचालन से संबंधित कोई खामी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दिशा-निर्देशों में बदलाव की जरूरत नहीं लगती है।

## किसानों को त्वरित राहत के निर्देश, क्षतिपूर्ति में नहीं होगी देरी: योगी

# अन्नदाताओं के साथ खड़ी है यूपी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ रबी फसलों को हुए नुकसान पर गहरी संवेदना व्यक्त की, अफसरों को त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील कार्रवाई के निर्देश

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने असमय वर्षा, ओलावृष्टि और कुछ स्थानों पर आगजनी की घटनाओं से रबी फसलों को हुए नुकसान पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए अधिका. रियों को त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

योगी ने बुधवार सुबह आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि इस संकट की घड़ी में राज्य सरकार अन्नदाताओं के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रभावित किसान एवं बटाईदार के नुकसान का सटीक, निष्पक्ष और समयबद्ध आकलन कर तत्काल क्षतिपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर राजस्व, कृषि और अन्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ शीघ्र सर्वे कर रिपोर्ट शासन को भेजें, ताकि राहत वितरण में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने बीमा कंपनियों के साथ समन्वय बढ़ाते हुए फसल बीमा दावों के शीघ्र निस्तारण के भी निर्देश दिए। अधिकारियों को किसानों से सीधे संपर्क कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने को कहा गया है, जिससे अधिकतम राहत सुनिश्चित हो सके। राजस्व विभाग को निर्देशित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपदा राहत कोष से जनपदों को पर्याप्त धनराशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सहायता पारदर्शी और शीघ्रता से किसानों तक पहुंचे। आवश्यकता अनुसार राहत शिविर स्थापित किए जाएं और मंडी समितियों के माध्यम से भी सहयोग प्रदान किया जाए। अग्निकांड की घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने विशेष संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहानि या पशुहानि की स्थिति में 24 घंटे के भीतर राहत राशि दी जाए। साथ ही पात्र लाभार्थियों को कृषक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ शीघ्र दिलाया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जिन परिवारों के घर क्षतिग्रस्त या पूरी तरह नष्ट हो गए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराया जाए। राहत एवं पुनर्वास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

### उप्र में 403 करोड़ से होगा डा. अंबेडकर की मूर्तियों के सौंदर्यीकरण का खर्च

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से डा. भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों पर छत्र लगवाने की घोषणा के क्रम में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिए हैं। योजना के तहत सरकार 403 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। शासन स्तर पर प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह (प्रथम) की ओर से जारी आदेश के मुताबिक योजना के तहत मूर्तियों के चारों ओर बाउंड्रीवाल, छत्र निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाएंगे। साथ ही इन स्थलों को जनोपयोगी और जानकारीप. रक बनाया जाएगा, जिससे सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में 10-10 स्मारकों का विकास किया जाएगा।

## बारिश से बदला मौसम कई जिलों में चेतावनी जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उप्र में लखनऊ समेत उप्र के कई हिस्सों में मंगलवार शाम तेज हवाओं, गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में पश्चिमी उप्र में कई स्थानों पर और पूर्वी उप्र में भी बारिश और गरज-चमक की गतिविधियां जारी रहेंगी।

प्रदेश में मंगलवार को दिनभर की तपिश के बाद शाम को अचानक मौसम सुहावना हो गया, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। शाम होते-होते लखनऊ में बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई। इसी तरह के हालात प्रदेश के अन्य जिलों में भी देखने को मिले। मौसम विभाग के पश्चिमी से पूर्वी उप्र तक कई जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गई। सहारनपुर से लेकर सोनभद्र और आगरा तक मौसम का असर देखा गया। प्रदेश के कई जिलों में पांच मिमी तक बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, प्रतापगढ़, प्रयागराज, मिर्जापुर, सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, आजमगढ़, अंबेडकरनगर, संतकबीरनगर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरो. हा, बिजनौर, बदायूं, हरदोई और शाहजहांपुर में येलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां 40 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलने और हल्की गरज-चमक की संभावना है। बहराइच, बारा. बंकी, सीतापुर, बस्ती, गोंडा, सुल्तानपुर और अमेठी में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में 41 से 61 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ मध्यम स्तर के तूफान की आशंका जताई गई है।

### मेरठ-बरेली में ओले गिरे मुजफ्फरनगर में सड़क धंसी

**लखनऊ/मेरठ।** यूपी में बुधवार सुबह से लखनऊ, गोंडा, गोरखपुर, जौनपुर और अलीगढ़ समेत 25 जिलों में तेज हवाओं के साथ रुक-रुककर बारिश हो रही है। दोपहर में मेरठ, बरेली, शाहजहांपुर और लखीमपुर में ओले गिरे। सड़कों-खेतों में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई। अब तक भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से एक हफ्ते में 20 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 12 लोग घायल हैं।

आंधी से बाराबंकी में चलती रोडवेज बस पर पेड़ गिर गया। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं आई। मुजफ्फरनगर में 20 फीट सड़क धंस गई। ग्रामीण इलाकों में कई जगह खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल डूब गई। मौसम विभाग ने 47 जिलों में बारिश और 9 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 60 किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिम विक्षोभ की वजह से मौसम बदल गया है। गुरुवार से इसका असर खत्म हो जाएगा, लेकिन 11 अप्रैल से नया विक्षोभ एक्टिव होगा। इससे मौसम फिर से बिगड़ेगा। तेज हवाओं के साथ बारिश होगी। तापमान में 4 से 6 डिग्री तक गिरावट आएगी। 9 अप्रैल को पूर्वी और पश्चिमी यूपी में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होगी। पूर्वी यूपी में आंधी के साथ ओले भी गिर सकते हैं। 10 अप्रैल को पूर्वी और पश्चिमी यूपी में मौसम साफ रहेगा।

## बांटने की नीति पर भाजपा और उसके सहयोगी दल: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगियों पर जोरदार हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि उनकी नीतियां समाज में विभाजन और भय का माहौल पैदा कर रही हैं। यादव बुधवार को कहा कि ये लोग 'बांटो और राज करो' की सोच पर काम कर रहे हैं और देश के लोगों को आपस में लड़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि कुछ संगठन अपनी पहचान छुपाकर समाज में सक्रिय हैं और लोगों के बीच दरार पैदा करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे तत्वों को 'अनरजिस्टर्ड गिरोह' करार देते हुए आरोप लगाया कि ये समाज में अस्थिरता फैलाकर जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाना चाहते हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि आम जनता शांति और भाईचारा चाहती है, लेकिन कुछ स्वार्थी लोग समाज में भय और अविश्वास का वातावरण बनाकर अपने राजनीतिक हित साधने में लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे लोग भोले-भाले लोगों को बहकाकर हिंसा और तनाव की स्थिति पैदा करते हैं। यादव ने दावा किया कि अब जनता इन तथ्यों को समझ रही है और ऐसे लोगों को अपने बीच जगह नहीं दे रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में जनता इन नीतियों को पूरी तरह खारिज कर देगी और देश में सकारात्मक बदलाव होगा।

## चित्रकूट में डिफेंस कॉरिडोर को मिली रफ्तार

चित्रकूट, वार्ता



■ सीएम योगी ने बीईएल को सौंपा 75 हेक्टेयर जमीन का आवंटन पत्र

यूपी के चित्रकूट में बन रहे डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को बड़ी गति मिली है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को 75 हेक्टेयर जमीन का आवंटन पत्र सौंपा। इस मौके पर बीईएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज जैन भी मौजूद रहे। सरकार के मुताबिक यह कदम चित्रकूट डिफेंस नोड के विकास में अहम माना जा रहा है।

बीईएल यहां करीब 562.5 करोड़ रुपये का निवेश कर अत्याधुनिक रक्षा निर्माण यूनिट लगाएगी। इस यूनिट में राडार और एयर डिफेंस सिस्टम तैयार किए जाएंगे। इससे 300 से ज्यादा लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा, जबकि आसपास के क्षेत्रों में अप्रत्यक्ष रूप से और भी रोजगार के अवसर बनेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस परियोजना से बुंद. ेलखंड क्षेत्र में औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार मिलने से पलायन भी कम होगा। उन्होंने यह भी कहा कि चित्रकूट, जो अब तक अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के लिए जाना जाता था, अब रक्षा निर्माण के बड़े केंद्र के रूप में भी उभर रहा है। सरकार का मानना है कि इस प्रोजेक्ट से आत्मनिर्भर भारत मिशन को मजबूती मिलेगी। देश में ही रक्षा उपकरण बनने से आयात पर निर्भरता घटेगी और स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही इस परियोजना से छोटे और मध्यम उद्योगों को भी फायदा होगा और नए निवेश के रास्ते खुलेंगे। चित्रकूट डिफेंस नोड में बीईएल की एंट्री उत्तर प्रदेश को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में एक मजबूत पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 77562.90
निफ्टी 23997.35



सोना 154485
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 244261
प्रति किलो



## युद्ध विराम की घोषणा से सेंसेक्स उछला

मुंबई, वार्ता



अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्ध विराम की घोषणा से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली और बीएसई का संसेक्स चार फीसदी के करीब उछल गया। संसेक्स की शुरुआत सुबह 2,674 अंक की मजबूती के साथ हुई। पूरे दिन यह 2,300 अंक से अधिक की बढ़त में रहा और अंत में 2,946.32 अंक (3.95 प्रतिशत) ऊपर 77,562.90 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 873.70 अंक यानी 3.78 फीसदी की तेजी में 23,997.35 अंक पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का 10 मार्च के बाद का उच्चतम स्तर है।

अमेरिका और ईरान में दो सप्ताह के लिए युद्ध विराम पर सहमति बनी है। इससे दुनिया भर में निवेश धारणा मजबूत हुई और शेयर बाजारों में तेजी रही। चौतरफा लिवाली के बीच ऑटो सेक्टर का सूचकांक साढ़े छह प्रतिशत से अधिक चढ़ा। रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों के लिए राहत के उपायों की घोषणा से बैंकिंग सेक्टर का सूचकांक साढ़े पांच प्रतिशत से ज्यादा मजबूत हुआ। रियलटी में पौने सात फीसदी की और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह में पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। धातु और मीडिया समूहों के सूचकांक भी ढाई से तीन प्रतिशत तक चढ़े। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 4.09 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 4.39 फीसदी की बढ़त में रहा। संसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर आठ फीसदी से ज्यादा उछल गया। एलएंडटी में साढ़े सात प्रतिशत और बजाज फाइनेंस में सात प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाइटन के शेयर छह से सात प्रतिशत चढ़े। बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक और इटरनल के शेयर पांच से छह फीसदी ऊपर बंद हुए। कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा स्टील में तीन से चार फीसदी की तेजी देखी गई। भारतीय स्टेट बैंक और ट्रेंट के शेयर दो से तीन प्रतिशत तक चढ़े। हिंदुस्तान यूनीलिवर, भारतीय एयरटेल, एनटीपीसी, आईटीसी और बीईएल के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच मजबूत हुए।

### सोना और चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** बुधवार पूर्वान्ह 11.24 बजे एमसीएक्स में 10 ग्राम सोने की कीमत 1,54,485 रुपये चल रही है। सोने ने अब तक 1,53,301 रुपये प्रति 10 ग्राम को लो और 1,54,485 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई बनाया है। केडिया एडवाइजरी ने बताया कि अगर ऐसी तेजी रही और युद्ध फिर से शुरू नहीं होता, तो 10 ग्राम सोने की कीमत 1,65,000- 1,70,000 रुपये तक जा सकती है। दोपहर 3.30 बजे एमसीएक्स में 1 किलो चांदी की कीमत 2,44,261 रुपये है। अगर इसे ऑल टाइम रिकॉर्ड से तुलना करें, तो चांदी में अब तक 1.75 लाख रुपये से ज्यादा गिरावट आ चुकी है। हालांकि आज सोना-चांदी दोनों में तेजी देखी जा रही है। आज सोने-चांदी में जबरदस्त उछाल के साथ ही शेयर बाजार में भी फिर से रौनक लौट आई है।

## चावल, दालों में तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता




घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल का औसत भाव चढ़ गया। दालों में भी तेजी रही। गेहूं में नरमी देखी गई, जबकि चीनी की कीमत लगभग अपरिवर्तित रही। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 22 रुपये बढ़कर 3,867 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया।

गेहूं नौ रुपये सस्ता हुआ और 2,771 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गयी। दाल-दलहनों में तेजी रही। मूंग दाल की औसत कीमत 18 रुपये और तुअर दाल की 16 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। उड़द दाल 15 रुपये और चना दाल 11 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल के दाम कमोबेश स्थिर रहे। अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्त्रा विराम पर सहमति बनने के बाद विदेशों में खाद्य तेलों में तीन प्रतिशत से अधिक की बड़ी गिरावट देखी गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 179 रिंगिट गिरकर 4,586 रिंगिट प्रति टन पर रहा। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.65 प्रतिशत फिसलकर 66.87 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 66 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल और वनस्पति के भाव 33.33 रुपये बढ़े। सूरजमुखी तेल 25 रुपये महंगा हुआ। पाम ऑयल 13 रुपये और सोया तेल छह रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी गत दिवस के स्तर पर टिकी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7696. 53 रुपये, मसूर काली 8074.67 रुपये, मूंग दाल 10159.39 रुपये, उड़द दाल 10802.25 रुपये, तुअर दाल 11287.87 रुपये प्रति क्विंटल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## अनुकंपा नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी देने वाली अनुकंपा नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है। अब फर्जीवाड़ा और देरी की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। सरकार ने मृतक आश्रित सेवायोजन मॉड्यूल शुरू कर दिया है, जो मानव सम्पदा पोर्टल पर काम करेगा। इस नई व्यवस्था से आश्रितों को घर बैठे आसानी से आवेदन करने की सुविधा मिलेगी। पहले यह प्रक्रिया ऑफिसों में फाइलों के चक्कर में फंस जाती थी। कई बार फर्जी दस्तावेज और सिफारिशों के चलते गलत लोगों को लाभ मिल जाता था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### ईरान के सामने...

रूप से खोलने पर सहमत होगा। उन्होंने कहा कि ईरान की ओर से मिले 10-सूत्री प्रस्ताव को वार्ता के लिए व्यावहारिक आधार माना गया है और अधिकांश मतभेदों को सुलझा लिया गया है। इस बीच, श्री अराघची ने पुष्टि की कि ईरान दो सप्ताह के युद्धविराम के लिए सहमत है और इस दौरान होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी। श्री अराघची ने युद्धविराम में भूमिका निभाने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने एक्स पर कहा कि इस्लामिक गणराज्य ईरान की ओर से मैं अपने प्रिय भाइयों, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ और फील्ड मार्शल मुनीर के क्षेत्र में युद्ध समाप्त करने के अथक प्रयासों के लिए आभार व्यक्त करता हूं। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि 10 अप्रैल से पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता शुरू होगी। परिषद ने यह भी स्पष्ट किया कि यह वार्ता युद्ध का अंत नहीं है और यदि किसी भी पक्ष की ओर से उल्लंघन हुआ तो ईरान कड़ा जवाब देगा। दूसरी ओर, श्री शरीफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि अत्यंत विनम्रता के साथ, मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि इस्लामिक गणराज्य ईरान और अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ मिलकर लेबनान और अन्य स्थानों सहित हर जगह तत्काल युद्धविराम के लिए सहमत हो गए हैं, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उन्होंने कहा कि मैं इस विवे. कपूर्ण कदम का हार्दिक स्वागत करता हूं और दोनों देशों के नेतृत्व के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। साथ ही, मैं उनके प्रतिनिधिमंडलों को शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 को इस्लामाबाद आमंत्रित करता हूं, ताकि सभी विवादों को सुलझाने के लिए एक निर्णायक समझौते के लिए आगे की बातचीत की जा सके। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया था, लेकिन अब युद्धविराम और प्रस्तावित वार्ता से कूटनीतिक समाधान की संभावना बनी है।

## आतंकी संगठनों से कथित संबंध रखने पर दो सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो सरकारी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इन पर पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े होने के आरोप हैं।

सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई 'आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत की गई है। बर्खास्तगी अनुच्छेद 311(2) (सी) के अंतर्गत की गई, जो सरकार को विशेष परिस्थितियों में बिना विभागीय जांच के कर्मचारियों को हटाने का अधिकार देता है। उपराज्यपाल ने स्पष्ट किया है कि सरकारी मशीनरी से आतंकवाद का पूरी तरह सफाया होने तक कार्रवाई जारी रहेगी। पहले बर्खास्त कर्मचारी की पहचान फरहत अली खांडे के रूप में हुई है, जो रामबन में शिक्षा विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। जांच में सामने आया कि वह हिजबुल मुजाहिदीन के लिए काम कर रहा था और सरकारी नौकरी को आड़ बनाकर क्षेत्र में आतंकी नेटवर्क मजबूत करने में जुटा था। वर्ष 2011 में एक हवाला नेटवर्क के खुलासे के दौरान उसका नाम सामने आया था, जो मारे गए आतंकियों के परिवारों तक पैसा पहुंचाने में लगा था। वर्ष 2022 में उसके खिलाफ विशेष अदालत में चार्जशीट भी दाखिल की गई थी। दूसरा बर्खास्त कर्मचारी मोहम्मद शफी डार हैं, जो बांदीपोरा में ग्रामीण विकास विभाग में कार्यरत था। जांच में सामने आया कि वह लश्कर-ए-तैयबा के लिए सहयोगी के रूप में काम कर रहा था सूत्रों के अनुसार, वह आतंकियों को सुरक्षित ठिकाने उपलब्ध कराने, उनकी आवाजाही में मदद करने, सुरक्षा बलों की गतिविधियों की जानकारी साझा करने और नेटवर्क तैयार करने में शामिल था।

## वीआरएस क्यों ले रहे हैं आईएएस

### बढ़ती प्रवृत्ति ने बढ़ाई यूपी सरकार की चिंता

■ हाल के महीनों में कई अफसरों ने समय से पहले सेवा छोड़ी

**लखनऊ।** उप्र में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लेने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। हाल के महीनों में कई अफसरों ने समय से पहले सेवा छोड़ने का विकल्प चुना है, जिससे प्रशासनिक गलियारों में यह चर्चा का विषय बन गया है। रिपोर्ट के अनुसार वीआरएस लेने के पीछे कई कारण सामने आ रहे हैं। इनमें कार्य का अत्यधिक दबाव, प्रशासनिक चुनौतियां और निजी कारण प्रमुख हैं। कई अधिकारी बेहतर अवसरों और निजी क्षेत्र में करियर बनाने के लिए भी यह कदम उठा रहे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ अधिक. ारी स्वास्थ्य कारणों और पारिवा. रिक जरूरतों के चलते भी समय से पहले सेवानिवृत्ति ले रहे हैं। वहीं कुछ मामलों में नौकरी के बढ़ते तनाव और सीमित संसाधनों के बीच काम करने की परिस्थितियां भी बड़ा कारण बन रही हैं। हाल के महीनों में केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति लेने की प्रवृत्ति भी बढ़ी है। अधिकारियों का मानना है कि केंद्र में काम करने से बेहतर समन्वय और अनुभव मिलता है। साथ ही करियर विकास के अवसर भी ज्यादा होते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बड़ी संख्या में अधिकारियों का वीआरएस लेना प्रशासनिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। पहले से ही अधिकारियों की कमी झेल रहे राज्य में यह स्थिति कामकाज को प्रभावित कर सकती है। सूत्रों के अनुसार, कई जिलों में प्रशासनिक अधिकारियों की कमी (लगभग 16 प्रतिशत तक) पहले से ही बनी हुई है। ऐसे में अनुभवी अधिकारियों का सेवा छोड़ना शासन-प्रशासन के लिए चुनौती बन सकता है। कुछ अधिकारियों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में कार्य का दबाव बढ़ा है और कामकाजी माहौल भी काफी चुनौतीपूर्ण हुआ है। यही वजह है कि कई अधिकारी वीआरएस को बेहतर विकल्प मान रहे हैं। राज्य के एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने बताया कि कुल मिलाकर उप्र में वीआरएस लेने की बढ़ती प्रवृत्ति प्रशासनिक तंत्र के लिए एक गंभीर संकेत है। जिस पर सरकार और नीति-निर्माताओं को ध्यान देने की जरूरत है। इतनी बड़ी सेवा में शामिल होने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है।

# राज्य में 10 अप्रैल से शुरू होगी पहले चरण की जनगणना

## सबसे पहले राज्यपाल और सीएम करेंगे अपने आवास की स्वगणना




- उत्तराखंड में जनगणना के प्रथम चरण मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना में तकरीबन 30,000 प्रगणकों तथा पर्यवेक्षकों की नियुक्ति होगी
- यह पूरी तरह डिजिटल डेटा कैप्चर के साथ स्व-गणना की सुविधा वाली भारत की पहली जनगणना है, स्व-गणना एक सुरक्षित और वेब आधारित सुविधा है, जो 16 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में पहले चरण की जनगणना की शुरुआत राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्रियों व अफसरों से की जाएगी। जनगणना निदेशालय ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत 10 अप्रैल को जैसे ही प्रदेश में स्वगणना शुरू होगी तो निदेशालय की टीम इन वीआईपी की स्वगणना कराएगी। जनगणना के पहले चरण के तहत वैसे तो मकान सूचीकरण व मकान गणना का काम 25 अप्रैल से शुरू होना है, लेकिन इससे ठीक 15 दिन पहले 10 अप्रैल से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रदेश में स्वगणना शुरू हो जाएगी। जनगणना निदेशालय से मिली जानकारी के मुताबिक, सबसे पहले राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्री, अधिकारियों के घरों की स्वगणना कराने की योजना है।

देहरादून में बुधवार को सूचना प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत पीआईबी देहरादून के सहयोग से जनगणना कार्य निदेशालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रेस वार्ता आयोजित की। निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, गृह मंत्रालय भारत सरकार इवा आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल 2026 से जनगणना-2027 के प्रथम चरण - मकानसूचीकरण और मकानों की गणना की शुरुआत कर दी है, जो देश के सबसे बड़े प्रशासनिक और सांख्यिकीय अभियान का आरंभ है। यह पूरी तरह डिजिटल डेटा कैप्चर के साथ स्व-गणना की सुविधा वाली भारत की पहली जनगणना है।

उत्तराखंड में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 25 अप्रैल से 24 मई के बीच 30 दिन की अवधि में पूरे राज्य में संचालित किया जाएगा तथा घर-घर सर्वेक्षण से पहले 10 अप्रैल से 24, अप्रैल 2026 के बीच 15 दिन की अवधि प्रदेशवासियों को स्व-गणना के लिए प्रदान की गई है, जिससे प्रदेशवासी अपने मोबाइल नंबर और बुनियादी क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके ऑनलाईन पोर्टल पर लॉग इन कर प्रगणक के आने से पहले बड़ी आसानी से अपना विवरण डिजिटल रूप से स्वयं दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना एक सुरक्षित और वेब आधारित सुविधा है, जो 16 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है।

उतराखंड में जनगणना की शुरुआत 10 अप्रैल को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रि) गुरमीत सिंह की स्व-गणना से की जाएगी। स्व-गणना एक सुरक्षित और वेब आधारित सुविधा है, जो 16 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है। जिनमें असमिया, बंगाली, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू शामिल है। इवा आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि दूसरे चरण में उत्तराखंड के हिमाच्छादित जिलों (चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, उत्तरकाशी) के 131 गांव और 3 नगरीय क्षेत्रों में जनगणना का कार्य माह सितंबर में किया जाएगा।

पहली बार उत्तरदाताओं को प्रगणकों के आने से पहले अपनी सुविधानुसार ऑनलाइन विवरण भरने का विकल्प उपलब्ध है। प्रगणक पिछली जनगणनाओं की तरह सभी आवंटित ब्लॉकों में घर-घर जाएंगे, जबकि स्व-गणना एक अतिरिक्त सुविधा के रूप में काम करेगी। स्व-गणना में भाग लेने के लिए व्यक्ति अपने मोबाइल नंबर और बुनियादी क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके म.बमदेने.हवअ.पद पोर्टल पर लॉग इन कर सकते हैं। सफलतापूर्वक फॉर्म सबमिट करने पर एक यूनीक सेल्फ-एनुमरेशन आईडी जनरेट हो जाती है, जिसे बाद में प्रगणक के फील्ड विजिट के दौरान उनसे साझा किया जा सकता है।

उत्तराखंड में जनगणना के प्रथम चरण में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना में तकरीबन 30000 प्रगणकों तथा पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाएगी, जिनके द्वारा तकरीबन 32000 मकानसूचीकरण ब्लाकों में घर-घर जाकर गणना कर कार्य किया जायेगाद्य वर्तमान में इन सभी प्रगणकों तथा पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण का कार्य पूरे राज्य में गतिमान हैं जिसके किये इन्हे 650 बैच में बांटा गया है इन्हे राज्य में नियुक्त 2 नेशनल ट्रेनर, 23 मास्टर ट्रेनर एवं 555 फील्ड ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

इस प्रेस वार्ता में एस. एस. नेगी, संयुक्त निदेशक, तान्या सेठ, उप निदेशक, आर के बनवारी, उप निदेशक एवं प्रवीन कुमार उप निदेशक एवं पीआईबी देहरादून की ओर से संजीव सुन्द्रियाल, सहायक निदेशक उपस्थित रहे।

# रेवेन्यू-रजिस्ट्री के बाद सिविल कोर्ट में भी हड़ताल

- दून बार एसोसिएशन बनाम डीएम विवाद, मांग पर अड़े अधिवक्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दून बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रेमचंद शर्मा के खिलाफ जिलाधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई से अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी है. रेवेन्यू, रजिस्ट्री से संबंधित कार्यों के बहिष्कार के बाद अब सिविल कोर्ट के कार्यों से भी अधिवक्ताओं ने मुंह मोड़ लिया है. इससे कोर्ट आने वाले फरियादियों को बैरंग लौटना पड़ रहा है. एसोसिएशन ने बैठक कर निर्णय लिया है कि जब तक मुख्यमंत्री से वार्ता नहीं होती, तब तक जिलाधिकारी न्यायालय का पूर्ण रूप से बहिष्कार रहेगा।

बार एसोसिएशन का कहना है कि, जिलाधिकारी देहरादून के अधीन आने वाले राजस्व न्यायालय और तहसील में भ्रष्टाचार व्याप्त है. तहसील में दाखिल खारिज, विरासत आदि की पत्रावलियां जो कई महीनो से लंबित है और राजस्व न्यायालयों जिसमें एडीएम (एफ) आदि में सुनवाई के लिए कोई समय नियत नहीं है, उस पर जिलाधिकारी देहरादून द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। गौरतलब है कि 4 अप्रैल को देहरादून बार एसोसिएशन ने बैठक कर निर्णय लिया था कि जिलाधिकारी देहरादून के जिला देहरादून से ट्रांसफर होने तक जिलाधिकारी न्यायालय का पूर्ण रूप से बहिष्कार और 7 अप्रैल तक राजस्व न्यायालयों और रजिस्ट्रार कार्यालयों का पूर्ण रूप से बहिष्कार किया जाता है. जिसके बाद एसोसिएशन की बैठक दोबारा हुई और निर्णय लिया गया है कि जब तक मुख्यमंत्री से वार्ता नहीं होती तब तक पूरी तरह से सभी अधिवक्ता हड़ताल पर रहेंगे। दरअसल, 25 मार्च को कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में मैसेज दून वैली बनाम सरकार वाद की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता प्रेमचंद शर्मा ने न्यायालय की कार्रवाई पर टिप्पणियां की थी. जिला मजिस्ट्रेट ने इसे न्यायालय की गरिमा के प्रतिकूल और पेशेवर आचरण के गंभीर उल्लंघन के रूप में दर्ज किया है।

# चकराता में स्कूल से गायब शिक्षक पर गिरी निलम्बन की गाज



- उप शिक्षा अधिकारी की प्रारंभिक जांच में प्रथम दृष्टया पाए गए दोषी
- सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का शिक्षा मंत्री डा. रावत ने लिया संज्ञान

> शिक्षा विभाग में अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी कर्मचारी अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतेगा या विभाग की छवि को धूमिल करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विद्यालयों में नियमित निरीक्षण के लिये सभी जनपदों के सीईओ को निर्देश दे दिये गये हैं, ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनी रहे।
>
> **डॉ. धन सिंह रावत, विद्यालयी शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** जनपद देहरादून के चकराता विकासखण्ड के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय डिरनाड़ में तैनात सहायक अध्यापक हरपाल सिंह के खिलाफ विभाग ने सख्त कदम उठाते हुये उन्हें तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और ग्रामीणों की शिकायत पर उप शिक्षा अधिकारी चकराता द्वारा की गई जांच में उक्त शिक्षक बिना कोई अवकाश स्वीकृत कराये विद्यालय से अनुपस्थित पाये गये साथ ही पूर्व से ही उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर करने के भी दोषी पाये गये। जिसके आधार जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर बीईओ कार्यालय चकराता में सम्बद्ध कर दिया है।

विद्यालयी शिक्षा विभाग में कतिपय कर्मचारी अनुशासन को ताक पर रखकर विभाग की छवि धूमिल करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे में अब सरकार आरोपी कार्मिकों को किसी भी सूरत में बख्शने के मूड़ में नहीं है। इसी कड़ी में सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुये सूबे के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विद्यालय से गायब शिक्षक प्रकरण की तत्काल जांच के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। उप शिक्षा अधिकारी चकराता द्वारा की गई जांच में प्रथम दृष्टया सहायक अध्यापक हरपाल सिंह दोषी पाये गये।

जांच रिपोर्ट में 06 एवं 07 अप्रैल 2026 को हरपाल सिंह बिना किसी पूर्व अनुमति के विद्यालय से अनुपस्थित पाए गए। साथ ही, सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो एवं स्थानीय ग्रामवासियों की शिकायतें सही पाई गई।

# सीएम ने 25वीं ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स क्लस्टर चैंपियनशिप का किया शुभारंभ





- प्रतियोगिता में देशभर की 19 टीमों के 440 से अधिक महिला एवं पुरुष खिलाड़ी कर रहे प्रतिभाग
- देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आए पुलिस बलों के खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं खेल प्रेमियों का उत्तराखंड में किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को वाटर स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर इंस्टीट्यूट, टिहरी गढ़वाल में आयोजित 25वीं ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स क्लस्टर चौंपियनशिप का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आए पुलिस बलों के खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं खेल प्रेमियों का देवभूमि उत्तराखंड में स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि यह उत्तराखंड के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि राज्य को पहली बार इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी का अवसर प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री ने अखिल भारतीय पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करते हैं, बल्कि राज्य को साहसिक खेलों और पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में देशभर की 19 टीमों के 440 से अधिक महिला एवं पुरुष खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं, जो कैनोइंग, रोइंग एवं कयाकिंग की विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के जवान देश की सुरक्षा, कानून व्यवस्था और जनविश्वास को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उनका शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल फिटनेस को बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और कठिन परिस्थितियों में कार्य करने की क्षमता भी विकसित करते हैं।

इस अवसर पर विधायक किशोर उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष टिहरी इशिता सजवान, अध्यक्ष नगर पालिका टिहरी गढ़वाल मोहन सिंह रावत, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, एडीजी आईटीबीपी संजय गुंज्याल, आईजी नॉर्दन फ्रंटियर आईटीबीपी मनु महाराज, आईजी सीआरपीएफ दिनेश उनियाल, आईजी आईटीबीपी एकेडमी गिरीश चंद्र उपाध्याय, जिलाधिकारी टिहरी नीतिका खण्डेलवाल और एसएसपी श्वेता चौबे मौजूद थे।

### कहा - प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट जैसे अभियानों ने देश में खेल संस्कृति को किया मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट जैसे अभियानों ने देश में खेल संस्कृति को मजबूत किया है और युवाओं में खेलों के प्रति नया उत्साह पैदा किया है। राज्य सरकार भी खेलों को बढ़ावा देने तथा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ने हाल ही में 38वें राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन कर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है और राज्य देवभूमि के साथ-साथ खेलभूमि के रूप में भी उभर रहा है। राज्य में आधुनिक खेल अवसंरचना का तेजी से विकास हो रहा है तथा भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं।

# कॉरिडोर परियोजनाओं के तहत कार्यों को दें रफ्तार: धामी



- मुख्यमंत्री ने की राज्य की महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को उत्तराखंड निवेश और आधारभूत संरचना विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) की चौथी बैठक के दौरान राज्य की महत्त्वपूर्ण अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हरिद्वार गंगा कॉरिडोर, शारदा रिवरफ्रंट कॉरिडोर तथा ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजनाओं के अंतर्गत कार्यों में तेजी लाई जाए और इन्हें प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में यूआईआईडीबी के गठन का मुख्य उद्देश्य निवेश को बढ़ावा देना तथा आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सभी संबंधित विभाग गंभीरता, समन्वय और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें। उन्होंने परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही प्रक्रियात्मक जटिलताओं को दूर करने के लिए कार्यों के सरलीकरण पर विशेष बल दिया, ताकि परियोजनाएं समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतर सकें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी छह माह के भीतर इन परियोजनाओं के तहत कार्यों की वास्तविक प्रगति दिखाई देनी चाहिए। इसके लिए प्रत्येक परियोजना की स्पष्ट टाइमलाइन निर्धारित की जाए तथा तय समयसीमा के भीतर कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग एवं समीक्षा करने के भी निर्देश दिए, ताकि किसी भी स्तर पर देरी न हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शारदा कॉरिडोर योजना के कार्यों में तेजी लाए जाने के लिए परियोजना के लिए भूमि की उपलब्धता के साथ इस क्षेत्र की भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशीलता का भी अध्ययन कर सुरक्षात्मक उपायों की प्राथमिकता पर ध्यान दिए जाने को कहा। उन्होंने कहा कि शारदा नदी के किनारे रिवर फ्रंट के विकास तथा घाटों के सौंदर्यीकरण से इस क्षेत्र में आनेवाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को भी बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से आगामी हरिद्वार कुंभ को ध्यान में रखते हुए गंगोत्री से हरिद्वार तक गंगा स्वच्छता के साथ हरिद्वार एवं ऋशिकेश के घाटों की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद् विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगौली, नितेश झा, दिलीप जावलकर, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, विनय शंकर पाण्डेय, डॉ. आर. राजेश कुमार, बृजेश संत, धीराज गर्ब्याल, रणवीर सिंह चौहान, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, विशेष सचिव अजय मिश्रा एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने कुंभ मेले की तैयारियों एवं जिला योजना के सफल क्रियान्वयन को दिए 1200 करोड़

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कुम्भ मेला-2027 के तहत अवस्थापना सुविधाओं के विकास में तेजी लाये जाने तथा जिला योजना के सफल क्रियान्वयन को 1200 करोड़ की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री द्वारा कुम्भ मेला-2027 के तहत अवस्थापना सुविधाओं के विकास में तेजी लाये जाने के लिए विभिन्न विभागों की 28 महत्वपूर्ण योजनाओं को 282.29 करोड़ की योजनाओं का अनुमोदन प्रदान किया गया है। कुम्भ मेला-2027 को दिव्य एवं भव्य स्वरूप देने की दिशा में राज्य सरकार का यह महत्वपूर्ण प्रयास है।

इसके साथ ही, मुख्यमंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 की जिला योजना संरचना के अंतर्गत राज्य के सभी जनपदों को कुल 1018.21 करोड़ की धनराशि जनपदवार आवंटित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# मुख्य सचिव ने ली चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक

- सम्बन्धित विभागों से ली स्थिति की जानकारी
- विभागीय उच्चाधिकारियों और जिलाधिकारियों को दिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव ने बुधवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्त्वपूर्ण बैठक ली। मुख्य सचिव ने पुलिस, लोनिवि, स्वास्थ्य विभाग आदि को अपने स्तर से पूर्ण तैयारियां सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि पुलिस विभाग को जाम वाले स्थलों तथा स्लाईडिंग जोन का चिन्हित कर पुलिस बल तैनात किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रैफिक जाम और लैंड स्लाइडिंग जैसे अन्य कारणों से मार्ग बाधित होने के कारण लगने वाले जाम से बचने के लिए बड़े होल्डिंग एरिया चिह्नित कर यात्रियों को रुकने और खाने की सम्पूर्ण व्यवस्थाएं रखी जाएं ताकि यात्रियों को किसी प्रकार को असुविधा न हो। उन्होंने यातायात संकुलन और मौसम की जानकारी सहित महत्वपूर्ण जानकारियां लगातार वॉकी-टॉकी सहित एसएमएस से जानकारी उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, यात्रा के लिए रजिस्टर्ड नंबर पर वॉट्सएप चलाया जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन के दौरान यात्रियों को 'सचेत ऐप' अनिवार्य रूप से डाउनलोड कराया जाए। उन्होंने पुलिस सहित अन्य सभी सम्बन्धित विभागों को अपनी विभागीय योजनाओं में नए रूट्स और कनेक्टिविटी को भी शामिल किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने आपदा प्रबन्धन विभाग के मैसेजिंग एलर्ट मैकेनिज्म का प्रयोग भी यात्रा मार्ग में यात्रियों को जानकारियां उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आपात स्थिति में हैली सेवाओं के माध्यम से बचाव एवं रेस्क्यू का उचित प्रबन्धन सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक दीपक सेठ, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव शैलेश बगौली, नितेश कुमार झा, सचिन कुर्वे, डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरूषोत्तम, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, विनय शंकर पाण्डेय, विनोद कुमार सुमन, धीराज गर्ब्याल, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी आदि मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायतों का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : कौशिक



- पंचायती राज मंत्री ने की विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के पंचायती राज मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि हमारे प्रदेश में 7817 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रकार के विकासात्मक कार्य कराये जाते रहे हैं। ग्राम पंचायत पंचायतीराज के सबसे छोटी इकाई है इसलिए इसका विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बन जाता है

पंचायती राज मंत्री ने कहा कि विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। पंचायती राज मंत्री ने कहा कि हमारे प्रदेश में 7817 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रकार के विकासात्मक कार्य कराये जाते रहे हैं।

ग्राम पंचायत पंचायतीराज के सबसे छोटी इकाई है इसलिए इसका विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बन जाता है। उन्होंने कहा कि गांवों का परीक्षण कर बिन्दुवार प्राथमिकता वाले कार्यों को पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हर ब्लॉक में लगभग 05 गांवों को मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जाए तथा इन्हीं के आधार पर अन्य ग्राम पंचायतों को विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में ड्रेनेज, एवं कूड़ा निस्तारण प्रबंधन को बेहतर बनाया जाए तथा जिन ग्राम पंचायत में पंचायत भवनों का अभाव है वहां पंचायत भवनों का निर्माण किया जाए। इस अवसर पर विशेष सचिव पंचायतीराज पराग मधुकर धकाते, निदेशक निधि यादव, अपर सचिव श्याम सिंह तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# हरिद्वार को मिलेगा आधुनिक रोपवे सिस्टम



- सचिवालय में बनी आगे की रणनीति
- मुख्यमंत्री के निर्देशों पर सचिव आवास डॉ. आर. राजेश ने की बैठक, डीपीआर स्तर पर आगे बढ़ाने के निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों में सचिव आवास डॉ. आर. राजेश कुमार ने बुधवार को राज्य सचिवालय में उत्तराखंड मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा हरिद्वार शहर में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड रोपवे परियोजना की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में परियोजना के क्रियान्वयन, लागत, भूमि हस्तांतरण, कन्सेशन अवधि और वित्तीय व्यवहार्यता समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सचिव आवास ने अधिकारियों को परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

**प्रति किलोमीटर लागत लगभग 75 करोड़:** समीक्षा बैठक में सचिव आवास डॉ. आर. राजेश कुमार ने परियोजना की प्रति किलोमीटर लागत के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इस पर प्रबंध निदेशक द्वारा बताया गया कि रोपवे स्टेशन, कार्यशाला और भूमि तथा अन्य आवश्यक क्लीयरेंस को छोड़कर परियोजना की संरचना के निर्माण कार्य की अनुमानित लागत लगभग 75 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर आंकी गई है। अधिकारियों ने बताया कि यह लागत केवल निर्माण कार्य से संबंधित है, जबकि भूमि, स्टेशन निर्माण और अन्य व्यवस्थाएं अलग से शामिल होंगी। बैठक में परियोजना के तकनीकी और वित्तीय पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

**उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की भूमि का मुद्दा उठा:** बैठक में रोपवे परियोजना के लिए आवश्यक भूमि के विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित रोपवे स्टेशन के लिए जिस भूमि की आवश्यकता है, वह उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग के स्वामित्व में है। इस पर सचिव आवास ने निर्देश दिए कि उत्तराखंड शासन के सिंचाई विभाग के माध्यम से उत्तर प्रदेश शासन को पुनः पत्र भेजा जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व में इस विषय में प्रस्ताव भेजा जा चुका है, इसलिए अब अनुस्मारक पत्र के माध्यम से प्रमुख सचिव सिंचाई, उत्तराखंड शासन द्वारा उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग से प्रस्तावित भूमि को 1 रुपये प्रतिवर्ष की दर से 99 वर्षों की लीज पर आवास विभाग, उत्तराखंड शासन को हस्तांतरित कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए।

बैठक में परियोजना की कन्सेशन अवधि की भी समीक्षा की गई। वर्तमान में परियोजना के लिए 30 वर्ष की कन्सेशन अवधि प्रस्तावित है।

### पीपीपी मॉडल पर बनेगा आधुनिक रोपवे

बैठक के दौरान उत्तराखंड मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक बृजेश कुमार मिश्रा ने हरिद्वार में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड रोपवे परियोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का क्रियान्वयन और संचालन सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के अंतर्गत डीबीएफओटी आधार पर किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तुतीकरण में परियोजना की संरचना, संभावित मार्ग, निर्माण कार्य और संचालन व्यवस्था की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना से हरिद्वार शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के साथ ही श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आधुनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

# कुमाऊं में लोगों ने निकाले गर्म कपड़े

## झमाझम बारिश: अल्मोड़ा के पांडवखोली की चोटी पर गिरी बर्फ की फाहें

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** जिले में बेमौसमी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लगातार हो रही बारिश ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। आलम यह है लोगों को अप्रैल में भी गर्म कपड़े निकालने पड़ रहे है। वहीं, जिले की सबसे ऊंची पर्वतमाला भरतकोट के साथ ही पांडवखोली की चोटी पर बारिश के साथ सीजन का तीसरा हिमपात हुआ है।

अल्मोड़ा में बीते कुछ दिनों से आसमान में बादलों को जमावड़ा लग रहा था। लेकिन बारिश नहीं हो रही थी। इससे गर्मी के साथ उमस बढ़ रही थी। इधर, बुधवार तड़के जिलेभर में झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। बारिश के चलते लोग घरों के अंदर दुबकने को मजबूर रहे। लगातार



हो रही बारिश से तापमान में भी काफी गिरावट आ गई है। जिस कारण गर्मी के मौसम में भी लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है। दिन भर बारिश का असर बाजार में भी देखने को मिला। बाजार समय से पहले सुनसान हो गई। वहीं, काम काजी लोगों को बारिश के चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिला आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी अनुसार अल्मोड़ा का अधि. कतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### पेड़ गिरने से यातायात हुआ बाधित

कफड़खान मुख्य मार्ग पर बुधवार को एक विशालकाय पेड़ गिरने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। जिससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। स्थानीय लोगों द्वारा मार्ग अवरुद्ध होने की सूचना अग्निशमन केंद्र अल्मोड़ा को दी गई। सूचना मिलते ही प्रभारी फायर स्टेशन के निर्देशन में फायर सर्विस यूनिट तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। टीम ने वुडन कटर की सहायता से पेड़ को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर सड़क से हटाया। जिसके बाद मार्ग में यातायात सुचारू हो सका।

### अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश

**अल्मोड़ा।** जिले भर में बारिश को देखते हुए डीएम अंशुल सिंह ने अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। बुधवार को उन्होंने जिले के सभी उप जिला. धिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद में नामित समस्त आईआरएस अधिकारियों, जनपद स्तरीय अधिकारियों तथा लोक निर्माण विभाग के सभी खंडों के अधिशासी अभियंता अपने-अपने मुख्यालयों पर उपस्थित रहकर अलर्ट मोड में कार्य करें। जेसीबी संचालकों को भी अलर्ट मोड में रखते हुए, अवरुद्ध मोटर मार्गों को तत्काल सुचारू करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की आपदा व आकस्मिक घटना की स्थिति में संबंधित अधिकारी तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

### सल्ट में सबसे अधिक 13 एमएम बारिश

अल्मोड़ा। नगर व आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को सुबह से ही झमाझम बारिश शुरू हो गई थी। आपदा कंट्रोल से मिली जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा 3.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। जबकि विकासखड़ चौखुटिया में 05 मिमी बारिश दर्ज हुई। वहीं, रानीखेत में 9.3 एमएम, सोमेश्वर में 6.0 एमएम, भिकियासैंण में 12 एमएम, द्वाराहाट में 1.5 एमएम, जागेश्वर में 10 एमएम और सबसे अधिक सल्ट में 13 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई।

## एक नजर

### सोमेश्वर से लापता नाबालिग बरामद

**अल्मोड़ा।** कोतवाली सोमेश्वर व ऑपरेशन स्माइल टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षेत्र से गुमशुदा नाबालिग बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बीते 5 अप्रैल को सोमेश्वर निवासी एक व्यक्ति ने अपने 17 वर्षीय बालक के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में गुमशुदगी दर्ज की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए खोजबीन शुरू की। लगातार सुरागरसी के बाद 8 अप्रैल को बालक को रोडवेज बस स्टेशन हल्द्वानी से बरामद किया गया। बच्चे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।

### पेंशन भुगतान में देरी पर पेंशनर्स का धरना

**अल्मोड़ा।** लोक निर्माण विभाग के नियमित अधिष्ठान के फील्ड कर्मचारियों को बीते 01 जनवरी से पेंशन भुगतान न होने के विरोध में पेंशनर्स ने चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में बुधवार को धरना दिया। प्रदर्शन में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी पहुंचे और नारेबाजी की। पेंशनर्स ने शीघ्र भुगतान की मांग करते हुए चेतावनी दी कि 14 अप्रैल तक समाधान न होने पर 15 अप्रैल को पुन: आंदोलन किया जाएगा। गवर्नमेंट पेंशनर्स वेल्केयर ऑर्गनाइजेशन ने भी समर्थन दिया। वक्ताओं ने इसे अन्याय बताते हुए शासन-प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की। धरने के बाद मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया।

### स्थापना दिवस जयंती को लेकर बनी रणनीति

**अल्मोड़ा।** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई की बुधवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में विगत कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। पदाधिकारियों ने जनसंपर्क अभियानों, संगठन विस्तार और बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। विशेष रूप से पार्टी के स्थापना दिवस सप्ताह और डा. भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक में कार्यकर्ताओं से केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। बैठक में संगठनात्मक अनुशासन, सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करने पर बल दिया गया।

### लंबित मामलों के निस्तारण पर सख्ती के निर्देश

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोडके ने थाना भतरौजखान, चौकी भिकियासैंण व पुलिस सहायता केंद्र मरचुला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीएनएस कक्ष, मालखाना, बंदी गृह, बैरिक व भोजनालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। मिली जानकारी अनुसार निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने लंबित विवेचनाओं, शिकायतों व वारंटों की समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बीट पुलिसिंग मजबूत करने, सत्यापन अभियान तेज करने व नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही निर्माणाधीन चौकी भवन की गुणवत्ता व प्रगति की समीक्षा कर समय पर कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया।

### अनियंत्रित होकर सुरक्षा दीवार से टकराया ट्रक

**अल्मोड़ा।** नगर के गैस गोदाम लिंक मोटर मार्ग पर बुधवार को एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी सुरक्षा दीवार से जा टकराया। दुर्घटना के चलते ट्रक मार्ग के बीचों-बीच फंस गया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक अचानक संतुलन खो बैठा और तेज आवाज के साथ दीवार से टकरा गया। हादसे के बाद मार्ग पर वाहनों की कतार लग गई। राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही पुलिस व संबंधित विभागीय टीम मौके पर पहुंची। फंसे ट्रक को हटाकर यातायात को सुचारु किया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### उत्तराखंड आंदोलनकारियों का प्रदर्शन

**बागेश्वर।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने बुधवार को उत्तराखंड क्रांतिक दल की अगुवाई में जिलाधिकारी कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया, जिसमें राज्य निर्माण से जुड़े मुद्दों, मूलभूत सुविधाओं और जनहित से संबंधित कई महत्वपूर्ण मांगें शामिल रहीं। आंदोलनकारियों ने कहा कि पृथक पर्वतीय राज्य के लिए लंबे संघर्ष के बावजूद आज भी कई मूलभूत अपेक्षाएं अधूरी हैं। उन्होंने राज्य की स्थायी राजधानी गैरसैंण में स्थापित करने की मांग उठाई, ताकि पर्वतीय क्षेत्रों की भावनाओं और राज्य आंदोलन के उद्देश्यों का सम्मान हो सके। परिसीमन के मुद्दे पर उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल जनसंख्या के आधार पर नहीं, बल्कि पर्वतीय जनपदों की भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों को उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। प्रदर्शनकारियों ने राज्य आंदोलन के शहीदों की स्मृति में बने स्थलों के संरक्षण और समुचित देखरेख की भी मांग की। साथ ही बागेश्वर और पिथौरागढ़ जैसे पर्वतीय जनपदों में भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए विकास योजनाओं में विशेष प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। पर्वतीय क्षेत्रों में वन्यजीवों के बढ़ते आतंक पर चिंता जताते हुए बंदरों, जंगली सूअरों और अन्य जानवरों से फसलों को हो रहे नुकसान पर प्रभावी कानून लागू करने और किसानों को राहत देने की मांग की गई। इस दौरान रमेश पांडे, भुवन कांडपाल, लीलाधर पांडा, राजेंद्र सिंह, मंगल सिंह, मोहन सिंह सहित कई आंदोलनकारी मौजूद रहे।

# निजी स्कूलों के खिलाफ खोला मोर्चा

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर एबीवीपी ने मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने डीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। निजी स्कूलों पर मनमानी और नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। ज्ञापन में कहा कि जिले के कई निजी स्कूल शिक्षा के अधिकार व राज्य सरकार की ओर से निर्धारित नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के फीस में निरंतर बढ़ोत्तरी की जा रही है। यहां तक की ड्रेस, कॉपी और किताबें भी स्कूल से ही खरीदने पर बाध्य किया जा रहा है। इसका बोझ अभिभावकों पर पड़ रहा है। ब्लॉक स्तर पर शिकायत करने के बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।



कहा कि कई स्कूल तो ऐसे हैं जो बिना वैध मान्यता के ही संचालित हो रहे हैं।

मान्यता के अनुरूप आवश्यक मानकों का पालन भी नहीं किया जा रहा है। स्कूल एनसीईआरटी की जगह अन्य निजी पुस्तकों का प्रयोग कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने मामले में कार्रवाई की मांग उठाई। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में एसएसजे विवि महासंघ सचिव निखिल कपकोटी, पूर्व महासंघ अध्यक्ष वरुण कपकोटी, राहुल कनवाल, रोहित कुमल्टा, मनीष राय, करण बिष्ट, दीपक लो. हनी, जया, लक्ष्मी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बागेश्वर में पहाड़ियों पर हुई बर्फबारी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** जिले में बुधवार सुबह से मौसम ने अचानक करवट बदल ली। सुबह करीब पांच बजे से ही पूरे जिले में झमाझम बारिश शुरू हो गई, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया। वहीं कपकोट के मल्लादानपुर की ऊंचाई वाली पहाड़ियों में बर्फबारी दर्ज की गई, जिससे ठंड का असर और बढ़ गया है। बारिश और बर्फबारी के चलते तापमान में भारी गिरावट आई है। जहां अप्रैल माह में सामान्यत: तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है, वहीं अब यह गिरकर 11 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। ठंड इतनी बढ़ गई कि लोगों को फिर से सर्दियों जैसे हालात महसूस होने लगे। लोग अंगीठी जलाकर गर्मी ले रहे हैं और जैकेट व स्वेटर निकालने पर मजबूर हो गए हैं। इस बेमौसम बारिश का असर किसानों पर भी पड़ रहा है। जौ, मसूर और फल उत्पादन को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल के अनुसार, मौसम विभाग ने बुधवार के लिए जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि गुरुवार के लिए येलो अलर्ट घोषित किया गया है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

## शामा में भूख हड़ताल जारी

**बागेश्वर।** शामा क्षेत्र में शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों का आंदोलन तेज हो गया है। आंदोलन स्थल पर नंदन सिंह की भूख हड़ताल लगातार जारी है, जिसे क्षेत्र के लोगों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में क्षेत्र के लोगों का एक शिष्टमंडल जिला पंचायत सदस्य विजया गोस्वामी के नेतृत्व में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे से मिला और उन्हें दस सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जल्द से जल्द शामा से शराब की दुकान हटाने की मांग दोहराई गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यह मांग पहले भी कपकोट में आयोजित बहुद्देशीय शिविर में उठाई जा चुकी है तथा एक अप्रैल से भूख हड़ताल शुरू करने की पूर्व सूचना प्रशासन को दे दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि एक महीने पहले ताला. बंदी के बाद प्रशासन ने एक माह के भीतर दुकान हटाने का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि दुकान पर 18 वर्ष से कम उम्र के लड़कों द्वारा ओवर रेट पर शराब बेचे जाने के प्रमाण उनके पास मौजूद हैं। साथ ही, दुकानदार द्वारा सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं, जिससे अनियमित. ताओं को बढ़ावा मिल रहा है। आंदोलनकारियों ने न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए दुकान से 200 मीटर की दूरी पर शांतिपूर्ण धरना दिया है। उन्होंने आबकारी नीति 2024-25 के तहत शराब की दुकान हटाने के नियमों की प्रति भी जिलाधिकारी को सौंपी। उधर, शामा रामलीला मैदान में जारी नंदन सिंह के क्रमिक अनशन को क्षेत्र के लोगों का लगातार समर्थन मिल रहा है। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट कहा है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा।

# फर्जीवाड़ा करने वाला धरा

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** फर्जी मुहर से फर्जी निजी वाहन में डीजल भरवाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी न्यायिक लिपिक



को दो साल बाद पिथौरागढ़ से दबोचा। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2020 में नायब तहस. ीलदार दीवान सिंह सलाल ने कोतवाली अल्मोड़ा में एक तहरीर सौंपी थी। तहरीर में कहा कि कौशिक बनौला, निवासी बानठोक, भनोली धौलछीना निवासी तहसील भनोली में न्यायिक लिपिक पद पर कार्यरत था। बताया कि आरोपी ने भनोली तहसीलदार के पदनाम की राजकीय मोहर का दुरुप्रयोग किया। दन्या के एक पैट्रोल पंप में फर्जी मांग पत्र देकर निजी वाहन में 1041 रुपये का डीजल भरा लिया। मामला सामने आया तो तहसीलदार भनोली ने जांच कर आख्या भेजी। रिपोर्ट के आधार पर दन्या पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। आरोपी बीते दो वर्ष से फरार चल रहा था। इधर, एसओ दन्या दिनेश नाथ महंत ने टीम के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। टीम में एसओजी प्रभारी सुनील धानिक, जगत सिंह, राकेश भट्ट, राजेश भट्ट भी शामिल थे।

# रेखा आर्या ने सुनीं जनसमस्याएं

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को विस क्षेत्र के मनान का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने देवी मंदिर में आयोजित जन मिलन कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।



कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री के समक्ष सड़क निर्माण, राशन कार्ड में नाम जोड़ने और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को सहायता दिलाने आदि मांगों को रखा। मंत्री आर्या ने कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करते हुए शेष लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता है। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र में सड़क निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों के लिए विधायक निधि से 13.50 लाख रुपये देने के घोषणा की। यहां मंडल अध्यक्ष सुंदर राणा, विधायक प्रति. निधि भुवन जोशी, प्रधान मनोज कुमार, क्षेत्र पंचायत सदस्य संजय राम, मंडल महामंत्री कृष्णा भंडारी, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख गोपाल खोलिया, महेश पांडे, प्रकाश पांडे, दीपक कुमार, अशोक कुमार, पंकज बरेली, दीवान, भूपाल मेहरा, कुंदन गिरी, श्याम सिंह रौतेला, प्रकाश नेगी, हिमांशु कोहली, प्रकाश बिष्ट, नवीन उप्रेती, भागवत राम, रमेश पांडे आदि मौजूद रहे।

## स्लैब टूटी होने से बड़ी दुर्घटना की आशंका

**काशीपुर।** अखिल भारतीय पाल महासभा के जिलाध्यक्ष सुंदर लाल पाल ने सुभाष नगर में व्याप्त समस्याएं बताते हुए इनके निराकरण की मांग उठाई है। उन्होंने बताया कि उदय वाटिका के समीप स्लैब टूटी होने से बच्चों के साथ किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका है। कुछ स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। नगर निगम प्रशासन को इस बारे में अवगत करवाये जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि एक महीने में समस्याओं का निराकरण न होने पर एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

**पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०**

**निविदा संख्या 27, 28 एवं 29/2025-26 की समयवृद्धि सूचना प्रथम**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा संख्या EE(O&M)/PTCUL/400KV/KSP/27,28,29/2025-26 अपरिहार्य कारणवश विस्तारित की जाती है। निविदा डाउनलोडिंग की अन्तिम तिथि क्रमश: 15.04.2026 तक तथा निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 20.04.2026 को 17:00 बजे तक एवं निविदा खुलने की तिथि 22.04.2026 को 17:00 बजे तक विस्तारित की जाती हैं।

निविदा सम्बन्धी जानकरी वेबसाइट www.ptcul.org एवं मोबाइल सं0 917503394904 से प्राप्त की जा सकती हैं। उक्त निविदाओं की शेष नियम व शर्ते यथावत् रहेंगे।

'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'

अधिशासी अभियंता
400के0वी0(परि0एवं अनु0) खण्ड
काशीपुर

संख्या: 315/अधि0अभि0(का)/
दिनांक: 08/04/2026

## नगर निगम में नवनियुक्त सफाई निरीक्षकों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**काशीपुर।** डॉ. रघुनांदन सिंह टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी नैनीताल द्वारा शहरी विकास निदेशालय के नवनियुक्त सफाई निरीक्षकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम काशीपुर में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जहाँ प्रशिक्षुओं ने निगम की कार्यप्रणाली को समझा। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने नगर निगम के प्रशासनिक ढांचे, स्वच्छता प्रबंधन और अपशिष्ट निस्तारण की नवीनतम तकनीकों का बारीकी से अवलोकन किया। प्रशिक्षुओं ने 10 एमएलडी प्लांट का दौरा कर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, फेकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट और को-ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली और तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान नालियों की सफाई की व्यवस्था और जन-स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों पर सीधे फील्ड अधिकारियों से संवाद किया। सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट ने निगम के कूड़ा कलेक्शन वाहनों में लगे छह प्रकार के डस्टबिन के माध्यम से कूड़े के पृथक्कीकरण की जानकारी साझा की। इस अवसर पर नगर आयुक्त रविन्द्र सिंह बिष्ट, एटीआई नैनीताल से पाठ्यक्रम निदेशक मनोज पाण्डेय, सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल शाह, सहायक नगर आयुक्त शालिनी नेगी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम AABU से बदलकर AABU SINGH रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

Aabu Singh
S/o Kishan Singh
Kundesara, Kashipur,
Distt. Udham Singh Nagar,
Uttarakhand.

# साइबर अपराधियों पर ताबड़तोड़ एक्शन

## फर्जी सिम कार्ड के ज़रिए म्यूल अकाउंट्स से ठगी की रकम, इधर-उधर करने वाला नेटवर्क पकड़ा

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** एसएसपी के निर्देश पर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन साइबर प्रहार' के तहत काशीपुर में साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई देखने को मिल रही है। पुलिस ने साइबर ठगी से जुड़े नेटवर्क को चिन्हित कर उन पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

जांच में सामने आया है कि साइबर ठग फर्जी सिम कार्ड के माध्यम से म्यूल अकाउंट्स संचालित कर लोगों से ठगी की गई रकम को अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर रहे थे। काशीपुर पुलिस ने ऐसे कई संदिग्ध खातों की पहचान कर जांच तेज कर दी है, वहीं कई बैंक खातों को फ्रीज करने की प्रक्रिया जारी है।



अभियान के तहत काशीपुर क्षेत्र में साइबर ठगी से जुड़े मामलों में मुकदमे दर्ज किए गए हैं और संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। साथ ही संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर नेटवर्क को तोड़ने की कोशिश जारी है।

आगामी चारधाम यात्रा को देखते हुए भी काशीपुर पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। हेली बुकिंग फ्रॉड, फर्जी वेबसाइट, कॉल सेंटर फ्रॉड और पेंशन ठगी जैसे मामलों को रोकने के लिए विशेष निगरानी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने साफ कहा है कि साइबर अपराध किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वालों और फर्जी सिम के जरिए ठगी करने वालों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने जनता से अपील की है कि ऑनलाइन बुकिंग के लिए केवल अधिकृत वेबसाइट का ही उपयोग करें, किसी भी अनजान लिंक या कॉल पर अपनी निजी/बैंकिंग जानकारी साझा न करें, साइबर ठगी की सूचना तुरंत 1930 हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में दें।

# बिना तैयारी डीएम के सामने पहुंचे अधिकारी

## डीएम ने वेतन रोकने के निर्देश दिए

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को आयोजित जिला सैनिक कल्याण विभाग की त्रैमासिक बैठक में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने विभागीय कार्यों में लापरवाही और बिना तैयारी के बैठक में उपस्थित होने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन रोकने के निर्देश दिए और कार्यशैली में तत्काल सुधार लाने की चेतावनी दी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि भविष्य में बैठक से पूर्व सभी संबंधित विभागों के साथ एजेंडा साझा किया जाए तथा प्रस्तुतिकरण की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को




शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद स्थापित करने और उनके प्रकरणों की नियमित प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही प्रत्येक माह आंतरिक बैठक आयोजित कर लंबित मामलों की समीक्षा और फालोअप सुनिश्चित करने को कहा। पूर्व सैनिकों की समस्याओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने दफौट-तल्ला डोबा तोक सड़क मार्ग के भूमि विवाद के कारण लंबित प्रकरण के शीघ्र समाधान के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए। साथ ही लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि विवाद निस्तारण के बाद सड़क का एलाइनमेंट तत्काल फाइनल किया जाए। इसके अतिरिक्त बागेश्वर स्थित शहीद स्मारक की गरिमा बनाए रखने हेतु अधिशासी अधिकारी को नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एक अन्य भूमि विवाद के मामले में एसडीएम गरुड़ को विस्तृत जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बैठक में उठाए गए सभी बिंदुओं का नियमित फालोअप किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, सैनिक कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश जोशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## 27 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल जारी

**अल्मोड़ा।** 27 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर डिप्लोमा इंजी. नियर्स हड़ताल पर डटे हुए हैं। बुधवार को 17 वें दिन भी इंजीनियर्सों ने धरना दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं, तड़ताल के चलते विभागों में कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। सड़कों और भवनों के निर्माण कार्य भी ठप पड़ गए है। बुधवार को भी शक्ति सदन में विभिन्न विभागों के डिप्लोमा इंजीनियर्स ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। सरकार पर डिप्लोमा इंजीनियर्स की मांगों को अनसुना करने का आरोप लगाया। कहा कि हड़ताल से विभागों में निर्माण कार्य नहीं हो रहे हैं। 40 के करीब सड़कों के निर्माण व सुधारीकरण के कार्य अटके हुए हैं। इसके अलावा सिंचाई विभाग, पेयजल निगम, जल संस्थान, लघु डाल आदि विभागों में भी निर्माण कार्य, प्रस्ताव बनाने, सर्वे आदि के कार्य अटके हुए हैं।

# 'अरविंद पांडे का निष्कासन तय'

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** गदरपुर के पूर्व पालिक. ाध्यक्ष सुरेश कांबोज व वरिष्ठ भाजपा नेता सुखदेव सिंह नामधारी आज काशीपुर पहुंचे और प्रेस वार्ता कर पूर्व कैबिनेट मंत्री और वर्तमान भाजपा विधायक अरविन्द पाण्डे के राजनी. तिक भविष्य पर सवालिया निशान लगा दिये।



इन नेताओं ने दो टूक स्पष्ट किया कि अरविन्द पाण्डे की कार्यशैली और उनकी संदिग्ध गतिविधयां लगातार संगठन की गरिमा और राज्य सरकार की साख को बट्टा लगाने का काम कर रही हैं, जिसके चलते अब उन्हें पार्टी से निष्कारिसत करने की पटकथा लगभग लिखी जा चुकी है। नेताओं ने आरोप लगाया कि जिस भाजपा ने उन्हें शिखर तक पहुंचाया, उसी की जड़ों को वह खोखला करने का प्रयास कर रहे हैं और कार्यकर्ताओं के बीच लगातार भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। इस दौरान सुरेश कांबोज ने धामी सरकार की उपलब्धियों का गुणगान किया। साथ ही यह भी कहा कि संगठन के भीतर कुछ ऐसे दीमक लग चुके हैं जो पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सुखदेव सिंह नामधारी व सुरेश कांबोज ने दस्तावेजी प्रमाणों का हवाला देते हुए दावा किया कि विधायक और उनके करीबियों ने गदरपुर और आसपास के क्षेत्रों में सरकारी भूमियों के साथ-साथ जनजातीय और आरक्षित वर्गों की जमीनों का नियम विरूद्ध बंदरबांट किया है। उन्होंने विशेष रूप से सेमलपुरी क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि यहां बड़े पैमाने पर जमीनों की खरीद-फरोख्त और नामांतरण में भारी अनियमितताएं बरती गई हैं।

# शराब की ओवररेटिंग पर सख्ती

## शिकायतों का प्रशासन ने संज्ञान लेकर मदिरा दुकानों पर मारा छापा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ओवर रेटिंग की शिकायतों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार को विदेशी मदिरा की दुकानों पर औचक छापेमारी की। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी और एसडीएम प्रमोद कुमार की अगुवाई में टीम ने शहर की चार दुकानों का निरीक्षण किया।

इस दौरान तीन दुकानों में खुलेआम ओवर रेटिंग का मामला पकड़ा गया। जांच में सामने आया कि दुकानदार निर्धारित दरों से अधिक कीमत वसूल रहे थे। ब्लेंडर्स प्राइड के क्वार्टर पर 5 रुपये और मैजिक मोमेंट्स पर 10 रुपये तक ज्यादा वसूले जा रहे थे। प्रशासन ने इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए संबंधित दुकानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है।




निरीक्षण के दौरान कई अन्य खामियां भी उजागर हुईं। कुछ बोतलों पर अंकित क्यूआर कोड काम नहीं कर रहे थे, जिससे उपभोक्ताओं के लिए उत्पाद की सत्यता जांचना मुश्किल हो रहा था। हालांकि सभी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे चालू मिले और बिलिंग मशीन भी स्थापित पाई गई। अधिकारियों ने मौके पर ही दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि भविष्य में ओवर रेटिंग या किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भी ऐसे औचक निरीक्षण जारी रहेंगे ताकि बाजार में पारदर्शिता बनी रहे और आम उपभोक्ताओं को निर्धारित दरों पर ही सामान मिल सके। वहीं, कालाढूंगी में भी बुधवार को देर शाम अंग्रेजी शराब व देशी शराब की दुकान पर छापेमारी कार्रवाई की गई। इस दौरान कई खामियां पाई गईं जिस पर उप जिलाधिकारी ने कार्रवाई करते हुए आगे चेतावनी देते हुए आगे से 2026-27 की रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए वहीं कुछ लोगों ने प्रिंट रेट से अधिक दामों में शराब बेचे जाने की शिकायत की। इस दौरान उपजिलाधिकारी बिपिन पंत ने बताया बुधवार देर शाम को जिलाधिकारी के निर्देशन पर वह ओवर रेट की शिकायत पर कालाढूंगी शराब भट्टियों का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें अनेक खामियां पाई गई जैसे रेट लिस्ट पुरानी होना, रजिस्टर मेंटेन ना होना ओवर रेट आदि खामियां पाई गई जिसकी रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। इस दौरान तहसीलदार ईश्वर सिंह भीमा, पटवारी हरीश गोस्वामी, इमरान खान आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग को मिली गर्भपात की अनुमति

## कोर्ट ने दी मंजूरी, आरोपी युवक को गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते दिनों मुखानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुष्कर्म का शिकार हुई 16 वर्षीय किशोरी के मामले में नया मोड़ सामने आया है। कोर्ट ने पीड़िता के गर्भपात की अनुमति दे दी है। चिकित्सकीय प्रक्रिया के दौरान भ्रूण को सुरक्षित रखते हुए उसका डीएनए सैंपल लिया जाएगा, जिसे पुलिस जांच के लिए प्रयोग करेगी। बता दें कि घटना का पता तब चला जब किशोरी के पेट में दर्ज हुआ और परिजन उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल ले गए। जांच में किशोरी करीब दो माह की गर्भवती पाई गई। यह सुनकर परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। परिजनों ने जब किशोरी से इस बारे में पूछताछ की तो किशोरी ने बताया कि बैलेजली लॉज क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। मामले की सूचना मिलते ही मुखानी थाने में उसी रात मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश कर वहां से उसे जेल भेज दिया था। किशोरी की स्थिति को देखते हुए परिजनों ने न्यायालय से गर्भपात की अनुमति मांगी थी, जिसे न्यायालय ने मंजूरी दे दी। अब निर्धारित प्रक्रिया के तहत डॉक्टरों की निगरानी में गर्भपात कराया जाएगा। अदालत के निर्देशानुसार भ्रूण को सुरक्षित रखकर उसका डीएनए सैंपल लिया जाएगा, जिससे आरोपी के खिलाफ साक्ष्य मजबूत किए जा सकें। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है और आगे की जांच में वैज्ञानिक साक्ष्यों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि मामले में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## ऑपरेशन प्रहारः दो जिला बदर, 7 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऑपरेशन प्रहार के तहत नैनीताल पुलिस ने अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। 3 से 7 अप्रैल तक चले इस अभियान के दौरान पुलिस ने 7 शातिर वांछित और इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया, जबकि दो अपराधियों को गुंडा एक्ट के तहत जिला बदर कर दिया। बता दें कि एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान की निगरानी पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी, मनोज कुमार कत्याल कर रहे हैं। अभियान के दौरान पुलिस ने जिले में व्यापक सत्यापन अभियान चलाते हुए 484 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। शांति व्यवस्था में खलल डालने और असामाजिक गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर 111 लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, जबकि 7 लोगों के खिलाफ विभिन्न अपराधों में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके अलावा पुलिस ने रैश ड्राइविंग, शराब पीकर वाहन चलाने, गलत नंबर प्लेट और हूटर का प्रयोग जैसे मामलों में 110 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। इनमें से 31 वाहनों को सीज किया गया, जबकि 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने जिले के 243 होटल, ढाबों, पब और बार में भी औचक चेकिंग की, जिससे संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिली।




## नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई

**हल्द्वानी।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत काठगोदाम पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की है। अभियान में पुलिस ने चार वाहनों को सीज कर चालकों को गिरफ्तार किया। एसपी सिटी हल्द्वानी मनोज कत्याल व सीओ हल्द्वानी अमित कुमार के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बुधवार को मल्ला काठगोदाम क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने चार वाहनों को रोककर जांच की, जिसमें सभी चालक अत्यधिक नशे की हालत में पाए गए। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एमवी एक्ट के तहत चारों वाहनों को सीज कर चालकों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चालकों में दिवाकर उधम सिंह नगर, उवैद अशरफ रामपुर, अजय टोपो जमरानी और पूरन पलड़िया भीमताल शामिल है।

# पूर्व कंप्यूटर ऑपरेटर पर धोखाधड़ी और गबन का आरोप

## प्रभागीय विक्रय प्रबंधक ने दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वन विकास निगम के एक पूर्व आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर पर वन विकास निगम हल्द्वानी के विक्रय प्रबंधन ने धोखाधड़ी, गबन और सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी।

पुलिस ने विक्रय प्रबंधन की तहरीर के आधार पर पूर्व कर्मचारी पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड वन विकास निगम के प्रभागीय विक्रय प्रबंधक उपेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि मुखानी हल्द्वानी निवासी महेंद्र सिंह बिष्ट पूर्व कंप्यूटर ऑपरेटर थे और उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कार्यालय की बायोमैट्रिक मशीन और उपस्थिति पंजिका में छेड़छाड़ की। इसके साथ ही एक रेस्टोरेंट के नाम पर 4635 रुपये का फर्जी बिल तैयार कर सरकारी धन का गबन किया। इसके अलावा, सूचना के अधिकार पोर्टल का पासवर्ड अनधिकृत रूप से बदलकर उसे लॉक कर दिया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने ट्रू-कॉलर पर मुख्यमंत्री कार्यालय, उप सचिव, पुलिस और इनकम टैक्स अधिकारियों के नाम से फर्जी आईडी बनाई थी।

इसके अलावा, महेंद्र पर उप सचिव, सीएम देहरादून के नाम से एक फर्जी ईमेल आईडी संचालित करने का आरोप भी लगाया है, जिसका उपयोग वह लोगों को डराने-धमकाने के लिए करता था। आरोप यह भी है कि महेंद्र ने कर्मचारियों के स्थानांतरण के नाम पर प्रलोभन दिया और धमकियां भी दीं। आरोप है कि इसके अलावा महेंद्र पर एक सहकर्मी के फर्जी हस्ताक्षर करके अनुसूचित जाति आयोग में झूठी शिकायत भी की है। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि प्रबंधक की तहरीर के आधार पर आरोपी महेंद्र सिंह बिष्ट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# अल्मोड़ा में विजिलेंस ने घूस लेते लेखाकार को रंगेहाथ किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अल्मोड़ा जिले के लमगड़ा ब्लॉक में विजिलेंस विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए घूस लेते हुए एक लेखाकार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को अब एंटी करप्शन कोर्ट में पेश किया जाएगा। जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा निवासी हर सिंह बिष्ट उर्फ हरीश सिंह बिष्ट पुत्र बहादुर सिंह बिष्ट हाल लेखाकार विकास खण्ड लमगड़ा निवासी मौहल्ला बांसमीड़ा निकट नंदा देवी मंदिर चीनाखान, अल्मोड़ा लमगड़ा ब्लॉक में बतौर लेखाकार तैनात है। पीड़ित ठेकेदार ने विजिलेंस हल्द्वानी में इसकी शिकायत दर्ज कराई कि हर सिंह बिष्ट ने उसे शौचालय बनाने के सरकारी टेंडर के काम में अड़ंगा डालते हुए 15 हजार रुपए की घूस की मांग की थी। इसके बाद विजिलेंस टीम ने मामले की गोपनीय जांच की और जब आरोप सही पाए गए, तो कार्रवाई शुरू की। विजिलेंस की ट्रैप टीम ने आरोपी लेखाकार को 15 हजार रुपए की घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इस कार्रवाई में निदेशक सतर्कता डा. वी. मुरूगेशन ने टीम को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। एसपी विजिलेंस दीपशिखा अग्रवाल ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा, जहां से आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी अपील की कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान में नागरिक विजिलेंस के टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर-1064 या व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 9456592300 पर शिकायतें दर्ज कर अपना योगदान दें।



## काठगोदाम में दो दिन रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना के अंतर्गत वृक्ष पातन (कटान) कार्य के चलते कल यानि आज गुरूवार व शुक्रवार को काठगोदाम क्षेत्र में यातायात डायवर्जन लागू किया गया है। यह व्यवस्था दोनो दिन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्रभावी रहेगी। जारी ट्रैफिक प्लान के अनुसार, पर्वतीय क्षेत्र से मैदानी क्षेत्र की ओर जाने वाले सभी वाहन नारिमन तिराहा काठगोदाम से डायवर्ट होकर गौलापार रोड के रास्ते अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। वहीं, काठगोदाम से हल्द्वानी शहर की ओर आने वाले वाहन कॉलटेक्स तिराहा से डायवर्ट होकर पुराने फायर स्टेशन तिराहा के रास्ते भेजे जाएंगे। इसके अलावा हल्द्वानी शहर से काठगोदाम की ओर जाने वाले सभी वाहन हाइडिल तिराहा से डायवर्ट होकर पुराने फायर स्टेशन तिराहा और फिर कॉलटेक्स तिराहा होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। प्रशासन ने सभी वाहन चालकों और आमजन से अपील की है कि निर्धारित अवधि के दौरान डायवर्जन प्लान का पालन करें, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और अनावश्यक असुविधा से बचा जा सके।

# बैंक में बंधक ज़मीन बेच डाली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक दंपति ने अपनी जमीन को बैंक में बंधक रखकर 1.35 करोड़ रुपये का लोन लिया और फिर उसी बंधक संपत्ति को किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर बेच दिया। इस फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब बैंक ने जांच शुरू की थी। फर्जीवाड़े को लेकर बैंक प्रबंधक ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो बैंक ने न्यायालय की शरण ली और अंत में पुलिस ने न्यायालय के आदेश के बाद दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार भोटिया पड़ाव एमबीपीजी कॉलेज के पास स्थित दि-नैनीताल बैंक के प्रबंधक संजय कुमार ने अदालत में दिए शिकायती पत्र में कहा कि किशनपुर सरकुलिया, लालकुआं निवासी सुरेश चन्द्र जोशी और उनकी पत्नी सरिता जोशी ने 2020 में अपनी दो जमीनों को बैंक में बंधक रखकर 1.35 करोड़ रुपये का लोन लिया। बताया कि कुछ समय तक दंपति ने किस्तें चुकाईं, लेकिन बाद में उन्होंने किस्तें देना बंद कर दिया। इसके कारण मार्च 2024 में बैंक ने उनका खाता एनपीए घोषित कर दिया और जांच शुरू की। बैंक प्रबंधक ने कहा कि जब मामले की जांच की गई तो सामने आया कि दंपति ने बैंक में बंधक रखी जमीन को धोखाधड़ी से देवकी देवी के नाम पर ट्रांसफर कर दिया था। उन्होंने बताया मामले की जांच के बाद जनवरी 2025 में हल्द्वानी कोतवाली और मई 2025 में उच्चाधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन पुलिस ने तब तक कोई कार्रवाई नहीं की। अंत में बैंक प्रबंधक ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कोर्ट के आदेश पर आरोपी दंपति के खिलाफ फर्जीवाड़े का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मांग पूरी करने के लिए सात दिन का अल्टीमेटम

## सफाई कर्मचारी संघ ने निगम प्रशासन को दी आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्व प्रस्तावित मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग को लेकर बुधवार को देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष चौधरी अशोक के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने नगर आयुक्त के माध्यम से मेयर गजराज सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपा और चेताया कि अगर सात दिन में मांगों का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। ज्ञापन के माध्यम से संघ के शाखा अध्यक्ष चौधरी अशोक ने कहा कि निगम प्रशासन को कई बार लिखित रिमाइंडर और मौखिक वार्ताओं के माध्यम से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिल रहा।



उन्होंने आरोप लगाया कि निगम प्रशासन की लगातार अनदेखी के चलते संघ को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

संघ ने कहा कि स्थाई कर्मचारियों के एसीपी के एरियर का भुगतान, वरिष्ठता और योग्यता के आधार पर सफाई कर्मियों के कार्य परिवर्तन कर उन्हें प्रभारी पर्यावरण पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया जाने की मांग प्रस्तावित है लेकिन निगम कर्मचारियों की मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। प्रदेश संगठन मंत्री अमित कुमार ने कूड़ा गाड़ी पर कार्यरत कर्मचारियों को कूड़ा से एकत्र एक-दो किलो कबाड़ इकठ्ठा कर कर्मचारी द्वारा बेचे जाने पर लगाई रोक पर विरोध किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पाबंदियां कर्मचारियों को बंधुआ मजदूर बनाने जैसा है, जो मानवीय दृष्टिकोण से गलत है। उन्होंने मांग की कि कूड़ा गाड़ियों से एकत्र कबाड़ को बेचने के मामले में कर्मचारियों को स्वतंत्रता दी जानी चाहिए। ज्ञापन देने वालो में रवि चिंडालिया, अमित कुमार, सिद्धार्थ चौहान, रोहित मसीह, शम्मी, अनूप कुमार, मनोज, राजेश (खन्ना), विशाल, चंदन बंजारी, रतन, श्याम, रोहित टांक, दिनेश, विजय सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# सहालग में गैस सिलेंडर ने बढ़ाई चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के बैंक्वेट हॉल एसोसिएशन एवं टेंट हाउस एसोसिएशन ने आपातकाल बैठक कर आगामी दिनों में शुरू होने वाले सहालग के सीजन में गैस सिलेंडर की दिक्कत के चलते शादियों में बुकिंगकर्ता का भोजन बना पाने में असमर्थता जताई है। एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रत्येक शादी समारोह में पांच गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर जल्द जिला प्रशासन से मुलाकात करेंगे। कमलुवागांजा रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में हल्द्वानी बैंक्वेट हॉल एसोसिएशन एवं टेंट हाउस एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष समेत एसोसिएशन के सदस्यों ने आपातकाल बैठक बुलाकर जल्द शुरू होने वाले शादियों के सीजन में शादी समारोह के मेहमानों के लिए गैस किल्लत के चलते खाना बनाने में असमर्थता जताते हुए कहा कि जिला प्रशासन शादियों के सीजन में मेहमानों के लिए भोजन बनाने के लिए कोई मानक संचालन प्रक्रिया जारी करें और बुकिंगकर्ता को उसके शादी के कार्ड के आधार पर न्यूनतम प्रति समारोह पांटच व्यावसायिक गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करे, तभी जाकर बैंक्वेट हॉल स्वामी एवं कैटर्स शादियों में भोजन बना सकते है। जिलाध्यक्ष धीरज पांडे ने कहा यदि वो वैकल्पिक व्यवस्था भी करते है तो भी शादियों के मेनू के आधार पर बहुत से व्यंजन ऐसे होते है जो वैकल्पिक लकड़ी एवं कोयले से बन पाना संभव नहीं है। जिला प्रशासन को इस गंभीर समस्या का समाधान जल्द ढूंढना होगा, क्योंकि 15 अप्रैल से विवाह लग्न शुरू हो जाएंगे। टेंट हाउस एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विमल तोलिया ने कहा कि एसोसिएशन के पदाधिकारी जल्द से जल्द जिला प्रशासन से मुलाकात कर समाधान निकालने की मांग करेंग अन्यथा आज की परिस्थिति में वो शादियों में खाना बनाने में असमर्थ है। बैठक में नवीन चंद्र पांडे, मनोज भट्ट, चंदन मेहता, ललित कांडपाल, भोला भगत, कन्नू उपाध्याय, गोपाल भट्ट, नरेंद्र उप्रेती, राजीव बेलवाल, ललित मोहन जोशी, पंकज पांडे, पंकज पलड़िया, संतोष शर्मा, सुरेश चंद्र उपाध्याय, कमल कांडपाल आदि मौजूद रहे।

# प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल का विस्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने जिला नैनीताल में अपनी संगठनात्मक इकाई को और मजबूत करते हुए जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। संगठन ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व देते हुए नई जिम्मेदारियां सौंपी है। प्रदेश प्रभारी वीरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि जिलाध्यक्ष कुंदन बिष्ट और महामंत्री प्रज्ञान भारद्वाज की संस्तुति पर भीमताल के राजेश सांगुड़ी और खैरना के पूर्व प्रधान प्रेम नाथ को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि रजत माहेश्वरी को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा गोपाल भट्ट, बिशन जंतवाल, कमल रूबाली और विक्की संधू को जिला संगठन मंत्री बनाया गया है। वहीं रोहित साह, अंकित ऐरी, शेर सिंह और कुमुद पांडे को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। पार्षद राजेंद्र जीना, पूर्व पार्षद नीरज बगड़वाल, परख सचदेवा और कुलदीप बोरा को विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया गया है। वहीं त्रिलोक सिंह को जिला सोशल मीडिया प्रभारी तथा व्यापारी नेता राजेश साहू को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया है। मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, राजेंद्र फर्स्वाण, डा. धर्म यादव, दीपक माहेश्वरी, राकेश टीटू, पूरन लाल साह, राजीव अग्रवाल, ललित जायसवाल आदि ने बधाई दी।

# कलशयात्रा के साथ कथा शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बिठौरिया नम्बर-1 स्थित शिवकाली धाम मन्दिर में श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान कथा के पहले दिन बुधवार की सुबह भारी बारिश के बीच दो सौ से अधिक महिलाओं ने माता के भजन गाते हुए मन्दिर से रानीबाग तक कलश यात्रा निकाली। अपरान्ह में ब्यास आचार्य कृष्णानंद शास्त्री ने भागवत कथा के पहले अध्याय का वर्णन करते हुए कहा कि श्रद्धाभाव से भागवत कथा के श्रवण से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार की सुबह आचार्य हरि ओम जोशी, दीप चन्द्र जोशी एवं धीरज पाण्डे ने मन्त्रोचारण के साथ मंडप प्रवेश, गणेश पूजन एवं नित्य पूजन कराया। मुख्य यजमान सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, सह यजमान गौरव बिष्ट एवं गोपाल दत्त डसीला थे। कथा में ब्यास जी के साथ संगीत मण्डली में मोहित, दीपक, नीरज एव रमेश थे। मन्दिर में प्रतिदिन सुबह नित्य पूजन के बाद अपरान्ह 2 बजे से 6 बजे तक कथा वाचन होगा और पारायण 16 अप्रैल को होगा। इस अवसर पर शिवकाली धाम मन्दिर एवं जन कल्याण समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, सचिव दीपक बिष्ट, कोषाध्यक्ष केसी त्रिपाठी, रमेश चन्द्र पाण्डे, मनोज रावत, ललित तिवारी, रमेश तिवारी, कानू बिष्ट, बंशीधर कफल्टिया, प्रकाश काण्डपाल, दीप जोशी, अनिल जोशी, चन्द्र बल्लभ शर्मा, नवीन जोशी, बालम सिंह, पीसी बिष्ट आदि थे।



# मेघनाथ व कुंभकरण वध की लीला

## शीशमहल की महिला रामलीला में सजीव और रोमांचकारी मंचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एसआरआई संस्था की ओर से शीशमहल रामलीला मैदान में आयोजित महिला रामलीला के दसवें दिन बुधवार को मेघनाथ व कुंभकरण वध की लीला का सजीव और रोमांचकारी मंचन किया गया। मंचन का शुभारंभ दर्जा मंत्री शंकर कोरंगा, देवकी नन्दन भट्ट, गिरीश तिवारी, मनोज तिवारी, दिनेश फुलारा, समीर आर्या व सुरेश तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंचन के दौरान लक्ष्मण को संजीवनी बूटी पिलाए जाने के बाद उनके पुनः होश में आने का ख्रश्य बेहद भावुक रहा। इसके बाद रामदल में उत्साह का संचार हुआ और युद्ध का बिगुल बजा। लक्ष्मण और मेघनाथ के बीच हुए भीषण युद्ध में अंततः लक्ष्मण के बाण से मेघनाथ का वध हो जाता है। इस खबर से लंका में शोक की लहर दौड़ जाती है, वहीं मेघनाथ की पत्नी सुलोचना का सती होना दर्शकों को भावुक कर गया। इसके बाद रावण द्वारा अपने भाई कुंभकरण को नींद से जगा कर युद्ध में भेजने का दृश्य प्रस्तुत किया गया। युद्ध में भगवान राम के बाण से कुंभकर्ण के वध के साथ ही लंका में मातम का माहौल दिखाया गया। इस दौरान पुरुष रामलीला कमेटी के प्रबंधक विक्रम डंगवाल, पुष्पा संभल, संगीत निर्देशक मोहन चन्द्र जोशी, तबलावादक कुश पांडे, महामंत्री कौशलेंद्र भट्ट, योगिता बनोला, योगेन्द्र साहू, राधा मिश्रा, विमला डंगवाल, सुरेंद्र रौतेला, योगेश भोज, हर्षवर्धन जोशी, अजय कुमार, केशव दत जोशी , समीर शुक्ला, तारा चन्द्र उप्रेती, गौरव जोशी, केशव दत्त तिवारी, एनडी तिवारी, मोहन अधिकारी, नारायण दत्त सनवाल सहित सैकड़ो लोग उपस्तिथ थे।



## युवा कांग्रेस चुनाव में हेमंत साहू बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में हेमंत साहू के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने से कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई है। उनके समर्थकों और कांग्रेस नेताओं ने इसे उनकी मेहनत, संघर्ष और संगठन के प्रति समर्पण का परिणाम बताया है। इस अवसर पर हल्द्वानी विधायक सुमित हृदेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, पूर्व राज्य मंत्री सुहैल अहमद, जिला महामंत्री मलय बिष्ट, राष्ट्रीय सचिव मीमांसा आर्या, व्यापारी नेता अतुल गुप्ता, गांधी सचिन राठौर, मोनू चौहान, कौशलेंद्र भट्ट, लाल सिंह पवार, पार्षद प्रीति आर्या, जीत सिंह, राजेश साहू और केतन जायसवाल आदि लोगों ने बधाई दी।



## गंगापुर में गेहूं प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विकासखंड हल्द्वानी के गंगापुर गांव में कृषि विज्ञान केंद्र ज्योलीकोट द्वारा गेहूं का प्रक्षेत्र दिवस आयोजित किया गया, जिसमें किसानों को आधुनिक खेती और उन्नत तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्र के प्रभारी डा. संजय चौधरी ने किया। उन्होंने किसानों को भारत सरकार द्वारा नैनीताल जिले में संचालित विभिन्न कृषि परियोजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. कंचन नैनवाल ने किसानों को गेहूं की अधिक उत्पादन देने वाली प्रजाति एचडी 2967 के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यदि गेहूं की बुवाई सही समय पर और नवीनतम तकनीकों के साथ की जाए, तो किसानों को अधिक उत्पादन और बेहतर लाभ मिल सकता है। कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक खेती अपनाने वाले मॉडल फार्मर देवेंद्र सिंह बिष्ट के खेत का निरीक्षण किया, जहां गेहूं, चना और कद्दू की फसलों का अवलोकन किया गया। इस दौरान किसानों को सब्जियों की पौध भी वितरित की गई। कार्यक्रम में गंगापुर गांव के किसानों ने अपनी समस्याएं भी वैज्ञानिकों के समक्ष रखीं।




शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# 71 लाख की स्मैक के साथ महिला समेत दो तस्कर दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर और किच्छा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर स्मैक के साथ दो आरोपित को पकड़ा है। पुलिस के अनुसार बरामद स्मैक की कीमत बाजार में करीब 71 लाख रुपये आंकी जा रही है।

पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर एवं क्षेत्राधिकारी सितारगंज के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक किच्छा के नेतृत्व में मंगलवार को चौकी लालपुर पुलिस व एएनटीएफ कुमाऊं की संयुक्त टीम ने महराया कट क्षेत्र के पास चेकिंग कर रही थी। उस बीच एक महिला को संदिग्ध अवस्था में रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से अवैध स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में महिला ने अपना नाम सुरेन्द्र कौर उर्फ छिन्दो कौर निवासी टिब्बा लालपुर थाना किच्छा बताया। कोतवाली किच्छा पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। आरोपित महिला से 133 ग्राम अवैध स्मैक और 4000 रुपये बरामद हुए। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं कोतवाली रुद्रपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को ही बागवाला रुद्रपुर-रामपुर बाईपास पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 103.33 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। आरोपित ने अपना नाम अर्जुन सिंह निवासी कपूरपुर, थाना मीरगंज, जनपद बरेली (उप्र) बताया। आरोपित के विरुद्ध पुलिस ने प्राथमिकी पंजीकृत कर ली। पूछताछ में आरोपित ने स्मैक फतेहगंज क्षेत्र से लाना बताया, जिसके संबंध में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।आरोपित के पास से एक एंड्रायड मोबाइल फोन भी मिला जा।

एसएसपी अजय गणपति ने बताया कि जनपद ऊधमसिंहनगर में नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। "ऑपरेशन प्रहार" के तहत ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। युवाओं को नशे से दूर रखने एवं समाज को सुरक्षित बनाने हेतु पुलिस पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

# स्टेशनरी और बुक सेलरों की दुकानों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर रामनगर में प्रशासन एक्शन मोड में नजर आया। उपजिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान के नेतृत्व में स्टेशनरी और बुक सेलरों की दुकानों पर आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें स्कूलों द्वारा अभिभावकों पर किताब और ड्रेस खरीदने के दबाव की शिकायतों की जांच की गई।

रामनगर में लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है,उपजिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान ने टीम के साथ शहर की विभिन्न किताब और स्टेशनरी दुकानों पर छापेमार कार्रवाई की, इस दौरान यह जांच की गई कि कहीं स्कूल छात्रों और अभिभावकों को किसी खास दुकान से किताबें खरीदने के लिए मजबूर तो नहीं कर रहे हैं या किसी निजी प्रकाशक की महंगी किताबें लेने का दबाव तो नहीं बनाया जा रहा। निरीक्षण के दौरान तीन बुक सेलरों की दुकानों की गहनता से जांच की गई। यहां एनसीईआरटी की पुस्तकों के साथ-साथ अन्य प्रकाशनों की किताबें



भी उपलब्ध मिलीं। दुकानदारों ने बताया कि वे स्कूलों द्वारा सुझाई गई किताबों के आधार पर ही स्टॉक रखते हैं।


हालांकि जब मौके पर मौजूद अभिभावकों से बातचीत की गई तो उन्होंने अलग तस्वीर सामने रखी। उपजिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान ने साफ किया कि अब स्कूलों का भी निरीक्षण किया जाएगा,जरूरत पड़ने पर बच्चों के स्कूल बैग की भी जांच की जाएगी, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वास्तव में कौन-सी किताबें पढ़ाई जा रही हैं और क्या स्कूल प्रबंधन किसी खास प्रकाशक को बढ़ावा दे रहा है।स्कूल ड्रेस के मुद्दे पर भी प्रशासन सख्त नजर आया। एसडीएम ने कहा कि ड्रेस के नाम पर ओवररेटिंग बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एक नजर

### महानाम संकीर्तन में तनेजा, गाबा और मुंजाल ने माथा टेककर लिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** राजीवनगर वार्ड 35 में सार्वजनिक श्री श्री अखण्ड महानाम संकीर्तन में समाजसेवी जगदीश तनेजा, सुशील गाबा, सचिन मुंजाल ने साथियों सहित पहुंचकर माथा टेका। सार्वजनिक श्री श्री अखण्ड महानाम संकीर्तन कमेटी के पदाधिकारियों व मेंम्बरों नें आगंतुकों का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर समाजसेवी जगदीश तनेजा ने



मौजूद वार्डवासियों को सार्वजनिक श्री श्री अखण्ड महानाम संकीर्तन की बधाई देने के साथ-साथ इस भव्य धार्मिक आयोजन के लिये संपूर्ण कमेटी को भी साधुवाद प्रेषित करते हुए कहा कि इस भव्य आयोजन के लिए भारी व्यवस्थाएं जुटाने, अनुशासन बनाए रखने के लिए समस्त कमेटी बधाई की पात्र है। समाजसेवी सुशील गाबा ने कहा कि हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे। हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे का मधुर संकीर्तन 24 प्रहर विराट महायज्ञ में रह संगीतमय अमर शब्द सुनते ही मानो मानव जीवन सफल हो गया है। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष गणेश सरकार, उपाध्यक्ष विकास विश्वास, सिद्धान्त ग्रोवर, गौतम घरामी, खगोपति विश्वास, अमित सरकार आदि सहित बड़ी संख्या में राजीवनगर वासी मौजूद थे।

### एसडीएम ने किया गैस गोदाम और एजेंसी का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** एसडीएम डा. अमृता शर्मा ने अनाज मंडी स्थित गैस गोदाम और यादव गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गैस गोदामों में सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, रिकॉर्ड को व्यवस्थित और अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए गए। डा. शर्मा ने उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित की जाए।

### आयुध कोर के पूर्व सैनिकों ने मनाया 251 वां स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** आयुध कोर के पूर्व सैनिकों सितारगंज रोड स्थित एक निजी होटल में बुधवार को कोर का 251 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर आयुक्त कोर के पूर्व सैनिकों ने कोर के



इतिहास पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कोर के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उन्हें नमन किया। इस अवसर पर एमडी अवस्थी, सुबेदार धन सिंह, गोविंद सिंह, बसंत सिंह, भीम चंद, लक्ष्मण चंद, विक्रम सिंह, दशरथ सिंह आदि मौजूद रहे।

**कोर के शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि**

### बाजपुर हाईवे पर गजराज की दस्तक वाहन चालकों में मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** मंगलवार देर सांय गड़प्पू, बाजपुर हाईवे पर उस समय हड़कंप मच गया जब अचानक एक हाथी (गजराज) सड़क पर आ गया। हाईवे से गुजर रहे वाहन चालकों ने जैसे ही हाथी को देखा, उनमें अफरा-तफरी मच गई और कई वाहनों ने तुरंत रफ्तार धीमी कर ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाथी कुछ देर तक सड़क के किनारे और बीच में घूमता रहा, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। स्थिति को



देखते हुए कुछ वाहन चालक रास्ता बदलने को मजबूर हो गए। बताया जा रहा है कि इन दिनों क्षेत्र में तेज हवाओं और बारिश का असर बना हुआ है, जिसके कारण जंगली जानवरों का रिहायशी और सड़क किनारे क्षेत्रों की ओर आना बढ़ गया है। लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दे दी है। फिलहाल किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन इस घटना ने राहगीरों और वाहन चालकों में दहशत जरूर पैदा कर दी है।

### भाजपा प्रभारी मंत्री प्रदीप बत्रा का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड सरकार मे परिवाहन व सूचना प्रद्योगिकी मंत्री व जनपद ऊधम सिंह नगर प्रभारी मंत्री प्रदीप बत्रा रुद्रपुर दौरे पर आये जहां विधायक शिव अरोरा द्वारा एलाइंस कॉलोनी मे कम्युनिटी हॉल में स्वागत कार्यक्रम रखा गया जहां बड़ी संख्या मे प्रभारी मंत्री के स्वागत के लिए एकत्रित हुए। वही पहली बार रुद्रपुर आए प्रभारी मंत्री के



स्वागत में समाज के विभिन्न वर्ग के लोग व पार्टी पदाधिकारी मौजूद उमड़े।

इस दौरान भाजपा पार्षदो एवं एलाइंस समिति द्वारा प्रभारी मंत्री प्रदीप बत्रा का बड़ी माला के साथ स्वागत किया वही बड़ी संख्या में स्वागत के लिए आए लोगों को देख प्रभारी मंत्री गदगद नजर आए। वही प्रभारी मंत्री विधायक शिव अरोरा के आवास पर भी गये जहाँ सपरिवार विधायक ने उनका स्मृति चिन्ह बैठकर स्वागत किया। इस दौरान स्वागत भाषण में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने ने कहा उत्तराखंड सरकार मे कैबिनेट मंत्री का जनपद प्रभारी प्रदीप बत्रा का रुद्रपुर आगमन हुआ जहाँ मेरे गृह क्षेत्र एलाइंस कॉलोनी में उनका स्वागत अभिनंदन किया गया, उन्होंने कहा ऊधम सिंह प्रभारी मंत्री बनने के उनका यह पहला दौरा है और सभी कार्यकर्ताओं ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया निश्चित रूप है जनपद प्रभारी मंत्री के नेतृत्व मे जिले मे विकास कार्यों को गति मिलेगी साथ हीं केंद्र व राज्य की योजना को तेज गति से धरातल पर पहुंचने मे बल मिलेगा। वहीं कैबिनेट मंत्री व जनपद प्रभारी प्रदीप बत्रा ने कहा मैं सामान्य से कार्य करता हूं प्रधानमंत्री मोदी मुख्यमंत्री व शीर्ष नेतृत्व ने जो विश्वास किया और एक कैबिनेट मंत्री के रूप में उत्तराखंड की सेवा का जो अवसर दिया है उसको सरकार की योजनाओं को जन-जन तक ले जाने व अंतिम पायदान पर बैठे गरीब कल्याण के मंत्र को सार्थक करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इस दौरान राकेश गिरि, भारत भूषण चुघ, विवेक सक्सेना, प्रीत ग्रोवर, मुकेश पाल, धीरेश गुप्ता, जगदीश विश्वास, राजेश डाबर, हरीश जल्होत्रा, मोर सिंह, एसपी यादव, गुरदीप गाबा, संदीप राव, राजेश कामरा, ज्योति ग्रोवर, राजेश बजाज, एमपी मौर्य, पवन राणा, मुकेश रस्तोगी, चन्द्रसेन चंदा, संतोष पाल, सचिन मुंजाल, गिरीश पाल आदि थे।

# कोलंबस स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 29वां स्थापना दिवस समारोह

■ उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कॉलर मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** स्थानीय मॉडल कॉलोनी स्थित शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान कोलंबस पब्लिक स्कूल में विद्यालय का 29वां स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और उल्लासपूर्ण वातावरण में बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अशोका लेयलैंड लि. के उत्तर भारत क्षेत्र के मैन्युफैक्चरिंग हेड सचिन कुमार गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में निखिल पाहवा (शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा, रुद्रपुर), किशन कुमार (शाखा प्रबंधक, आईसीआईसीआई बैंक, रुद्रपुर), योगेश शर्मा (शाखा प्रबंधक, कैनरा बैंक, रुद्रपुर) तथा हेमंत त्रिपाठी (शाखा प्रबंधक, एचडीएफसी बैंक, रुद्रपुर) की



गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सचिन गोयल, विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा, प्रधानाचार्य मनोज कुमार एवं सभी सम्मानित अतिथियों द्वारा मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात मनोज कुमार खेड़ा द्वारा मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों को दुपट्टा ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने अतिथियों को बैज पहनाकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय समूह गान के




छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य एवं संगीत की रंगारंग प्रस्तुतियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने विद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत करते हुए शिक्षा, खेल, कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में विद्यालय की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह के दौरान शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले प्री-प्राइमरी शाखा से लेकर कक्षा 9 वीं एवं 11वीं तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कॉलर मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले पूर्व छात्र-छात्राओं को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के विजेता हाउस को कॉक हाउस ट्रॉफी प्रदान की गई।

मुख्य अतिथि सचिन कुमार गोयल ने अपने संबोधन में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा और कला का ऐसा सुंदर समन्वय बहुत कम संस्थानों में देखने को मिलता है।

उन्होंने कहा यह स्पष्ट है कि कोलंबस स्कूल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ जीवनोपयोगी कौशल प्रदान करने पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। अपने संबोधन में उन्होंने कार्यक्रम के दौरान सम्मानित होने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी, एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए व विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या डा. कमलेश मित्तल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत कर कार्यक्रम का समापन किया। समारोह में विद्यालय परिवार संग राधिका खेड़ा, अनिल ढींगरा, केवल बतरा, डा. ललित उप्रेति, एसके नैय्यर, अन्य गणमान्य, अभिभावकगण एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## डिप्लोमा इंजीनियर्स का धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ का धरना लगातार जारी है। बुधवार को धरने के 17वें दिन रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट खुद मौके पर पहुंचे और इंजीनियरों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान महासंघ ने विधायक को 27 सूत्रीय मांगपत्र सौंपते हुए अपनी मांगों पर जल्द कार्रवाई की मांग की।महासंघ के पदाधिकारियों ने विधायक का स्वागत किया और सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया।उन्होंने साफ कहा कि वे विकास कार्यों को बाधित नहीं करना चाहते, लेकिन उनकी मांगों को लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है। विधायक ने माना कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह स्थिति बनी है और इसे जल्द सुधारने की जरूरत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि 10 अप्रैल को नैनीताल और उधम सिंह नगर के विधायकों की होने वाली समीक्षा बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। इंजीनियरों की बात सीएम तक पहुंचाकर समाधान निकालने की कोशिश की जाएंगी।

# उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव सांसद शैलजा का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने 66 रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव सांसद शैलजा को (गदा) देकर व केंद्रीय कांग्रेस नेता गुरदीप सप्पल, उत्तराखंड सह प्रभारी सुरेंदर शर्मा व मनोज यादव, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, उत्तराखंड नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, उत्तराखंड चुनाव सीमित अध्यक्ष विधायक प्रीतम सिंह, उत्तराखंड चुनाव प्रबंधन समिति अध्यक्ष हरक सिंह रावत, उपनेता खटीमा विधायक भुवन कापड़ी, पूर्व मंत्री किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, जसपुर विधायक आदेश चौहान, नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा, पूर्व सांसद महेंद्र पाल, वरिष्ठ नेता प्रकाश जोशी, पूर्व विधायक नारायण पाल, कांग्रेस किसान प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र सिंह लाडी, उधम सिंह नगर जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, रुद्रपुर महानगर अध्यक्ष ममता रानी का तलवार देकर स्वागत अभिनंदन किया।

# एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर डीएम कार्यालय पहुंचे समाजसेवी

■ ज्ञापन सौंप जिला प्रशासन से की गैस वितरण प्रणाली दुरुस्त करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महानगर की ज्वलंत होती जा रही गैस सिलेंडर व्यवस्था के चलते आम मजदूरों, गृहणियों, कारोबारियों सहित आम जनता के दर्द को समाजसेवी सुशील गाबा ने अपनें दर्जनों साथियों एवं आम जनता के नुमाईंदों के साथ जिलाधिकारी नितिन भदौरिया से मिलने पहुंचे, जहां जिलाधिकारी के ना होने से उन्होंने पीसीएस ऋचा शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

रुद्रपुर के ट्रांजिट कैम्प, भदईपुरा, रम्पुरा आदि बस्तियों से लेकर रुद्रपुर इंडेन ऐजेंसी, भारत ऐजेंसी, फाजलपुर व आवास विकास क्षेत्र तक में लग रही जनता की लाइनों से लेकर बंद पड़े प्रतिष्ठानों तक के



चित्र संकलन कर पहुंचे समाजसेवी सुशील गाबा ने जिला प्रशासन को अवगत कराया कि विगत माह जिला प्रशासन द्वारा गैस वितरण व्यवस्था को लेकर होम डिलीवरी के माध्यम से प्रत्येक उपभोक्ता को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश गैस ऐजेंसियों को दिए गए थे, लेकिन रुद्रपुर के विभिन्न क्षेत्रों में होम डिलीवरी की व्यवस्था प्वांइट आफ सेल्स व्यवस्था में तब्दील हो गयी है। गैस वितरक अपनी मनमर्जी से किसी भी स्थान पर गैस वितरित कर रहे हैं। पहले से ही कमजोर आर्थिक स्थिति वाले हमारे मजदूर अपनी दिहाड़ी छोड़कर सिलेंडरों के लिए लाईनों में लगने को विवश हैं। इससे उन्हें भारी आर्थिक विषमताओं का सामना करना पड़ रहा है। मातृशक्ति, नौजवानों से लेकर वृद्ध तक की लाईने मानों इन सभी की पीड़ाएं बयान कर रही हैं। समाजसेवी जगदीश तनेजा ने कहा कि कर्मशियल सिलेंडर न मिलने की वजह से रोजाना अपना होटल, ढाबा चलाने वाले लघु व मध्यम व्यापारी, उनमे काम करने वाले हजारों कामगार व कारीगर भी अपने रोजगार से महरूम हो गए हैं। पूर्व ग्राम प्रधान सुरेश गौरी ने गैस ऐजेंसी पर भी सिलेंडर वितरित किए जाने, कालाबाजारी पर पाबंदी लगाकर आम जनता को राहत प्रदान कराई जानी चाहिए।

इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि सचिन मुंजाल, गौरव गांधी, गौतम घरामी, राजेश तनेजा, विकास विश्वास, सिद्धांत ग्रोवर, अरुण अरोरा, हन्नी गंगवार, विशाल साहा, सागर बोस, मनोज घोष, ऋषभ वर्मा, करन निषाद, सुमित गुप्ता, ध्रुव निषाद, विशाल अनेजा, सुखवंत सिंह, सुकुमार मंडल, जयपाल टंडन, हर्ष अरोरा, छात्रसंघ उपाध्यक्ष जावेद अख्तर मौजूद थे।

# पुलिस ने चेकिंग के दौरान स्मैक तस्कर को दबोचा

■ आरोपी के कब्जे से 15.06 ग्राम स्मैक हुई बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने एक नशा तस्कर को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।

बुधवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसएसपी अजय गणपति के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को सिद्धा नवादिया हाईवे के पास से गिरफ्तार किया गया है, तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 15,06 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रगट सिंह सिंह पुत्र निर्मल सिंह निवासी निकट गोपाल



मिल के पास सिसई खेड़ा नानकमत्ता बताया हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक एक्ट की धारा 8/21 के तहत अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

पकड़ने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी प्रतापपुर उप निरीक्षक राजेंद्र पंत, मुख्य आरक्षी अशोक कुमार आरक्षी नवीन जोशी ,गिरीश चंद्र शामिल हैं।

# छात्रसंघ अध्यक्ष पर गंभीर आरोप

■ निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर समर्थकों संग कोतवाली पहुंचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रसंघ अध्यक्ष महेंद्र सिंह बोरा पर लगे गंभीर आरोपों के बाद मामला लगातार गरमाता जा रहा है। एक छात्रा द्वारा मारपीट और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग का आरोप लगाए जाने के बाद बुधवार को अध्यक्ष महेंद्र बोरा अपने समर्थकों के साथ कोतवाली पहुंचे और पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की।

बताया जा रहा है कि कुछ दिन पूर्व महाविद्यालय की एक छात्रा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि वह कॉलेज की समस्याओं को लेकर ज्ञापन देने गई थी। इसी दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष और उनके साथियों ने न केवल अभद्र व्यवहार किया, बल्कि ज्ञापन की प्रति फेंक दी और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर उसे अपमानित किया।

वहीं, महेंद्र सिंह बोरा ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे राजनीतिक साजिश बताया है। उनका कहना है कि उन्हें जानबूझकर फंसाया जा रहा है और बिना किसी जांच के उनकी छवि को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जांच में हो रही देरी से नाराज अध्यक्ष बुधवार को अपने समर्थकों के साथ कोतवाली पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

इस बीच, एसआई प्रह्लाद बिष्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिसकर्मियों को तत्काल महाविद्यालय भेजकर संबंधित रिकॉर्ड कब्जे में लेने के निर्देश दिए हैं। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# अनियमितताओं का मुद्दा उठने के साथ ही बोर्ड बैठक खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर प्रदेश की पहली ऐसी नगर पालिका है जहां पर अभी भी बजट को लेकर बजट पेश नहीं हुआ है यह मामला इसलिए हुआ है क्योंकि नगरपालिका सभासदों और नगरपालिका चेयरमैन के बीच विवाद गरमाता जा रहा है, जिसके चलते बुधवार को प्रस्तावित 8 अप्रैल को हुई बोर्ड की बैठक में भी अनियमितताओं का मुद्दा उठने के साथ ही आज की बोर्ड बैठक भी खारिज हो गई।

रामनगर नगरपालिका परिषद की बोर्ड बैठक में आज बजट को लेकर जमकर हंगामा हुआ। वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोपों के बीच वर्ष 2026-27 का बजट पारित नहीं हो सका। सभासदों ने पालिका प्रशासन और चेयरमैन से जवाब मांगा, लेकिन संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर बैठक में गतिरोध बन गया।बुधवार 8 अप्रैल को आयोजित इस बोर्ड बैठक में शुरू से ही माहौल गरम रहा। दरअसल इससे पहले 28 मार्च को बुलाई गई बैठक में भी 18 सभासदों ने बहिष्कार कर दिया था, जिसके चलते बजट पास नहीं हो पाया था। आज दोबारा बैठक बुलाई गई, लेकिन हालात में ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिला।

बैठक के दौरान सभासद शमीम अहमद ने स्ट्रीट लाइट खरीद को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने बाजार दर के कोटेशन पेश करते हुए आरोप लगाया कि करीब 1500 रुपये की स्ट्रीट लाइट को 4600 रुपये में खरीदा गया, जिससे साफ तौर पर वित्तीय अनियमितता की आशंका बनती है।इसके अलावा वॉटर कूलर खरीद को लेकर भी मामला गरमाया रहा। आरोप है कि नगर पालिका एक्ट के प्रावधानों को दरकिनार करते हुए बड़ी संख्या में वॉटर कूलर खरीदे गए, जिन पर करीब 1 करोड़ 75 लाख रुपये खर्च किए गए। सभासदों का कहना है कि इस पूरे मामले में नियमों की अनदेखी की गई।सभासद राहुल रावत, सभासद तनुज दुर्गापाल और पारस गौला ने भी आरोप लगाया कि बिना विधिवत स्वीकृति के करोड़ों रुपये के कार्यादेश और आपूर्ति आदेश जारी किए गए। उन्होंने यह भी कहा कि टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई और पोर्टल का दुरुपयोग कर चहेते लोगों को ठेके दिए गए।

इस दौरान सभासद शमीम अहमद, सभासद तनुज दुर्गापाल, सभासद सलमान सलमानी, सभासद खष्टी नंदन जोशी,सभासद नवीन सुनेजा, सभासद शिवी अग्रवाल, सभासद मोहम्मद अजमल, सभासद राहुल रावत, सभासद पारस गोला, सभासद करीमुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# पार्षद प्रकाश धामी हत्याकांड का आखिरी शूटर रिंकू भी पकड़ा गया

## 2020 में भदईपुरा वार्ड में भाजपा पार्षद प्रकाश सिंह धामी की दिनदहाड़े गोली मारकर हुई थी हत्या




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पार्षद प्रकाश धामी के सनसनीखेज हत्याकांड का अंतिम शूटर भी पकड़ा गया, जो यह एसटीएफ को बहुत बड़ी सफलता मिली है। शूटर रिंकू शर्मा करीब साढ़े पांच साल से बचने के लिए पुलिस से लुका छिपी का खेल रहा था, लेकिन आखिरकार वह एसटीएफ और पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया।

बता दें कि 12 अक्टूबर, 2020 को रुद्रपुर क्षेत्र के भदईपुरा वार्ड नंबर 13 में भाजपा समर्थित पार्षद प्रकाश सिंह धामी की उनके घर के बाहर दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सुबह लगभग 9 बजे एक आई-10 कार में सवार बदमाश भदईपुरा पहुंचे। एक युवक ने पार्षद धामी को घर से बाहर बुलाया और बातचीत में उलझा लिया। इसी दौरान कार में सवार अन्य बदमाश मौके पर पहुंचकर धामी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमलावरों की गोलियां धामी के सिर, गले और सीने में लगीं। गंभीर रूप से घायल पार्षद ने जान बचाने के लिए भागने का प्रयास किया, लेकिन बदमाशों ने उनका पीछा कर उनकी हत्या कर दी और वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पुलिस जांच में हत्या राजनीतिक रंजिश एवं क्षेत्रीय वर्चस्व की लड़ाई का मामला आया। हत्या को अंजाम देने के लिए मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के पेशेवर शूटरों को लगभग चार लाख रुपये की सुपारी दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने सात आरोपितों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। पुलिस छह आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी थी, जबकि रिंकू शर्मा उर्फ पंडित घटना के बाद से ही फरार था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि पार्षद प्रकाश धामी हत्याकांड उत्तराखण्ड के चर्चित जघन्य अपराधों में से एक था, जिसमें शामिल आरोपित पिछले लंबे समय से फरार चल रहा था और लगातार अपनी लोकेशन बदलकर पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था। इस फरार इनामी अपराधी की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ द्वारा विशेष रणनीति बनाकर तकनीकी सर्विलांस, मानव स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं तथा भौतिक साक्ष्यों का लगातार विश्लेषण किया जा रहा था। पिछले लगभग एक माह से एसटीएफ की टीम इस आरोपी की गतिविधियों पर लगातार निगरानी बनाए हुए थी। अजय सिंह ने बताया कि विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि उक्त इनामी शूटर रुद्रपुर क्षेत्र में मौजूद है, जस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एसटीएफ टीम एवं कोतवाली रुद्रपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में सघन घेराबंदी एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। सटीक रणनीति और त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप पुलिस टीम ने इनामी आरोपी रिंकू शर्मा उर्फ पंडित को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। बताया कि वर्ष 2020 में हुए पार्षद प्रकाश धामी हत्याकांड में यह आरोपित एक पेशेवर शूटर के रूप में शामिल था, जिसे साजिश के तहत सुपारी देकर हत्या में शामिल किया गया था। रिंकू के विरुद्ध मप्र, उप्र व उत्तराखण्ड में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, रंगदारी-वसूली व गैंगस्टर के करीब एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। रिंकू पुत्र मुकेश शर्मा जग्गा का पुरा थाना डिमनी, जिला मुरैना (मध्य प्रदेश) का रहने वाला है।

आरोपित को पकड़ने वाली एसटीएफ टीम में निरीक्षक एमपी सिंह, उपनिरीक्षक प्रकाश भगतल, हेका. गोविन्द बिष्ट, कांस्टेबल गुरवंत सिंह, मोहित वर्मा, हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र कनवाल, दुर्गा सिंह पापड़ा और कोतवाली रुद्रपुर पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी, उनि चन्दन सिंह बिष्ट, कां. अमित कुमार, रघुनाथ सिंह शामिल थे।

## थार की टक्कर के बाद हुआ विवाद



- युवक पर मारपीट व जातिसूचक टिप्पणी का आरोप
- पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में दी तहरीर, कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** थार की टक्कर के बाद विवाद बढ़ने पर मारपीट और जातिसूचक टिप्पणी का मामला सामने आया है। गांधी नगर वार्ड नंबर चार निवासी पीड़ित पक्ष नरेश पुत्र महिपाल ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

घटना बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे की बताई जा रही है। आरोप है कि नन्हे यादव की भैंस के लवारे को एक युवक ने थार गाड़ी को लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी और मौके से भाग गया। पीड़ित के भाई अरविंद ने नीलकंठ मंदिर चौराहे के पास उसे रोकने का प्रयास किया, जिस पर आरोपित ने अभद्रता करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद आरोपित ने अपने पिता और अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया, जिन्होंने मिलकर अरविंद के साथ मारपीट की।

इस दौरान किसी भारी वस्तु से सिर पर वार करने से वह घायल हो गया। बीच-बचाव करने पहुंची महिला परिजनों के साथ भी अभद्रता और दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप है। पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है कि घटना के दौरान जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया और परिवार को मोहल्ले से निकालने की धमकी दी गई। उपरोक्त व्यक्ति ने अपने आप को राजनैतिक प्रेसर वाला व्यक्ति बताया है।

कोतवाली पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### पुलिस ने एक वारंटी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर व क्षेत्राधिकार खटीमा के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली व वरिष्ठ उप निरीक्षक कोतवाली के दिशा निर्देशन में गत रात्रि समय करीब 21:30 बजे वारंटी अरबाज पुत्र मोहम्मद यासीन निवासी वार्ड नंबर 5 खटीमा को वाद संख्या 228 / 2022 में गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक जीवन सिंह चुफाल चौकी प्रभारी बाजार खटीमा, कांस्टेबल इसाक मोहम्मद चौकी बाजार शामिल थे।

### ओखलकांडा में भारी बारिश से बीडीसी की बैठक निरस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्थायी भवन का मुद्दा फिर गरमाया**

**ओखलकांडा (नैनीताल)।** ओखलकांडा ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत (बीडीसी) की प्रस्तावित बैठक आज बुधवार को भारी बारिश के कारण निरस्त कर दी गई। बैठक के लिए अस्थायी रूप से टेंट लगाया गया था, लेकिन लगातार तेज वर्षा के चलते आयोजन संभव नहीं हो सका।

इस घटना के बाद क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को लेकर सवाल एक बार फिर उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ब्लॉक में आज तक क्षेत्र पंचायत के लिए स्थायी भवन (बीडीसी हॉल) का निर्माण नहीं हो पाया है, जिसके चलते हर बार अस्थायी व्यवस्थाओं का सहारा लेना पड़ता है। गौरतलब है कि वर्तमान में उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे जनप्रतिनिधि स्वयं इस क्षेत्र से करीब 10 वर्षों तक विधायक रहे हैं, जबकि उनकी धर्मपत्नी भी लगभग 10 वर्षों तक ब्लॉक प्रमुख के पद पर रहीं। इसके बावजूद क्षेत्र में बीडीसी हॉल का निर्माण न होना विकास कार्यों पर सवाल खड़े करता है। करीब 75 ग्राम सभाओं वाले इस महत्वपूर्ण ब्लॉक में स्थायी बैठक भवन का अभाव न केवल प्रशासनिक कार्यों में बाधा बन रहा है, बल्कि जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न लगा रहा है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा संपन्न



**130 ने दी प्रवेश परीक्षा, 31 रहे अनुपस्थित**

**खटीमा।** राजकीय आश्रम पद्धति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परीक्षा केंद्र में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के 130 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा केन्द्र में 161 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। केन्द्र व्यवस्थापक राम दत्त जोशी ने बताया कि 31 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुए। सीसीटीवी कैमरे के बीच शांत पूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा के लिए 5 कक्षा कक्ष एवं एक बहुउद्देशीय हॉल में परीक्षा संपन्न हुई। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के पर्यवेक्षक के रूप में रोशन झिंक्वाल परीक्षा केन्द्र में मौजूद रहे। खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा द्वारा परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया।

### बनबसा पुलिस का सख्त एक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सुरक्षा के लिए चला व्यापक चेकिंग अभियान**

**बनबसा।** जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से बनबसा पुलिस द्वारा एक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देश पर यह अभियान पूरी गंभीरता और सतर्कता के साथ संचालित किया गया।

थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कोरंगा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र के होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट एवं धर्मशालाओं में व्यापक जांच की। इस दौरान संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी आगंतुकों का पूरा विवरण रजिस्टर में दर्ज किया जाए, पहचान पत्र की अनिवार्य रूप से जांच की जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए। अभियान के दौरान केवल जांच ही नहीं, बल्कि जनजागरूकता पर भी विशेष जोर दिया गया। पुलिस टीम ने मानव तस्करी, महिला सुरक्षा एवं बाल संरक्षण जैसे गंभीर विषयों पर लोगों को जागरूक करते हुए सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। कुल मिलाकर, बनबसा पुलिस का यह अभियान सुरक्षा, सतर्कता और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया है, जिसकी जितनी सराहना की जाए उतनी कम है।

### किसानों के लिए कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के नेतृत्व में किसानों को मुआवजे की मांग को लेकर तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा है।उन्होंने प्रभावित किसानों के साथ खड़े होकर सरकार से मांग की है कि फसलों का तुरंत नुकसान आकलन कर उचित मुआवजा दिया जाए।रणजीत सिंह रावत ने कहा किषकिसान इस देश की रीढ़ हैं। जब उनकी फसल बर्बाद होती है तो पूरा परिवार बुरी तरह प्रभावित हो जाता है। हमारी मांग है कि सरकार संवेदनशीलता दिखाते हुए जल्द से जल्द प्रभावित किसानों का सर्वे करे और उन्हें राहत राशि उपलब्ध कराए।किसानों की पीड़ा देखते हुए स्थानीय प्रशासन से भी अपील की गई है कि वे इस मामले को गंभीरता से लें और बिना देरी के कार्रवाई करें। इस दौरान भुवन शर्मा, देशबंधु रावत, भुवन पाण्डेय, चांद खान,ममता आर्या, दीप्ति भारद्वाज, गिरधारी लाल, धाराबल्लभ पाण्डेय, डूंगर कनवाल, एन.डी. पंत, लीलाधर जोशी, नवीन सनवाल, बाबर खान, गुलाम सादिक, राजीव अग्रवाल, पंकज सुयाल, शेखर चंद्र, देवेंद्र चंदौला, वीरेंद्र कुमार, अंकुश अग्रवाल, ओम प्रकाश पड़लिया, मुनब्बर हुसैन, राजेश नेगी, मुकेश मेहरा, फजल खान, शेर खान, कैलाश त्रिपाठी, सुमित तिवारी, मनोज गोस्वामी, आदि मौजूद रहे।

### ड्रग्स विभाग और पुलिस ने चलाया छापेमारी अभियान


**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** ड्रग्स विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने रामनगर के ग्राम थारी एवं पीरुमदारा मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी अभियान चलाया गया।अभियान की भनक से मेडिकल स्टोर स्वामियों में हड़कंप मच गया।ड्रग्स इंस्पेक्टर डॉक्टर अर्चना ने बताया कि निरीक्षण के दौरान एक मेडिकल स्टोर पर गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर तालाबंदी की गई व 01 मेडिकल स्टोर के क्रय विक्रय पर रोक लगाई गई। तीन मेडिकल स्टोरों को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि मेडिकल स्टोर स्वामियों द्वारा सत्यापन न करवाना, दवाओं का उचित तापमान पर भंडारण न करते हुई पाए जाना और मेडिकल स्टोर में उचित साफ सफाई न पाए जाना पर नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह की लापरवाही और उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान अभियान में औषधि निरीक्षक डॉ. अर्चना, हेड कांस्टेबल कुंवर पाल सिंह, कांस्टेबल विक्रम कुमार मौजूद रहे।

## मायावती आश्रम में शुरू हुआ विशाल निशुल्क नेत्र शिविर

- पहले दिन 60 से अधिक मरीजों का परीक्षण, 20 मोतियाबिंद ऑपरेशन सफल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** अद्वैत आश्रम मायावती के धर्मार्थ चिकित्सालय में चार दिवसीय विशाल निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ हो गया। भारी वर्षा के बावजूद पहले ही दिन दूर-दराज क्षेत्रों से आए करीब पांच दर्जन मरीजों ने अपनी आंखों का परीक्षण कराया, जबकि 20 मरीजों के मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन किए गए।

शिविर के लिए कोलकाता से 16 सदस्यीय विशेषज्ञ टीम पहुंची है, जिसका नेतृत्व डॉ. जयदीप भट्टाचार्य कर रहे हैं। टीम में डॉ. सविता बसु, डॉ. आयन कुंडू सहित कई अनुभवी चिकित्सक शामिल हैं, जो अत्याधुनिक तकनीकों से ऑपरेशन कर रहे हैं। इस टीम में मोमिता मंडल, इलोरा बनर्जी, विश्वजीत आदक, सौमित्रा घोष, पार्थो मुखर्जी, श्रीकांत रक्षित, अनुपम पाल, एस के डे, आतनु बनर्जी, सुनाथ सरकार, सुमंत शाह, बी बनर्जी, एस चटर्रर्जी, के अलावा धर्मार्थ चिकित्सालय के मनोज, पंकज, अनिल, सतीश, दिनेश एवं मोनिका भी सहयोग कर रहे हैं। शिविर का शुभारंभ आश्रम के अध्यक्ष स्वामी शुद्धिदानंद महाराज ने किया। जनरल मेडिसिन शिविर का संचालन डॉ. अनुज सिंह राणा ने किया, जबकि बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. इंद्राणी घोष ने बच्चों का उपचार किया। चिकित्सालय के प्रभारी स्वामी एकदेवानंद महाराज ने बताया कि जून तक यहां निशुल्क सर्जरी शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनके लिए डॉ. हरेश शाह जैसे प्रख्यात सर्जन भी अपनी सेवाएं देने पहुंच चुके हैं।

## मूसलाधार बारिश भी नहीं डिगा पाई आस्था

- पूर्णागिरि मेले में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर /चंपावत।** पूर्णागिरि मेला में खराब मौसम के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है। लगातार हो रही भारी वर्षा भी भक्तों की आस्था को डिगा नहीं सकी और आज लगभग 8000 तीर्थयात्रियों ने मां मां पूर्णागिरि के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। शाम को ट्रेनों के आगमन के साथ श्रद्धालुओं की संख्या में और इजाफा होने की उम्मीद है। मेले के बेस कैंप ठूलीगाड़ में संचालित आधा दर्जन भंडारे यात्रियों के लिए संजीवनी साबित हो रहे हैं, जहां उन्हें भोजन और विश्राम की बेहतर सुविधा मिल रही है।

मेला मजिस्ट्रेट डॉ. ललित मोहन तिवारी पूरे दिन व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने में जुटे रहे। भारी बारिश के कारण एक स्थान पर मार्ग बाधित होने की आशंका जरूर बनी, लेकिन प्रशासन की मुस्तैदी से यातायात लगातार सुचारु बना रहा। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने निगरानी और कड़ी कर दी है, जबकि सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान भी श्रद्धालुओं की मदद में लगातार सक्रिय हैं। खास बात यह है कि यहां आने वाले श्रद्धालु दर्शन के बाद नेपाल स्थित मंदिरों की ओर भी रुख कर रहे हैं, क्योंकि वहां दर्शन किए बिना यात्रा को अधूरा माना जाता है।

## पूर्णागिरी में बाल श्रम को लेकर किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** जनपद चम्पावत के मां पूर्णागिरी मंदिर क्षेत्र में बाल श्रम के खिलाफ प्रशासन ने आक्रामक रुख अपनाते हुए व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। डीटीएफ टीम के नेतृत्व में श्रम विभाग, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, पुलिस विभाग की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में सघन चेकिंग और जागरूकता अभियान संचालित किया।

अभियान के दौरान टीम ने होटल, ढाबों, दुकानों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर ताबड़तोड़ निरीक्षण किए। प्रशासन की इस सख्ती से क्षेत्र में हड़कंप का माहौल देखने को मिला। निरीक्षण के दौरान राहत की बात यह रही कि कहीं भी कोई बाल श्रमिक कार्यरत नहीं पाया गया, जिससे यह संकेत मिलता है कि लगातार चलाए जा रहे अभियानों का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। टीम ने इस दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों के संचालकों को बाल श्रम कानूनों की जानकारी देते हुए सख्त चेतावनी भी दी कि यदि भविष्य में किसी भी स्थान पर बाल श्रम पाया गया तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बाल श्रम के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है, और बच्चों के अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## तेज हवा और बेमौसमी बारिश ने किसानों की बढ़ाई चिंता

- बर्बादी की कगार पर 'सोने' जैसी फसल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सीमांत क्षेत्र खटीमा में मौसम के बदले मिजाज ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। जब खेतों में श्सोनाश यानी गेहूं की फसल कटकर घर आने को तैयार थी, ठीक उसी वक्त आसमान से बरसी आफत ने किसानों के माथे पर चिंता की गहरी लकीरें खींच दी हैं। बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने न केवल कटाई के पहिए रोक दिए हैं, बल्कि साल भर की मेहनत के डूबने का डर भी पैदा कर दिया है।

### संकट में अन्नदाता: आधे खेत अभी भी 'लाल' होने का इंतजा

खटीमा के ग्रामीण अंचलों से मिल रही जमीनी रिपोर्ट डराने वाली है। स्थिति का आकलन कुछ इस प्रकार है: 50% फसल अभी भी असुरक्षित: क्षेत्र के किसान अब तक बमुश्किल आधी फसल ही समेट पाए हैं। बाकी 50 प्रतिशत गेहूं या तो खेतों में खड़ा है या कटी हुई हालत में भीग रहा है।

### मौसम विभाग की 'येलो अलर्ट' ने उड़ाई किसानों की नींद'

मौसम विभाग की ओर से जारी ताजा बुलेटिन ने खटीमा के किसानों की धड़कनें और बढ़ा दी हैं। आगामी कुछ दिनों के लिए जारी 'भारी बारिश के अलर्ट' ने स्पष्ट कर दिया है कि राहत फिलहाल दूर है। विशेषज्ञों की मानें तो यदि बारिश का यह सिलसिला थमा नहीं, तो: गेहूं के दाने खेतों में ही अंकुरित हो सकते हैं।, फसल के झड़ने और सड़ने की संभावना 40% तक बढ़ गई है।, उत्पादन में भारी गिरावट आने की आशंका है।

### प्रशासन से उम्मीदें

अब क्षेत्र के किसान टकटकी लगाए आसमान की ओर देख रहे हैं कि कब बादल छंटें और वे अपनी बची-कुची उपज को सुरक्षित ठिकानों तक पहुंचा सकें। स्थानीय किसान संगठनों ने मांग की है कि प्रशासन संभावित नुकसान का आकलन करे ताकि प्रभावित किसानों को समय रहते मुआवजा मिल सके।

**क्वालिटी पर खतरा:** कृषि जानकारों का कहना है कि अधिक नमी के कारण गेहूं का दाना काला पड़ सकता है, जिससे बाजार में किसानों को उचित दाम नहीं मिल पाएगा। **मजदूरी और लागत की दोहरी मार:** मशीनों (कंबाइन) का काम रुक गया है, जिससे फसल की लागत बढ़ती जा रही है। खून-पसीने से सींची हुई फसल को अपनी आंखों के सामने मिट्टी में मिलते देखना किसी दुस्वप्न से कम नहीं है। अगर बारिश नहीं रुकी, तो लागत निकालना भी मुश्किल हो जाएगा।

## एनएचपीसी गेट पर 'बनबसा' नाम हुआ पुनः अंकित

- डीएम के संज्ञान के बाद प्रशासन ने की कार्रवाई
- सामाजिक कार्यकर्ता सावन चंद्र रजवार की पहल रंग लाई
- स्थानीय लोगों में खुशी की लहर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** एनएचपीसी गेट पर 'बनबसा' नाम को पुनः अंकित किए जाने की मांग आखिरकार पूरी हो गई है। जिलाधिकारी मनीष कुमार द्वारा मामले का संज्ञान लेने के बाद एनएचपीसी प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य द्वार पर 'बनबसा' नाम दोबारा अंकित कर दिया है।

गौरतलब है कि इस मुद्दे को बनबसा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता सावन चंद्र रजवार ने प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने स्थानीय पहचान और क्षेत्रीय सम्मान को ध्यान में रखते हुए यह मांग प्रशासन तक पहुंचाई थी। इस खबर को आपके प्रिय अखबार शाह टाइम्स ने प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया। स्थानीय लोगों का कहना था कि पूर्व में मुख्य द्वार पर "टनकपुर पावर स्टेशन, बनबसा" अंकित रहता था, जिससे क्षेत्र की स्पष्ट पहचान होती थी। लेकिन 'बनबसा' नाम हटाए जाने से लोगों में नाराजगी थी। इसको लेकर लगातार मांग उठ रही थी। डीएम के हस्तक्षेप के बाद एनएचपीसी प्रशासन ने आज गेट पर 'बनबसा' नाम पुनः अंकित कर दिया, जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर सावन चंद्र रजवार ने जिलाधिकारी मनीष कुमार, प्रशासनिक अधिकारियों एवं सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक नाम नहीं, बल्कि क्षेत्र की पहचान और सम्मान से जुड़ा विषय था। स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन की इस सकारात्मक पहल का स्वागत करते हुए भविष्य में भी जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करने की अपेक्षा जताई है।

## आरक्षण पर डीएम का सख्त फैसला निर्वाचन अधिकारियों की तैनाती

- रानीचौड़ वार्ड महिला आरक्षित ही रहेगा
- आपत्ति खारिजः निष्पक्ष चुनाव के लिए आरओ-एआरओ नियुक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** नगर पंचायत पाटी के सामान्य निर्वाचन-2026 को लेकर जिला प्रशासन ने एक ओर जहां वार्ड आरक्षण पर सख्त और स्पष्ट रुख अपनाया है, वहीं दूसरी ओर चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी है।

वार्ड संख्या-1 'रानीचौड़' को महिला के लिए आरक्षित किए जाने के खिलाफ प्राप्त एकमात्र आपत्ति को जिलाधिकारी मनीष कुमार ने नियमों के आधार पर खारिज कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश नगर पालिका (स्थान एवं पदों का आरक्षण और आवंटन) नियमावली, 1994 के तहत कुल सीटों में एक-तिहाई पद महिलाओं के लिए आरक्षित होना अनिवार्य है, इसी क्रम में रानीचौड़ वार्ड को महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। वहीं, राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखण्ड के निर्देशानुसार डीएम ने चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु अधिकारियों की तैनाती भी कर दी है। उप जिलाधिकारी नीतू डांगर को अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन अधिकारी (आरओ) तथा डॉ. नारायण सिंह को सदस्य पद के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही खंड विकास अधिकारी मोनिका पाल को अध्यक्ष पद हेतु तथा उप शिक्षा अधिकारी संजय कुमार भट्ट को सदस्य पद के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ) नामित किया गया है। डीएम ने सभी अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से चुनाव प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूरी चुनाव प्रक्रिया नियमों और पारदर्शिता के तहत संचालित की जाएगी, जिससे किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर एक्शन

## जिला प्रशासन ने 46 स्कूलों को भेजा नोटिस, तीन दिन में जवाब तलब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** निजी स्कूलों की चल रही मनमानी को लेकर जिला प्रशासन के साथ शिक्षा विभाग की एक्शन मोड़ में है। प्रशासन की जांच के दौरान यह सामने आया कि कई स्कूलों ने अभिभावकों को एनसीईआरटी की सस्ती किताबों के बजाय निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर किया। इसके अलावा स्कूलों द्वारा तय दुकानों से ही किताबें और कॉपियां खरीदने के लिए अभिभावकों को निर्देशित करने वाली पर्चियां भी बरामद हुईं। जांच सही पाए जाने के बाद जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश के बाद प्रशासन और शिक्षा विभाग ने ऐसे शहर के 46 निजी स्कूलों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बुधवार को मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने बताया कि निजी स्कूलों के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायत को लेकर जिला. धिकारी के निर्देश के बाद जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी कर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।



मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी नोटिस में बताया गया है कि सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई की अध्यक्षता में गठित जांच समिति ने गंभीर अनियमितताएं पाई हैं, जिनमें विशेष दुकानों से किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों को बाध्य करना, महंगी किताबें थोपना, सीबीएसई के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन और स्कूलों की वेबसाइट पर आवश्यक सूचनाओं और फीस संरचना का सार्वजनिक न किया जाना शामिल है। नोटिस में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह कृत्य शासन/प्रशासन और सीबीएसई के निर्देशों का उल्लंघन है, जिसे गंभीरता से लिया गया है। जांच के दौरान शहर के 46 निजी स्कूलों और बुक सेलर्स के गठजोड़ का खुलासा होने के बाद इन स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने बताया कि सभी संबंधित स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे 11 अप्रैल तक शाम 5 बजे तक अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। यदि तय समय में संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया या जवाब नहीं मिला, तो स्कूलों के खिलाफ मान्यता/संबद्धता की समीक्षा और अन्य प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

### इन 46 स्कूलों को भेजा नोटिस

वेदान्तम इंटरनेशनल स्कूल दमुवादुंगा, ग्रीन सिटी पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, आदर्श पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, आरूष पब्लिक स्कूल, कुंवरपुर हल्द्वानी, न्यू बाल संसार पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, चिल्ड्रन वैली पब्लिक स्कूल, बरेली रोड हल्द्वानी, डी लैम्प पब्लिक स्कूल दमुवादुंगा, दपर्ण चिल्ड्रन गार्डन पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, ईमैनुअल पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, ग्रीन वुड पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, जी-किड्स पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, हिमालया विद्या मन्दिर हल्द्वानी, इन्सपिरेशन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल हल्द्वानी, देवभूमि पब्लिक स्कूल देवलचौड़, जय दुर्गे पब्लिक स्कूल दमुवादुंगा, किड्स केयर पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, किंग्सफोर्ड पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, काठगोदाम पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, लिटिल जीनियस पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, लिटिल स्पार्कल एकेडमी हल्द्वानी, मानस पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, नेशनल पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, न्यू सनसाईन पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, शेमफोर्ड पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, सेंट लुक्स पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, श्रीकृपा पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, सेंट जार्ज पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, सनराईज पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, समिट पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, विवेकानन्द पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, सन बीम पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, एसकेएम पब्लिक स्कूल देवलचौड़, फन विथ ड्राइंग पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, टेंडर फीट पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, विजडम पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, वुडलैंड पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, वीवीएम पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, होली एंजेल पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, पीडी मैमोरियल पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, न्यू फैंग लैंड पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, राईजिंग स्टार पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, स्प्रिंग फील्ड पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, दून पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल हल्द्वानी, आर्यमान विक्रम बिड़ला पब्लिक स्कूल को कारण बताओं नोटिस दिया गया।

### बिना मान्यता संचालित विद्यालयों की जांच के निर्देश

**नैनीताल।** मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने जनपद में बिना मान्यता के संचालित निजी विद्यालयों की सूचना प्राप्त होने पर उनके अभिलेखों के परीक्षण के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक तथा खंड एवं उप शिक्षा अधिकारियों को अपने क्षेत्र में संचालित निजी विद्यालयों का सत्यापन कर प्रमाणिक जानकारी मुहैया कराने को कहा है। निर्देशों के अनुसार प्रत्येक विद्यालय की मान्यता स्थिति, यूडाइस कोड, संबंधित बोर्ड तथा मान्यता की तिथि एवं वैधता, तथा सक्षम अधिकारी का नाम. पदनाम सहित अभिलेखों की प्रति संकलित कर 10 अप्रैल 2026 तक संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए साथ ही खंड एवं उप शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि संकलित सूचनाएं 11 अप्रैल 2026 तक मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय को मुहैया कराई जाएं जिससे आगे आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## नैनीताल में शराब की ओवर रेटिंग पर एसडीएम का छापा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल स्थित



अंग्रेजी शराब की दुकान पर ओवर रेटिंग की लगातार शिकायतों के बाद प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। बुधवार को एसडीएम नवाजिश खलिक के नेतृत्व में टीम ने दुकान पर छापेमारी की जिससे दुकान संचालकों में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जिसकी रिपोर्ट डीएम को भेज दी गई है। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम को तल्लीताल मालरोड में अंग्रेजी शराब की दुकान में एसडीएम ने अचानक छापेमारी की। इस दौरान एसडीएम को देख दुकान में काम करने वालों में हड़कंप मच गया। इस दौरान दुकान में निर्धारित रेट लिस्ट प्रदर्शित नहीं पाई गई वहीं स्वाइप मशीन की जांच में भी तय कीमत से अधिक वसूली की पुष्टि हुई। लंबे समय से चल रही इस गड़बड़ी के चलते हजारों पर्यटकों से अतिरिक्त चार्ज वसूला गया होगा। स्थानीय लोगों और पर्यटकों द्वारा कई बार ओवर रेटिंग की शिकायतें प्रशासन तक पहुंचाई गई थीं जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। एसडीएम ने बताया कि पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को भेज दी गई है और रिपोर्ट के आधार पर संबंधित दुकान संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद अन्य शराब दुकानों में भी खलबली मच गई है।

## एक नजर

**भाजपाईयों की कार्यशाला में कई मुद्दों पर गहन मंथन**

**नैनीताल।** विधानसभा नैनीताल के विकासखंड बेतालघाट के मंडल गरमपानी महिला सभागार में बुधवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय नामक कार्यशाला हुई जिसमें मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट द्वारा कार्यशाला की अध्यक्षता की गई। कार्यशाला में पार्टी से जुड़े कई मुद्दों पर विस्तार से गहन मंथन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र सिंह नेगी व वर्कपालक रमेश सुयाल एवं मंच संचालन मदन मोहन कैड़ा द्वारा किया गया। इस मौके पर मण्डल उपाध्यक्ष विनोद जलाल और मण्डल उपाध्यक्ष डा. भुवन चंद्र आर्या और महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला जीना, युवा मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी तथा किसान मोर्चा अध्यक्ष भरत बोरा व सैकड़ों कार्यकर्ता कार्यशाला में उपस्थित रहे।

### युवक पर मारपीट का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में स्कूटी हटाने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार तल्लीताल निवासी सुमित साह ने शिकायत करते हुए कहा है कि तल्लीताल थाना क्षेत्र में 28 मार्च की रात करीब 9.50 बजे एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार पीड़ित के भाई मनोज साह दुकान बंद कर घर लौट रहे थे तभी एक व्यक्ति द्वारा दुकान के सामने स्कूटी खड़ी कर दी गई। स्कूटी हटाने का अनुरोध करने पर आरोपी कथित तौर पर आक्रोशित हो गया और गाली. गलौज करते हुए मारपीट कर दी। घटना में पीड़ित को गंभीर चोटें आईं जिसके बाद परिजनों ने उपचार कराया और पुलिस में शिकायत दी। एसओ मनोज नयाल ने बताया कि पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत हरीश सिंह रौतेला समेम सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### तेजाब पीने से अधेड़ की हालत बिगड़ी

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में मंगलवार देर शाम एक अधेड़ व्यक्ति के गलती से तेजाब पी लेने का मामला सामने आया है। तेजाब पीते ही मुंह और पेट में तेज जलन होने लगी, जिसके बाद वह घबराकर खुद ही अस्पताल पहुंचाए जहां डाक्टरों ने तत्काल उपचार शुरू किया। मल्लीताल निवासी हेम जोशी (45) ने अनजाने में तेजाब पी लिया। अचानक तबीयत बिगड़ने पर वह खुद ही अस्पताल पहुंचे। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए भर्ती कर लिया। बीडी पांडे अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डा. एमएस दुग्ताल ने बताया कि मरीज को आवश्यक उपचार दिया गया है और फिलहाल उसे निगरानी में रखा गया है। उन्होंने कहा कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### अस्पताल से बैग उठाने वाला सीसीटीवी में कैप्चर

**नैनीताल।** नगर के बीडी पांडे जिला अस्पताल से एक युवक द्वारा बैग उठाने का मामला सामने आया है। बैग में महत्वपूर्ण सामान होने की बात कही जा रही है, जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। घटना के बाद से पुलिस युवक की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार हेमंत कुमार ने बताया कि एक युवक अस्पताल परिसर से उनका बैग उठा ले गयाए जिसमें बेहद जरूरी सामान रखा हुआ था। बैग चोरी होने की जानकारी मिलते ही उन्होंने पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जिसमें संदिग्ध युवक बैग ले जाते हुए नजर आया है। एसएसआई दिनेश जोशी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## धतूरा के सेवन से हालत बिगड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र में जहरीले पौधे धतूरा के सेवन से एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए। सभी को देर रात बीडी पांडे अस्पताल नैनीताल में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार के निगलाट सिरोड़ी निवासी लक्ष्मी देवी मंगलवार शाम खेत में सब्जी तोड़ने गई थीं। आंखों से कम दिखाई देने के कारण वह अनजाने में साग के साथ धतूरा भी तोड़ लाई। शाम को लक्ष्मी देवी, उनके बेटे करन रौतेला और बहू प्रियंका ने वही सबजी और रोटी खा ली। खाना खाने के कुछ ही देर बाद तीनों की तबीयत बिगड़ने लगी और उन्हें चक्कर आने लगे। वरिष्ठ फिजिशियन डा. एमएस दुग्ताल ने बताया कि धतूरा एक जहरीला पौधा है जिसके सेवन से चक्कर आना, उलझन तथा बेहोशी जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। समय पर इलाज मिलने से मरीजों की हालत अब स्थिर बताई जा रही है।

### स्कूलों में नई समय सारिणी अव्यावहारिक: शैलेंद्र चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** माध्यमिक शिक्षक संघ जिला नैनीताल ने विद्यालय संचालन की



समय सारणी में शासन द्वारा किए गए संशोधन का शिक्षकों द्वारा विरोध किया है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षक संघ नैनीताल के अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया तथा सर्वसममति से निर्णय लिया गया कि इस आदेश का विरोध किया जाएगा। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि इस निर्णय को जबरन लागू किया गयाए तो संगठन व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व राजकीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ एवं अन्य शिक्षक संगठनों ने भी इस समय विभाजन का विरोध दर्ज कराया है।

## शिक्षा विभाग के प्रतिनियुक्ति पर गए कार्मिकों की होगी वापसी: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों, विभागीय कार्यालयों व अन्य विभागों में लम्बे समय से सम्बद्ध व प्रतिनियुक्ति पर गये शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कार्मिकों को मूल तैनाती स्थल पर भेजा जायेगा। प्रदेशभर के सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने जनपदों की सूची एक सप्ताह के भीतर शिक्षा महानिदेशक को उपलब्ध कराने को कहा गया है।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शिक्षा विभाग में मानव संसाधनों के प्रभावी उपयोग एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये बड़ा कदम उठाया है। डॉ. रावत ने लम्बे समय से विभिन्न स्कूलों, विभागीय कार्यालयों एवं



अन्यत्र विभागों में सम्बद्ध अथवा प्रतिनियुक्ति पर गये शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कार्मिकों का ब्यौरा तलब किया है। जिसमें कार्मिक का नाम, पद, मूल तैनाती स्थल, वर्तमान कार्यस्थल, प्रतिनियुक्ति अथवा अटैचमेंट की अवधि एवं कारण सहित सभी आवश्यक जानकारियां मांगी गई है। डॉ. रावत ने सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने जनपदों के विभिन्न स्तरों पर अटैच

**■ कहा, सभी सीईओ एक सप्ताह में शिक्षा महानिदेशक को उपलब्ध कराएं सूची**

किए गए कार्मिकों का पूरा विवरण एक सप्ताह के भीतर महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि मूल तैनाती से इतर दूसरी जगहों पर कार्यरत शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कार्मिकों को वापस भेजा जा सके। डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं परिणाममुखी बनाना है। इसके लिए यह आवश्यक है कि विद्यालयों में शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा अनावश्यक रूप से अन्यत्र तैनात कार्मिकों की स्थिति का आकलन किया जाए। उन्होंने कहा कि कई मामलों में विद्यालयों में शिक्षकों की कमी की शिकायतें मिलती हैं, जबकि बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी विभिन्न कार्यालयों या अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति या अटैचमेंट पर कार्यरत हैं। डॉ. रावत ने कहा कि तीन वर्ष से अधिक समय से प्रतिनियुक्ति अथवा अचौट पर गये कार्मिकों की व्यापक समीक्षा की जाएगी। जिन कार्मिकों की प्रतिनियुक्ति या अटैचमेंट आवश्यक नहीं पाया जाएगा, उन्हें मूल तैनाती पर वापस भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

### निधि टम्टा का हिम ज्योति स्कूल में चयन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय मल्लीताल नैनीताल की



छात्रा निधि टम्टा का चयन हिम ज्योति स्कूल देहरादून के लिए हुआ है। बता दें निधि टम्टा नगर के बलबीर राम एवं रजनी देवी की पुत्री हैं। इस कामयाबी पर विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय प्रशासन ने इसे राजकीय विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण कामयाबी बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं परिश्रम से इस प्रकार की सफलताएं अन्य विद्यार्थियों के लिये भी प्रेरणादायी होती हैं।

## सरकार एसओपी में संशोधन करे: हाईकोर्ट

### चारधाम यात्रा में फैली अव्यवस्थाओं का मामला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने चारधाम यात्रा में फैली अव्यवस्थाओं और तीर्थ स्थलों में पशुओं के साथ हो रही क्रूरता के मामले पर पशु प्रेमी गौरी मौलेखी व धर्मगुरु अजय गौतम सहित कई अन्य की ओर से दायर जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट की खण्डपीठ ने तीर्थ स्थलों में जानवरों पर हो अत्याचार को कम करने व श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल सगुम बनाए जाने को लेकर सरकार की तरफ से जारी एसओपी में फिर से संसोधन करने को कहा है साथ में मार्ग में चलने वाले पशुओं के लिए पशु चिकित्सालय के बारे में पशु प्रेमी के द्वारा दिये गए सुझाव पर भी विचार करने को कहा है। बुधवार को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि यात्रा को सरल सुगम व पशुओं की देखभाल करने के लिए पूर्व में ही सरकार ने नई एसओपी जारी कर दी गयी है। जिसपर कोर्ट ने कहा कि यात्रा में किसी को कोई परेशानी न हो उस एसओपी का एक बार पुन: मूल्यांकन किया जाय। अब कोर्ट इस मामले में तीन सप्ताह बाद सुनवाई करेगी है। बुधवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई।

**अनियमितताओं की शिकायत पंचायत राज विभाग में करें दर्ज**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने विकास खण्ड कालसी जिला देहरादून के ग्राम खाती में ग्राम प्रधान के द्वारा मनरेगा में रजिस्टर्ड मजदूरों के बजाय अपने लोगों को इसका लाभ दिए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने याचिका को निस्तारित करते अनियमितताओं की शिकायत पंचायत राज विभाग में दर्ज करने को कहा है। मामले के अनुसार खाती गांव निवासी गोपाल सिंह ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उनके गांव में वर्ष 2024 में मनरेगा के तहत कई विकास कार्य होने थे। जिनको पूर्ण करने के लिए बेरोजगार ग्रामीणों को अधिकृत किया गया था और उनके जॉब कार्ड भी भरे गए थे। लेकिन ग्राम प्रधान के द्वारा उसका लाभ जॉब कार्ड धारकों को न देते हुए हुए अपने सगे सम्बन्धियों और सरकारी विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के फर्जी मस्टरोल भरकर भुगतान कराया गया है। जो की मनरेगा के तहत रोजगार पाने वाले बेरोजगार मजदूरों के हित के खिलाफ है। ग्राम प्रधान के द्वारा जॉब कार्ड धारकों के रोजगार के अधिकार को छीना गया है। इसलिए इस मामले की जांच कराई जाए।

### ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा दायर याचिकाओं को हाईकोर्ट ने किया खारिज

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सेवानिवृत ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा दायर उन याचिकाओं को खारिज कर दिया है जिनमें उन्होंने दूसरे और तीसरे वित्तीय उन्नयन (एसीपी) के तहत उच्च ग्रेड पे की मांग की थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ताओं को राज्य सरकार की नीति के अनुसार पहले से ही देय लाभ मिल चुके हैं और उनके दावे का कोई ठोस आधार नहीं है। बता दें ये याचिकाएं सेवानिवृत ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा दायर की गई थीं जिन्होंने पहले भी 2012 में कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उस समय अदालत ने सरकार को निर्देश दिया था कि 8 मार्च 2011 के शासनादेश के तहत इन कर्मचारियों से विकल्प मांगा जाए। सरकार के निर्देशानुसार याचिकाकर्ताओं ने एसीपी योजना का विकल्प चुना था जिसके तहत उन्हें ब्लॉक विकास अधिक. ारी और जिला विकास अधिकारी के पद के समकक्ष वेतनमान दिए गए थे। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने अपने आदेश में कहा कि चूंकि याचिकाकर्ताओं को लागू नीति के अनुसार लाभ मिल चुका है इसलिए अलग से कोई विशेष प्रावधान नहीं किया जा सकता। इसी के साथ कोर्ट ने हस्तक्षेप की गुंजाइश न देखते हुए सभी याचिकाओं को निष्प्रभावी घोषित कर दिया।

## अपराधियों पर दून पुलिस का 'प्रहार'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा अपराधियों के हौसले पस्त करने के लिए एसएसपी देहरादून के नेतृत्व में श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत पुलिस की अलग-अलग टीमें जनपद के कोने-कोने में सघन चेकिंग कर रही हैं।पुलिस महानिरीक्षक और एसएसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान में एंटी टेररिस्ट स्क्वाड को भी शामिल किया गया है। पुलिस और एटीएस की संयुक्त टीमें

**■ एटीएस के साथ सड़कों पर उतरे जवान**

शहर के मुख्य चौराहों, सार्वजनिक स्थानों और संवेदनशील इलाकों में प्रत्येक वाहन और संदिग्ध व्यक्ति की कड़ाई से चेकिंग कर रही हैं।ऑपरेशन के दौरान पुलिस विशेष रूप से रात के समय बिना किसी कारण सड़कों पर घूमने वाले व्यक्तियों से पूछताछ कर रही है। जिन व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध पाई जा रही हैं, उन्हें तत्काल हिरासत में लेकर संबंधित थानों में पूछताछ के लिए लाया जा रहा है। पुलिस द्वारा वाहनों के दस्तावेजों की जांच के साथ-साथ संदिग्धों का आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि श्ऑपरेशन प्रहारश का उद्देश्य जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखना और अपराध की योजना बना रहे असामा. जिक तत्वों पर नकेल कसना है। पुलिस की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी ताकि आम नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें। पुलिस ने जनता से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## प्रधान संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष बनीं सीमा पाठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विकासखंड के जयपुर खीमा की ग्राम प्रधान सीमा पाठक को ग्राम प्रधान संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है। इस नियुक्ति को ग्रामीण स्तर पर विकास योजनाओं के धरातल पर सफल क्रियान्वयन और ग्राम पंचायतों के सुदृढ़ीकरण का अवसर माना जा रहा है। सीमा पाठक की ताजपोशी पर सैंकड़ों लोगों ने खुशी व्यक्त की। सांसद अजय भट्ट, विधायक डाक्टर मोहन बिष्ट, पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र दुर्गापाल,



पूर्व विधायक नवीन चंद्र दुमका, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरेंद्र बोरा, पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह खनवाल, डा. बालम बिष्ट, एडवोकेट सहित ग्राम प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख कमल भंडारी, ग्राम प्रधान रुक्मणी नेगी, रमेश जोशी, विपिन जोशी, मुकेश दुमका, एडवोकेट ललित मोहन सनवाल, गीता बिष्ट, पूजा बिष्ट और क्षेत्र पंचायत सदस्य संगठन के प्रदेश संयोजक राजेंद्र दुर्गापाल ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

## पालिका चुनाव मामले में सुनवाई आज भी होगी

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने ऊधमसिंहनगर के किच्छा सिरोली कला में नगर पालिका का चुनाव अभी तक नही करने के की मांग को लेकर दायर याचिका याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वीरवार आज तक कोर्ट को यह बताएं कि यहां कब तक चुनाव कराए जा सकते हैं वर्तमान स्थिति से अवगत कराएं। इस संबंध में राज्य चुनाव आयोग और राज्य सरकार वीरवार आज तक स्थिति से अवगत कराएं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई वीरवार आज भी जारी रखी है।

## आंदोलित डिप्लोमा इंजीनियर्स पहुंचे अब गोलू देवता के दरबार में

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने अपनी 27 सूत्रीय मांगों के पूरा नहीं होने के विरोध में अपनी मांगो को पूरा करने के लिए सामूहिक अर्जी



घोड़ाखाल गोल्जू मन्दिर में लगाई और सभी ने यह कामना की कि जल्द ही सरकार को सद्बुद्धि मिले और यह हड़ताल जल्द से जल्द समाप्त हो व आम जनमानस को हो रही असुविधा और समस्या से भी जल्द ही मुक्ति मिले। अर्जी लगाने के बाद आंदोलित डिप्लोमा इंजीनियरों ने बैठक कर सरकार की हटधर्मिता पर आक्रोश व्यक्त किया। सभी ने आह्वान किया कि जब तक शासन-प्रशासन जायज मांगों को नहीं मानती सभी इसी प्रकार हड़ताल कार्यक्रम में बैठेंगे। इस दौरान दीप चौधरी, विपिन पुरोहित शाखा सचिव महासंघ द्वारा किया गया इसके अतिरिक्त ई. सुरेश सिंह डंगवाल, दिनेश सिंह, मनमोहन सिंह, तुला राम टम्टा, बबीता, गोविन्द सिंह जनोटी, जीबी जोशी, कैलाश रौतेला, नीरज तिवारी, विपिन पुरों. हत, इकराम, मदन राम, विजय सिंह बिष्ट, विवेक सिंह, वंदना, मनोज फर्त्याल, गायत्री तिवारी तथा शिवानी पाल आदि समस्त सदस्य उपस्थित हुए।

## मूसलाधार बारिश से जन जीवन प्रभावित

### जीवनदायिनी नैनी झील का जलस्तर पहुंचा 80 फीट 4 इंच

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में मंगलवार देर रात्रि से लेकर बुधवार को हुई मूसलाधार वर्षा ने जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 24 घंटों में प्रात: 8 बजे तक 19 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई जोकि शीतकाल के पिछले चार माह में किसी एक दिन हुई सर्वाधिक वर्षा बतायी जा रही है। उल्लेखनीय है कि एक जनवरी से अब तक कुल 136 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। भारी वर्षा के कारण नाले ऊ ान पर आ गए हैं और बड़ी मात्रा में मलबा व कूड़ा झील में पहुंच रहा है। वर्षा से नैनी झील का जलस्तर बढकर 80 फीट 4 इंच पहुंच गया है जो पूर्व वर्षो की तुलना में 5 से 6 फीट अधिक है। बारिश की वजह से



तापमान में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों में अधि. कतम तापमान 19.3 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रहा।

**बारिश के बाद नालों से नैनी झील में पहुंचा कूड़ा**

**नैनीताल।** मंगलवार रात और बुधवार को हुई बारिश के चलते शहर के नालों के जरिए भारी मात्रा में कूड़ा झील में पहुंच गया जिससे झील का बड़ा हिस्सा कचरे से पट गया। इस स्थिति ने पालिका की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बारिश के दौरान नालों में जमा कूड़ा बहकर सीधे झील में जा पहुंचा। सुबह जब लोगों की नजर झील पर पड़ी तो उसमें प्लास्टिक, पॉलिथीन व अन्य कचरा तैरता दिखा। स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने इसे लेकर नाराजगी जताई और नियमित सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाए। मामले में नगर पालिका द्वारा सफाई अभियान शुरू किया गयाए लेकिन झील में इतनी बड़ी मात्रा में कूड़ा पहुंचने से व्यवस्थाओं की पोल खुलती नजर आई। लोगों का कहना है कि यदि समय पर नालों की सफाई होती, तो यह स्थिति नहीं बनती। ईओ रोहिताश शर्मा ने बताया कि बारिश के कारण नालों से कूड़ा झील में आ गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही झील से कूड़े को पूरी तरह हटा दिया जाएगा और भविष्य में ऐसी स्थिति न बने इसके लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

## युवा कांग्रेस संगठनात्मक चुनाव में गोपाल भट्ट की टीम का दबदबा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव परिणामों में अल्मोड़ा एवं रानीखेत जिलों में अभूतपूर्व सफलता दर्ज की गई है। अल्मोड़ा जिला अध्यक्ष पद पर विक्रम सिंह फर्त्याल तथा रानीखेत जिला अध्यक्ष पद पर चंदू वर्मा एवं



उनकी टीम ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। यह जीत पूर्व राष्ट्रीय संयोजक, पूर्व प्रदेश महासं. च व एनएसयआई, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं युवा कांग्रेस नेता अधिवक्ता गोपाल भट्ट के नेतृत्व में लड़ी गई, जिसमें जिला अध्यक्ष सहित सभी पदों पर एकतरफा विजय प्राप्त हुई। निकटवर्ती प्रत्याशियों को बड़े अंतर से पराजित किया हैं। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह फर्त्याल ने कहा किसान मजदूर के बेटे का जिला अध्यक्ष बनाना बड़ी बात है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि युवा कांग्रेस आने वाले समय में जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती के साथ कार्य करेगी तथा संगठन को और सशक्त बनाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन की यह जीत आने वाले राजनीतिक परिदृश्य में युवाओं की भूमिका को और अधिक मजबूत करेंगे।

# आस्ट्रेलिया ने महिला खिलाड़ियों की कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी की

**सिडनी।** उभरती हुई तेज गेंदबाज लूसी हैमिल्टन और क्लोई आइन्सवर्थ को 2026-27 सीजन के लिए राष्ट्रीय महिला कॉन्ट्रैक्ट दिए गए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने कई बड़े टी20 टूर्नामेंट से पहले अपनी तेज गेंदबाजी की ताकत को और मजबूत किया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को 18 खिलाड़ियों की एक लिस्ट जारी की, जिसमें पिछले साल के मुकाबले तीन नए नाम जोड़े गए हैं। इसमें तस्मानिया की ऑलराउंडर निकोला कैरी की भी राष्ट्रीय कॉन्ट्रैक्ट में वापसी हुई है। हैमिल्टन को अपना पहला राष्ट्रीय कॉन्ट्रैक्ट तब मिला, जब उन्होंने मार्च में सिर्फ 23 दिनों के अंदर क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में डेब्यू किया। 19 साल की इस बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने, जिन्होंने 2025 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम की कप्तानी की थी, होबार्ट में भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में पहली बार ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के लिए मैच खेला।

इसके कुछ ही दिनों बाद वाका मैदान पर उन्हें उनकी 'बैगी ग्रीन' कैप दी गई। इसी महीने के आखिर में सेंट विसेंट में वेस्ट इंडीज के खिलाफ उन्होंने टी20 में भी डेब्यू किया। दाएं हाथ की गेंदबाज आइन्सवर्थ द्ध20 सालऋ को अभी तक ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम में शामिल नहीं किया गया है, लेकिन 2023 में पर्थ स्कोचर्स के लिए शानदार प्रदर्शन करने के बाद से ही उन्हें भविष्य की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी माना जा रहा है।

अपने पहले तीन डब्ल्यूबीबीएल सीजन में आइन्सवर्थ ने 22-30 की औसत से 40 विकेट लिए हैं, उनकी इकॉनमी रेट 6-96 रही है, और उन्हें दो बार 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट' में भी शामिल किया गया है। वहीं, कैरी को जनवरी में भारत के खिलाफ हुई मल्टी-फॉर्मेट सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी करने के बाद राष्ट्रीय कॉन्ट्रैक्ट में अपग्रेड मिला है। अब उन्हें अगले 12 महीनों के लिए टीम में पक्का कर लिया गया है। 32 साल की इस खिलाड़ी ने 2023 में राष्ट्रीय कॉन्ट्रैक्ट लेने से मना कर दिया था, ताकि वे तस्मानिया के साथ ट्रेनिग और खेलने में ज्यादा समय बिता सकें। इससे पहले के सालों में वे ऑस्ट्रेलियाई टीम की रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर लंबे समय तक सफर पर ही रहती थीं। उनका यह फैसला सही साबित हुआ। उन्होंने अपने खेल को और बेहतर बनाया, भारत और इंग्लैंड में होने वाले फेंचाइजी टूर्नामेंट में खेलने के मौके हासिल किए, और आखिरकार अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में वापसी का दावा मजबूत कर लिया।

# ऑरेंज और पर्पल कैप पर आरआर ने किया कब्जा




**गुवाहाटी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में ऑरेंज और पर्पल कैप पर राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाड़ियों को कब्जा जमा लिया हैं।

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) सलामी के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ 11-ओवर के मैच में मात्र 32 गेंदों पर नाबाद 77 रन ठोक डाले। इस पारी के साथ टूर्नामेंट में तीन पारियों में उनके 170 रन हो गए हैं और अब उनके पास ऑरेंज कैप है। मुम्बई इंडियंस के खिलाफ जायसवाल की विस्फोटक पारी ने उन्हें समीर रिजवी के रनों से दस रन आगे पहुंचा दिया। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के इस बल्लेबाज ने दो मैच जिताने वाली पारियों के साथ सीजन की शानदार शुरुआत की है और वह 160 रन पर हैं। उन्होंने हालिया मैच में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ 90 रन बनाए थे। अब तक छह अन्य बल्लेबाज भी 100 रन के पार पहुंच चुके हैं, जिनमें हाइनरिंक क्लासन (सनराइजर्स हैदराबाद), वैभव सूर्यवंशी (आरआर) और रोहित शर्मा (एमआई) शामिल हैं। वहीं पर्पल कैप की बात की जाए आरआर का ही एक खिलाड़ी रवि बिश्नोई आगे है।

एमआई के खिलाफ दो ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट लेने के बाद उनके कुल विकेट सात हो गए हैं। इससे पहले उन्होंने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ 41 रन देकर 4 विकेट लिए थे। अब चार अन्य गेंदबाज दूसरे स्थान पर बराबरी पर हैं, जिनके पांच-पांच विकेट हैं- विजयकुमार वैशाक (पंजाब किंग्स), अंशुल कंबोज (चेन्नई सुपर किंग्स), नांद्रे बर्गर (आरआर) और जैकब डफी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु)।

# कोलकाता नाइट राईडर्स पहली जीत की तलाश में

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स की पहली जीत की तलाश तब सबकी नजरों का केंद्र होगी, जब वे गुरुवार को ईडन गार्डन्स में लखनऊ सुपर जायंट्स की मेजबानी करेंगे।

यह मुकाबला दोनों टीमों की अलग-अलग फॉर्म, खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन और बढ़ते दबाव के बीच खेला जाएगा। कोलकाता और लखनऊ के बीच होने वाला यह मैच अब एक ऐसी कहानी बन गया है, जिसमें एक संघर्षरत टीम अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश कर रही है, जबकि दूसरी टीम आईपीएल में ज्यादा संतुलित और लय में नजर आ रही है। केकेआर के लिए, इस कहानी की मुख्य बातें हैं-जल्दबाजी और टीम के सभी 11 खिलाड़ियों के प्रदर्शन में लगातार उतार-चढ़ाव। बल्लेबाजी की शुरुआत में, अजिक्य रहाणे ने सीजन की शुरुआत में 40 गेंदों पर 67 रन बनाकर उम्मीद जगाई थी, लेकिन उसके बाद खेली गई पारियों में उनका स्कोर गिरकर 6 गेंदों पर 8 और 16 रन रह गया है। फिन एलन ने एक मैच में 7 गेंदों पर 28 रन बनाकर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी की झलक दिखाई थी और उनका स्ट्राइक रेट भी काफी अच्छा है, भले ही अन्य मैचों में उनका कुल स्कोर 6 और 28 रन ही रहा हो। अंगकृष रघुवंशी टीम के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज रहे हैंद्ध उन्होंने तीन पारियों में दो अर्धशतक लगाते हुए कुल 110 रन बनाए हैं, हालांकि अपने पिछले मैच में वे 7 गेंदों पर सिर्फ 7 रन ही बना पाए थे। कैमरन ग्रीन अब तक कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं और तीन मैचों में सिर्फ 24 रन ही बना सके हैं। मध्यक्रम में, रिंकू सिंह ने पिछले मैचों में 33 और 35 रन बनाकर लगातार टीम में अपना योगदान दिया है। निचले क्रम के बल्लेबाजों से ज्यादा मदद न मिलने के बावजूद, वे टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक रहे हैं। रमनदीप सिंह और अनुकूल रॉय अब तक कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए हैं और उनके खाते में बहुत कम रन ही दर्ज हैं। गेंदबाजी की बात करें तो, ब्लेसिग मुजरबानी टीम के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैंद्ध उन्होंने एक मैच में 41 रन देकर 4 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया था। वैभव अरोड़ा ने 3 विकेट जरूर लिए हैं, लेकिन वे काफी महंगे साबित हुए हैं, वहीं कार्तिक त्यागी भी अपनी ऊंची इकॉनमी रेट द्धरन देने की दरऋ को लेकर संघर्ष करते नजर आए हैं। सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती के रूप में स्पिन गेंदबाजी के विकल्प टीम के लिए बेहद अहम हैं, लेकिन कुल मिलाकर टीम के गेंदबाज दो मैचों में सिर्फ 11 विकेट ही ले पाए हैं, जो उनके प्रदर्शन में आई निरंतरता की कमी को दर्शाता है। दूसरी ओर, लखनऊ की टीम अपनी हालिया जीत से मिली नई ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ इस मुकाबले में उतर रही है। टॉप पर, मिशेल मार्श ने दो पारियों में 49 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दी है, जबकि एडेन मार्करम काफी सहज दिखे हैंद्ध उन्होंने 27 गेंदों में 45 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट भी काफी आक्रामक रहा है। ऋषभ पंत ने पारी को बखूबी संभाला हैद्ध पिछले मैच में एक दुर्भाग्यपूर्ण रन-आउट के बाद, उन्होंने 50 गेंदों में नाबाद 68 रन बनाए। इससे यह साबित होता है कि वे दबाव को झेलने और मैच को फिनिश करने की काबिलियत रखते हैं। मिडिल ऑर्डर का प्रदर्शन मिला-जुला रहा है। निकोलस पूरन ने इस सीजन में अभी तक कोई बड़ी पारी नहीं खेली है, लेकिन केकेआर के खिलाफ उनका रिंकॉर्ड काफी मजबूत रहा है। पिछले मुकाबलों में उन्होंने मैच जिताने वाली हाफ-सेंचुरी भी बनाई हैं। अब्दुल समद ने दो मैचों में कुल 52 रन बनाकर टीम में अपना योगदान दिया है, जबकि बाकी बल्लेबाजों का योगदान सीमित ही रहा है। गेंदबाजी की बात करें तो मोहम्मद शमी का प्रदर्शन असाधारण रहा है। पिछले मैच में उन्होंने 9 रन देकर 2 विकेट लिए और बेहद किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने अपनी सटीक और नियंत्रित गेंदबाजी से मैच का माहौल ही बदल दिया। आवेश खान ने पिछले मैच में 2 विकेट लिए, हालांकि उनकी इकॉनमी थोड़ी ज्यादा रही। वहीं, प्रिस यादव ने भी मैचों में कुल 2 विकेट लेकर अपना योगदान दिया है। दिग्विजय सिंह राठी को एक सहायक गेंदबाज के तौर पर इस्तेमाल किया गया है, लेकिन वे कभी-कभी काफी महंगे साबित हुए हैं। मणिमारन सिद्धार्थ और मुकुल चौधरी टीम को अतिरिक्त गहराई प्रदान करते हैं। इस मुकाबले का मुख्य आकर्षण यह है कि केकेआर सीजन की शुरुआत में मिली हार के सिलसिले को तोड़कर अपनी लय वापस पाने की कोशिश करेगा, जबकि एलएसजी अपनी हालिया सफलताओं को भुनाते हुए एक मजबूत और लय में चल रही टीम के साथ आगे बढ़ना चाहेगा। दोनों ही टीमों में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो या तो अपने बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं या फिर अपनी लय तलाश रहे हैं। ऐसे में, इस मैच का नतीजा किसी एक टीम के पूरी तरह हावी होने के बजाय, दबाव भरे पलों में खिलाड़ियों के अहम योगदान पर निर्भर करेगा। ईडन गार्डन्स की पिच बल्लेबाजों के लिए काफी मददगार मानी जाती है।




■ सबकी नजरों का केंद्र होगी केकेआर, जब वे गुरुवार को ईडन गार्डन्स में लखनऊ सुपर जायंट्स की मेजबानी करेगी, मुकाबला खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन व बढ़ते दबाव के बीच

# सूर्यवंशी ने बुमराह को भी सोचने के लिए मजबूर कर दिया: स्टेन

**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी के खिलाफ सही गेंदबाजी योजना बनाना बेहद ही मुश्किल है। यहां तक कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बुमराह के लिए भी यह एक टेढ़ी खीर है।



आईपीएल 2026 में अपना लगातार दूसरा मैच गंवाने के बाद मुंबई इंडियंस (एमआई) के कोच माहेला जयवर्धने ने आरआर से मैच हारने के बाद कहा कि हां, मुझे लगता है हमारे पास कुछ योजनाएं थी, लेकिन सच कहूं तो हम उन्हें उस तरीके से लागू नहीं कर पाए जैसा हम चाहते थे।ष्मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयवर्धने ने कहा, ष्हमें इस खतरे का अंदाजा था, खासकर जब बारिश के कारण मैच 11-11 ओवर का हो गया और शुरुआत में हमें खुलकर खेलने की छूट मिली। हमें सुनिश्चित करना था कि पहले चार-पांच ओवर हमारे लिए अहम हों। मुझे लगा कि हमने उनकी शुरुआत के बाद अच्छी वापसी की। लेकिन हां, हमने अपनी लाइन-लेंथ मिस की और उन्होंने बहुत अच्छा खेला। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरआर ने दीपक चाहर के पहले ओवर से 22 रन बनाए और पांच ओवर में उनकी टीम 80/1 तक पहुंच गई। जयवर्धने ने यह सही कहा कि एमआई ने वापसी की। छठे से दसवें ओवर के बीच सिर्फ 52 रन बने और आखिरी ओवर में 18 रन, लेकिन शुरुआत में हुआ नुकसान एमआई के लिए भारी साबित हुआ। हालांकि आरआर की बल्लेबाजी में जायसवाल स्टार रहे, जिन्होंने 32 गेंदों पर नाबाद 77 रन बनाए, लेकिन उतना ही असर सूर्यवंशी की पारी का भी रहा। उन्होंने 14 गेंदों पर 39 रन बनाए। डेल स्टेन ने कहा कि गेंदबाज, यहां तक कि बुमराह जैसे बेहतरीन खिलाड़ी भी, सूर्यवंशी के खिलाफ थोड़ा मानसिक दबाव में आ सकते हैं। स्टेन ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट शो में कहा, ष्सच कहूं तो उन्होंने गेंदबाजों में थोड़ा डर पैदा कर दिया है कि वह आपके पीछे बाउंड्री के लिए ही जाएगा। खासकर बुमराह की सूर्यवंशी को डाली गई पहली गेंद, जो मिड-ऑन के ऊपर गई। बुमराह की वह गेंद स्लॉट में थी।

# सिनर और अल्कराज ने क्ले-कोर्ट सीजन की जीत से की शुरुआत



**मोनाको।** जानिक सिनर और कार्लोस अल्काराज ने दुनिया के नंबर एक स्थान के लिए अपनी होड़ जारी रखी, क्योंकि उन्होंने मोंटे कार्लो मास्टर्स में दूसरे दौर में शानदार जीत के साथ अपने क्ले-कोर्ट सीजन की शुरुआत की। बिना कोई सेट गंवाए 'सनशाइन डबल' पूरा करने के बाद, सिनर को फ्रांसीसी खिलाड़ी ह्यूगो हम्बर्ट को 6-3, 6-0 से हराने में सिर्फ 64 मिनट लगे - उन्होंने दूसरे सेट में सिर्फ छह पॉइंट गंवाए। यह इस इतालवी दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी की लगातार 18वीं मास्टर्स 1000 जीत थी, जिसने अब इस स्तर पर लगातार 36 सेट जीते हैं।

# 15 साल के लड़के को इस तरह खेलते देखना दिलचस्प: हार्दिक

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच मैच से पहले क्रिकेट गलियारों में यही चर्चा थी कि जब वैभव सूर्यवंशी और जसप्रीत बुमराह एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे, तब क्या होगा।



क्या सूर्यवंशी, बुमराह को भी उसी तरह से खेल पाएंगे, जैसा वह अन्य गेंदबाजों को खेलते हैं या बुमराह के कौशल के आगे उन्हें अपना खेल बदलना होगा? लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। दूसरे ओवर में बुमराह जब नई गेंद के साथ सूर्यवंशी के सामने पहली बार आए, तो सूर्यवंशी ने उनका स्वागत लॉन्ग ऑन पर छक्के से किया। चौथी गेंद को जब बुमराह ने शॉर्ट किया तो सूर्यवंशी ने बैकफुट पर जाते हुए उसे पुल कर दिया। इसके बाद अगले ओवर में सूर्यवंशी ने ट्रेंट बोल्ट पर भी एक छक्का जड़ा। और जब शार्दुल ठाकुर, अगला ओवर लेकर आए तो सूर्यवंशी ने उन पर दो छक्के और एक चौका जड़कर 17 रन बंटोरे। हालांकि ठाकुर ने उसी ओवर की अंतिम गेंद पर डीप एक्स्ट्रा कवर पर कैच कराकर सूर्यवंशी की 14 गेंदों की 39 रनों की पारी का अंत कर दिया, जिसमें एक चौके और पांच गगनचुंबी छक्के शामिल थे। दर्शक, कॉमेंटेटर और क्रिकेट विशेषज्ञ, सब सूर्यवंशी और बुमराह की टक्कर देखना चाहते थे और अंत में पहली बाजी में सूर्यवंशी को ही जीत मिली। मैच के बाद एमआई के कप्तान हार्दिक पंड्या, सूर्यवंशी के मुरीद होते हुए दिखे। उन्होंने प्रजेंटेशन समारोह के दौरान कहा कि 16 या 17 द्धवास्तव में 15ऋ साल के लड़के को इस तरह खेलते देखना काफी दिलचस्प है। जिस तरह से वह बल्लेबाजी करते हैं और जिस तरह की निडरता उनके खेल में है, वह कमाल है। मैं उनको भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।ष वहीं आरआर के कप्तान रियान पराग ने कहा, ष्वैभव द्धसूर्यवंशीऋ कमाल का खिलाड़ी है। यह सिर्फ एकतरफा शॉट्स मारने वाली बल्लेबाजी नहीं है। जायसवाल पिछले तीन चार साल से लगातार ऐसा कर रहे हैं। उनकी स्किल और मैच्योरिटी उन्हें बाकी सब से अलग बनाती है।

# अर्जेंटीना दौरे के लिए 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम की घोषणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने 13 से 17 अप्रैल तक अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में होने वाले दौरे के लिए बुधवार को 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की।

विश्वस्तरीय अर्जेंटीना टीम के खिलाफ यह चार मैचों का दौरा एफआईएच हॉकी विश्वकप बेल्जियम और नीदरलैंड 2026 और एशियाई खेल के मद्देनजर महत्वूपूर्ण माना जा रहा है। इस टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती हुई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का बेहतरीन मेल है। यह टीम दिखाती है कि हाल के वर्षों में भारतीय महिला हॉकी ने कितनी गहराई हासिल की है और मुख्य कोच सजोर्ड मारिजने टीम से कितने ऊंचे मानकों की उम्मीद करते हैं। अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे टीम की कप्तानी जारी रखेंगी। वह भारत के मिडफील्ड को स्थिरता, सूझबूझ और नई ऊर्जा प्रदान करती हैं। शायद टीम में सबसे ज्यादा बेसब्री से जिस वापसी का इंतजार था, वह है फॉरवर्ड दीपिका की। वह चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी कर रही हैं। उनकी वापसी का मुख्य कोच विशेष रूप से स्वागत करेंगे, क्योंकि दीपिका एक ऐसे साल में भारत की मुख्य ड्रैग-फ्लिकर की भूमिका फिर से संभाल रही हैं, जो टीम के लिए बेहद अहम साबित होने वाला है। उनकी अनुपस्थिति में, नवनीत कौर, मनीषा चौहान, उदिता और अन्नू जैसी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विशेष रूप से, अन्नू ने क्वालिफायर के दौरान अपनी जोरदार ड्रैग-फ्लिक करने की क्षमता से सभी को प्रभावित किया। दीपिका की वापसी से टीम को और गहराई और अनुभव मिला है, जिससे टीम अब और भी अधिक संतुलित और आक्रामक नजर आ रही है। पिछले एक साल में नवनीत कौर भारतीय महिला हॉकी की सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरी हैं। वह आने वाले महत्वपूर्ण सीजन के लिए भारत की तैयारियों को आकार देने में अहम भूमिका निभाएंगी। भारत की अनुभवी गोलकीपर और भारतीय हॉकी की सबसे सम्मानित खिलाड़ियों में से एक सविता, हाल ही में हुए क्वालिफायर में न खेल पाने के बाद अब टीम में वापसी कर रही हैं। उनकी वापसी बिल्कुल सही समय पर हुई है। अर्जेंटीना की टीम भारत के डिफेंस की कड़ी परीक्षा लेगी, और इस चुनौती का सामना करने के लिए सविता से बेहतर कोई खिलाड़ी नहीं है। जब सविता क्वालिफायर के लिए उपलब्ध नहीं थीं, तब बिचू देवी ने आगे बढ़कर जम्मिेदारी संभाली और यह साबित कर दिया कि वह इस स्तर पर खेलने की पूरी हकदार हैं। युवा गोलकीपर ने अपनी उम्र से कहीं ज्यादा समझदारी, फुर्ती और संयम दिखाया, जिससे यह साबित हो गया कि भारत के पास अब गोलपोस्ट के बीच सचमुच बेहतरीन खिलाड़ी मौजूद हैं। सविता के साथ टीम में उनकी लगातार मौजूदगी से गोलकीपर की जगह के लिए स्वस्थ मुकाबला बना रहता है और कोचिग स्टाफ का भविष्य के लिए आत्मविश्वास बढ़ता है। डिफेंडर ज्योति और फॉरवर्ड मुमताज खान, जो दोनों ही क्वालिफायर में नहीं खेल पाई थीं, टीम में वापस आ गई हैं, जिसका स्वागत है। बलजीत कौर पिछले एक साल में भारतीय हॉकी की सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक रही हैं( उन्होंने अपनी तेजी और सीधे खेल से लगातार आक्रमण में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल करने के मामले में खुद को एक भरोसेमंद विकल्प साबित किया है, और टीम में उनका लगातार चयन इस बात को दिखाता है कि कोचिंग स्टाफ को उन पर कितना भरोसा है। मिडफील्डर वैष्णवी विठल फालके ने पिछले पूरे साल शानदार प्रदर्शन किया हैद्ध उन्होंने मैदान के बीच से टीम में नई ऊर्जा भरी है, गेंद पर अपना कब्जा बनाए रखा है और आगे बढ़कर रचनात्मक खेल दिखाया है। उनकी लगातार अच्छी परफॉर्मेंस ने उन्हें टीम में लगभग पक्की जगह दिला दी है, और अब वह दुनिया की सबसे बेहतरीन टीमों में से एक के खिलाफ खेलकर अपने खेल को और बेहतर बनाने की कोशिश करेंगी। ऋतुजा दादासो पिसाल, इशिका और साक्षी राणा भारतीय महिला हॉकी की तीन सबसे होनहार युवा प्रतिभाएंद्ध इन खिलाड़ियों ने अपने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के बाद से ही अपनी काबिलियत, आत्मविश्वास और खेल के प्रति जुनून से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है।



## उत्तराखंड के तेजस तिवारी का नाम लिम्का बुक ऑफ रिंकॉर्ड में दर्ज

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में हल्द्वानी के तेजस तिवारी को लिम्का बुक ऑफ रिंकॉड्र्स का प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणपत्र उन्हें जून 2023 में पांच वर्ष, पांच महीने और सात दिन की आयु में सबसे कम उम्र के एफआइडीई रैंक के शतरंज खिलाड़ी बनने के रिंकॉर्ड के लिए प्रदान किया गया । लिम्का बुक द्वारा प्रमाणपत्र की जारी तिथि जून 2024 है, जबकि यह प्रमाणपत्र उन्हें अप्रैल 2026 में प्राप्त हुआ। तेजस की यह उपलब्धि पूर्व में दर्ज हो चुकी है और अब आधिकारिंक प्रमाणपत्र प्राप्त होने से इसकी औपचारिंक पुष्टि हुई है। दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल हल्द्वानी के कक्षा तीन के छात्र तेजस ने 3-5 वर्ष की आयु से शतरंज खेलना शुरू किया। तेजस ने कम उम्र से ही अपने खेल के प्रदर्शन से देश- विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

## एसएसपी का ऑपरेशन प्रहार: छोटे से लेकर बड़े अपराधियों की तोड़ रहा है कमर

# जनपद पुलिस बदमाशों की कुंडली खंगालकर कर रही हर तरफ वार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** जनपद के पुलिस कप्तान नवनीत सिंह का ऑपरेशन प्रहार लगातार अपराधियों की कमर तोड़ रहा है। जनपद पुलिस बदमाशों की कुंडलियां खंगाल कर हर तरफ वार पर वार कर रही हैं इस ऑपरेशन प्रहार से बदमाशों में खौफ पैदा हो रहा है। और खास बात यह है कि छोटे चोरों से लेकर शातिर बदमाशों की भी कमर तोड़ी जा रही है। आरोपी हरिद्वार को छोड़कर नई पनाहगाह तलाश करने में लगे हैं लेकिन जनपद पुलिस की आक्रामकता अपराधियों के लिए काल साबित हो रही है। वहीं एसएसपी की पुलिसकर्मियों को आम जनता के साथ दोस्ताना व्यवहार की हिदायत का भी अब असर देखने को मिल रहा है। आम जनता पुलिस से दूर होने के बजाय अपनी बात खुलकर रख रही हैं और यह भी कड़वी हकीकत है कि आम जनता के साथ पुलिसकर्मियों का बेहतर तालमेल ही नशा खोरी व नशा तस्करों को पूरी तरह बेनकाब कर सकता है।

जनपद में लगातार हर रोज बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां हो रही हैं वाहन चोरों पर भी जनपद पुलिस कड़ा शिकंजा कस रही है। तो झपटमारों को भी ढूंढ ढूंढ कर तलाश कर रही है तो आवारगर्द व लफंडरों को भी नहीं बख्शा जा रहा हैं। पुलिस चेकिंग अभियान के जरिए भी अवैध असले रखने वालों वह असमाजिक तत्वों को को



दबोच रही है। ऑपरेशन प्रहार का खोफ अब न्यायालय से फरार चल रहे वारंटियों व अपराधियों में भी सीधा-सीधा पड़ रहा है।

अवगत करा दें कि नवनीत सिंह भुल्लर ने बतौर पुलिन कप्तान जनपद की कमान संभालते ही अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों को साफ हिदायत दी थी कि अपराधियों को किसी भी हाल में बक्शा ना जाए और आम जनता के साथ दोस्ताना व्यवहार किया जाए इसके बाद एसएसपी नवनीत सिंह ने फरार आरोपियों व बदमाशों की धर पकड़ के लिए ऑपरेशन

**❖वाहन चोरों पर शिकंजा कसने के साथ स्नैचरो को भी ढूंढकर दबोच रही है पुलिस**

**❖हिस्ट्रीशीटरों को भी कोतवालियों में परेड कराकर रखी जा रही है निगरानी**

प्रहार शुरू किया तो जनपद के सभी थानेदारों ने भी अपने अधीनस्थों को एसएसपी के फरमान पर अमल करने के लिए हिदायत देते हुए कहा कि फरार आरोपियों व बदमाशों पर टूट पड़ो और इसके बाद जनपद पुलिस इस कदर हरकत में आई की हर तरफ बदमाशों की धर पकड़ शुरू की गई चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। एसएसपी के इस ऑपरेशन से बदमाशों में खलबली मच गई है चेकिंग के दौरान जहां जनपद पुलिस ने अवैध असले बरामद किए गए तो न्यायालय से फरार चल रहे वारंटी को भी बड़ी तादाद में गिरफ्तार किया गया। हर थाना कोतवाली ने दिन-रात फरार आरोपियों की तलाश शुरू की तो उसका असर भी पूरी तरह देखने को मिला जब से एसएसपी का यह ऑपरेशन प्रहार चला है तब से लगातार जनपद पुलिस अपराधियों की रीड पर कड़ी चोट कर रही है। हिस्ट्रीशीटरो को जहां थानों में परेड कराकर शख्त हिदायत भी दी जा रही है कि अगर क्राइम में मुलब्विस रहे तो खैर नहीं होगी जनपद में हर तरफ पुलिसकर्मी मुस्तादी से आरोपियों की धर पकड़ में लगे हुए है।

## एसएसपी की आवाम से बेहतर तालमेल बनाने की सोच का दिखने लगा असर

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** एसएसपी का अपने अधीनस्थों को आम जनता के साथ दोस्ताना व्यवहार व बेहतर तालमेल बनाने का जो फरमान जारी किया था उसका भी असर अब देखने को मिल रहा है पुलिसकर्मी थानो पर आने वाले फरियादियों से बेहतर सुलूक कर रहे हैं तो आम जनता भी पुलिसकर्मियों से अपने दिल की बात करने से गुरेज नहीं कर रही है जिससे पुलिस की छवि आम जनता के बीच सुधरती दिख रही है।

क्योंकि पुलिस कर्मियों के आवाम के साथ अच्छे अखलाक व बेहतर तालमेल से ही अपराधियों को पकड़ने में मदद मिल सकती है और जब आवाम पुलिस को अपना दोस्त समझेगी तो फिर गैर कानूनी कामों में मुलव्विस लोगों की सूचना पुलिस को आसानी से मिलेगी। जिसका फायदा यह होगा कि नशाखोरी-तस्करी जैसे अपराधों पर आसानी से लगाम लग सकेगी तो अपराधी भी आसानी से छुप नहीं सकेंगे। आम जनता अगर चाहेगी तो खुद समाज में नशा घोलने वाले लोगों को पड़कर पुलिस सौंप देगी या फिर पकड़वाने में अच्छी मददगार साबित होगी। क्योंकि नशा एक ऐसा कारोबार है जो जिसका असर सबसे ज्यादा अवाम पर ही पड़ता है किसी का

**आवाम की मदद से ही नशे के कारोबार पर लगाई जा सकती है लगाम**

भी परिवार इसके जरिए बर्बाद हो जाता है। आम जनता भी यही चाहती है कि नशाखोरी का खात्मा हर हाल में हो जाना चाहिए। ताकि कई परिवार उजड़ने से बच जाए क्योंकि इस नशे के चक्कर में कई भोले भाले युवा अपराधी बन जाते हैं। या फिर नशे की लत से अपनी जिंदगी तबाह कर लेते हैं। और इस पर आम जनता के सहयोग से ही काबू पाया जा सकता है।

## युवकों को घेरकर लाठी-डंडों से हमला, जान से मारने की धमकी

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** खानपुर थाना क्षेत्र के दल्लावाला में फिल्मी अंदाज में एक श्होल्ड-अपश की घटना सामने आई है। यहाँ रास्ते में पेड़ डालकर कार सवार युवकों को रोककर उन पर जानलेवा हमला किया गया पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन नामजद और सात-आठ अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

फिल्मी अंदाज में वारदात पथरी थाना क्षेत्र के फूलगढ़ निवासी अंकित पुत्र राजवीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 4 अप्रैल की रात अपनेसाथियों लोकेश और अनुज कुमार के साथ मुजफ्फरनगर के महाराज नगर से एक सगाई समारोह से वापस लौट रहे थे। जब उनकी कार रात करीब12 बजे खानपुर क्षेत्र के दल्लावाला पहुँची, तो बदमाशों ने पहले से ही सड़क के बीचों-बीच पेड़ डालकर रास्ता बंद कर रखा था घात लगाकर बैठे थे हमलावरजैसे ही अंकित ने कार रोकी वहां घात लगाकर बैठे हमलावरों ने उन्हें घेर लिया। तहरीर के हमलावरों में फूलगढ़ निवासी मनोज, नया महाराज मुजफ्फर नगर निवासी अरुण और नया गांव निवासी मनोज के साथ 7-8 अन्य अज्ञात लोग शामिल थेआरोप है कि ये सभी लाठी-डंडों से लैस थे और उन्होंने कार सवारों के साथ जमकर मारपीट कीहवाई फायर और धमकी का आरोपपीड़ितों ने मौके से ही पुलिस की 112 सेवा को सूचना देने का प्रयास किया। अंकित का आरोप है कि हमलावरों ने दहशत फैलाने के लिए ''तमंचा लहराया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन नामजद और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामलेकीछानबीन शुरू कर दी गई है और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### कलियर सबरी गेस्ट हाउस में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

## राज्य अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष ने सुनी जनसमस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** लोक समस्या निवारण कार्यक्रम के तहत कलियर साबरी गेस्ट हाउस में बुधवार को बहुद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने किया। शिविर में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों ने स्टाल लगाकर जानकारी दी और शिविर में आई समस्याओं का निस्तारण किया।

पिरान कलियर साबरी गेस्ट हाउस में आयोजित बहुद्देश्यीय शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल लगाकर आमजन, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक किया।शिविर में स्वास्थ्य, कृषि, पेंशन, खाद्य आपूर्ति, शिक्षा, उद्योग, ऋण योजनाएं, आयुष्मान योजना,समाज कल्याण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग, महिला कल्याण,चाइल्ड हेल्प लाइन सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में आए लाभार्थियों की समस्याओं को सुना गया।इस दौरान अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने बताया कि शिविर में पानी शौचालय ,राशन कार्ड ,नालों की साफ सफाई ओर मच्छरों के प्रकोप, प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त लाभार्थियों



के न मिलने समेत करीब 50 अधिक शिकायत आई है। जिनमे से करीब 20 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया है।और शेष शिकायतों को सम्बंधित अधिकारियों को समाधान के लिए निर्देशित किया गया हैं।इस अवसर पर अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य नफीस अहमद,एएसडीएम

**❖50 शिकायतों में से 20 का मौके पर ही किया गया निस्तारण**

अनिल कुमार शुक्ला , अल्पसंख्यक आयोग के सचिव जगदीश सिंह रावत, शमा प्रवीन ,एडिशनल बीडीओ रुड़की,जेएस राणा, एलडीएम दिनेश कुमार गुप्ता, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हरिद्वार इप्शिता रावत,ईओ कुलदीप सिंह चौहान, सभासद नाजिम त्यागी, राशिद साबरी,डॉक्टर शहजाद, अमजद मलिक, इस्तिकार अली, अकरम साबरी, रहीस अल्वी, अजहर प्रधान आदि मौजूद रहें।

## प्रधनमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक के परिजनों को दी 2 लाख की सहायता राशि

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की शाखा रुड़की द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत मृतक श्री मनोज कुमार के परिजनों को 2 लाख रुपये की बीमा दावा राशि प्रदान की गई।

बैंक अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री मनोज कुमार इस योजना के अंतर्गत बीमित थे। उनके आकस्मिक निधन के उपरांत परिजनों द्वारा आवश्यक दस्तावेज जमा किए गए, जिसके बाद नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण कर बीमा दावा स्वीकृत किया गया। शाखा प्रबंधक एवं बैंक अधिकारियों की उपस्थिति में परिजनों को 2 लाख रुपये की सहायता राशि सौंपी गई। इस आर्थिक सहयोग से परिवार को कठिन समय में संबल प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि वे सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं, ताकि विपरीत परिस्थितियों में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। परिजनों ने बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता उनके लिए कठिन समय में बड़ी राहत साबित हुई है।

## एसआईआर को लेकर कांग्रेस विधायकों की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** विधायक कार्यालय रुड़की ग्रामीण में आज एसआईआर के संबंध में एक महत्वपूर्ण एवं सार्थक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता फुरकान अहमद (विधायक, कलियर) ने की। इस दौरान क्षेत्रीय विकास, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान तथा एसआईआर से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा और मंथन किया गया।

बैठक में काजी निजामुद्दीन (विधायक, मंगलौर), विरेन्द्र जाती (विधायक, झबरेड़ा), ममता राकेश (विधायक, भगवानपुर) तथा राजेन्द्र चौधरी (जिलाध्यक्ष, रुड़की शहरी) की गरिमामयी उपस्थिति रही। फुरकान अहमद ने कहा कि एसआईआर से जुड़े विषयों को



गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र में विकास कार्यों को और गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाएगा और सभी जनप्रतिनिधि मिलकर समन्वय के साथ कार्य करेंगे। काजी निजामुद्दीन ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करना समय की आवश्यकता है। एसआईआर से संबंधित बिंदुओं पर स्पष्ट रणनीति बनाकर जनहित में निर्णय लिए जाएंगे। विरेन्द्र जाती ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बैठक में लिए गए निर्णयों को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर निगरानी रखी जाएगी। ममता राकेश ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरें। एसआईआर के तहत विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कराने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे।इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों ने जनहित को सर्वोपरि रखते हुए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास को गति देने हेतु ठोस रणनीति तैयार करने पर बल दिया। बैठक के अंत में एसआईआर से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।

## युवक को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर ट्राली नाले में गिरी, चालक गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** रहमतपुर रोड पर मंगलवार शाम एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए सड़क पर गिरे युवक को बचाने के लिए अपने वाहन को नाले की ओर मोड़ दिया। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई, जिससे चालक घायल हो गया।

रहमतपुर की ओर से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली कलियर नए पुल की तरफ आ रही थी। जैसे ही वाहन धर्म कांटे के पास पहुंचा, सामने से आ रही बाइक पर सवार दो युवकों की बाइक एक साइकिल सवार से टकरा गई। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित हो गई और उस पर सवार एक युवक सड़क के बीच जा गिरा। स्थिति को भांपते हुए ट्रैक्टर चालक ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को दूसरी ओर मोड़ दिया ताकि सड़क पर गिरे युवक को बचाया जा सके। इसी दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली संतुलन खो बैठी और पास के नाले में गिरकर पलट गई। हादसे के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल चालक को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई बड़ा नुकसान नही हुआ। स्थानीय लोगों ने चालक की सूझबूझ और बहादुरी की सराहना करते हुए कहा कि उसकी तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया।

## दबंगों ने पॉपुलर के 20 पेड़ पर चलाई आरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** तहसील क्षेत्र के अलावलपुर गांव में एक महिला किसान ने अपने पड़ोसी खेत स्वामियों पर गुंडागर्दी और फसल बर्बाद करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि दबंगों ने न सिर्फ उसकी गन्ने की फसल जोत दी, बल्कि खेत में खड़े कीमती पेड़ भी काट डाले। पुलिस द्वारा सुनवाई न होने पर अब पीड़िता ने एसडीम की चौखट पर न्याय की गुहार लगाई है।

अलावलपुर निवासी बबली पत्नी विजेंद्र ने एसडीएम को सौंपे पत्र में बताया कि उनका खसरा नंबर 354 में निजी खेत है। आरोप है कि 24 मार्च की सुबह जब वह खेत पर गई, तो पड़ोसी खेत स्वामियों ने उनके पति के नाम दर्ज भूमि पर बोई गई गन्ने की फसल को ट्रैक्टर से जुताई कर नष्ट कर दिया थामहिला का आरोप है कि विरोध करने के बावजूद विपक्षियों के हौसले बुलंद रहे और 6 अप्रैल को आरोपियों ने खेत में खड़े पॉपुलर के 20 पेड़ों को काटकर जमीन पर गिरा दियापुलिस पर लापरवाही का आरोपपीड़ित महिला ने पुलिस कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। बबली का कहना है कि घटना की सूचनातत्कालभिक्कमपुर चौकी प्रभारी को दी गई थी, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

## तीसरी बार युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने सचिन चौधरी

**रुड़की।** युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद पर सचिन चौधरी लगातार तीसरी बार निर्वाचित हुए हैं। उनकी जीत के बाद मालवीय चौक स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। फूल-मालाओं, मिठाइयों और आतिशबाजी के बीच समर्थकों ने खुशी जाहिर की।

आठ हजार वोट प्राप्त कर विजय हासिल करने वाले जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने और वर्ष 2027 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए युवा पूरी ताकत के साथ काम करेंगे।

## भगवानपुर पुलिस ने दबोचा जालसाज

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** फर्जी प्रबन्धक बनकर संस्था दयानन्द एंग्लो वैदिक की करोड रूपये की भूमि को फर्जी तरीके से बेचने वाला वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि दिनांक 23/03/2026 को वादी सुधीर कुमार त्यागी पुत्र रविदत्त त्यागी निवासी चुडियाला मोहनपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार संस्था दयानन्द एंग्लो वैदिक के आजीवन सदस्य द्वारा तहरीर दी की प्रतिवादी दुष्यन्त कुमार पुत्र सेवाराम निवासी ग्राम चुडियाला मोहनपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार के द्वारा अन्य सदस्यो के साथ मिलकर फर्जी सोसाइटी बनाकर धोखाधडी कर संस्था दयानन्द एंग्लो वैदिक की 8 ऋ बीघा जमीन को फर्जी तरीके से बिना किसी की अनुमति पत्र दिखाकर विनय सैनी पुत्र लालसिह सैनी निवासी राजेन्द्र नगर रुडकी को बेच देन'उक्त प्रकरण में वांछित अभि0 की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार महोदय के निर्देशन में एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हरिद्वार महोदय व क्षेत्राधिकारी मंगलौर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।


### बीएसएम कॉलेज की एंटी ड्रग्स सेल समिति ने छात्रों को

## नशे के प्रति जागरूक करने के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** बी.एस.एम (पी.जी) कॉलेज, महाविद्यालय में एण्टी ड्रग सेल समिति के द्वारा समाज में बढ़ती नशे की प्रवृति को रोकने एवं जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुये लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया और नशा छोड़ने का संकल्प लेने के लिये प्रेरित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० गौतमवीर ने छात्र-छात्राओं को संदेश दिया कि नशा समाज और युवा पीढ़ी के लिये एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है और इस तरह के प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। ऐसे में बच्चों द्वारा चलाया गया यह सकारात्मक अभियान अत्यन्त सराहनीय पहल है। एण्टी ड्रग सेल की नोडल अधिकारी डा० अलका तोमर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि न केवल स्वयं नशा नहीं करेंगे, बल्कि दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। एण्टी ड्रग सेल की सदस्य डा० सुनीता कुमारी ने भी छात्र-छात्राओं को बताया कि नशा केवल एक व्यक्तिगत आदत नहीं बल्कि यह




समाज और राष्ट्र के भविष्य के लिये एक गंभीर चुनौती है। इस अभियान में लगभग 80-100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अधिक से अधिक हस्ताक्षर कर इस मुहिम का समर्थन किया।इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय स्टाफ से डा० रीमा सिन्हा, डा० संदीप पोसवाल, डा० इन्दु अरोड़ा, डा० सीमा गुप्ता ,श्री अनूप शांडिल्य आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुष्का, मुनेश, राहुल, हिमानी, मोन्टी, दिव्या, सन्नी, लकी, वैभव, सूरज, शुभम आदि छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

### उत्तरांचल प्रधानाचार्य परिषद की जनपदीय इकाई ने

## अशासकीय विद्यालयों मे चार्ज लेने वाले प्रधानाचार्यो का किया अभिनंदन

शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** उत्तरांचल प्रधानाचार्य परिषद की जनपदीय इकाई द्वारा बुधवार को जनपद के अशासकीय विद्यालयों में नया चार्ज लेने वाले प्रधानाचार्यो का उनके विद्यालयों में पहुंचकर स्वागत अभिनंदन किया गया स उत्तरांचल प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश संरक्षक डॉक्टर घनश्याम गुप्ता एवं जनपदीय संरक्षक प्रधान डॉक्टर विजय कुमार के संयुक्त नेतृत्व में जिला अध्यक्ष डॉ दीपक शर्मा, जिला मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, जिला उपाध्यक्ष पुष्पा रानी, जिला कोषाध्यक्ष डॉक्टर ओम सिंह सैनी, मार्गदर्शक सुदेश अरोड़ा एवं समय सिंह सैनी द्वारा आर एन आई इंटर कॉलेज भगवानपुर में नवनियुक्त प्रधानाचार्या शर्मिला नागर , शिक्षा सदन इंटर कॉलेज मेहवड़ कला में डॉक्टर प्रदीप त्यागी, आर्य इंटर कॉलेज बहादराबाद में गीता रानी तथा भला इंटर कॉलेज हरिद्वार में नवनियुक्त प्रधानाचार्य त्रिलोक चंद व उप प्रधानाचार्य डॉक्टर एस पी सिंह का शाल ओढ़ाकर, माल्यार्पण कर तथा बुके भेंट कर सम्मान किया गयास बाला इंटर कॉलेज में पहुंचने पर कॉलेज के प्रधानाचार्य त्रिलोकचंद उप प्रधानाचार्य डॉक्टर एसपी सिंह मेघराज सिंह व अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा सभी को पुष्प कुछ भेंट कर एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया



गया स इस अवसर पर प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि नवनियुक्त प्रधानाचार्यो के संगठन में शामिल होने से संगठन की ताकत बढ़ी हैस स सभी नवनियुक्त प्रधानाचार्यो ने आश्वासन दिया कि वह प्रधानाचार्य परिषद के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे तथा संगठन की एकता वह अखंडता के लिए सदैव तत्पर रहेंगे स

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 9 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ट्रम्प का यू-टर्न

राजनीति व कूटनीति में कब क्या हो जाए, यूं नहीं कहा जाता। ताजा उदाहरण हमारे सामने है। दुनिया जहां इस बात को लेकर सहमी हुई थी कि अपने अल्टीमेटम के अनुसार क्या अमेरिका ईरान को पाषाण युग में पहुंचाएगा। तभी ऐसी खबर आई, जिसकी दुनिया शायद ही उम्मीद कर रही हो। अमेरिका ने दो सप्ताह के लिए सीजफायर का ऐलान कर दिया। इतना ही नहीं अमेरिका के साथ बड़ी भूमिका निभाने वाले अपने सहयोगी देश इस्राईल को अपने इस फैसले से दूर ही रखा। यह बात अलग है कि डोनाल्ड ट्रम्प कह रहे हैं कि उन्होंने यह फैसला लेने से पहले इस्राईल के पीएम नेतन्याहू से बात की थी, लेकिन राजनीतिक पंडितों को उनकी यह सफाई कुछ तर्कसंगत नहीं लग रही है। इस्राईल ने जिस तरह अनमने ढंग से ट्रम्प की घोषणा का स्वागत किया है इससे भी साफ है कि इस्राईल के पीएम नेतन्याहू मजबूरीवश अमेरिका के साथ दिखाई दे रहे हैं। बाकी वह उनके इस फैसले से खुश नहीं हैं। तभी तो नेतन्याहू ने कह भी डाला कि इस सीजफायर का असर लेबनॉन में जारी संघर्ष पर नहीं पड़ेगा और इस्राईल बराबर लेबनॉन पर हमले करता रहेगा और वह कर भी रहा है। जबकि ईरान ने अपनी तरफ से साफ कर दिया है कि सीजफायर अमेरिका के साथ ही नहीं बल्कि लेबनॉन को लेकर भी है। ईरान ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया में कहा है कि अगर इस्राईल ईरान अमेरिका के सीजफायर को लेबनॉन से अलग मानता है, तो वह भी बदले में इस्राईल पर हमले करेगा। इस्राईल के रुख ने बता दिया है कि वह नहीं चाहता कि क्षेत्र में शांति स्थापित हो। ऐसे में जानकार लोग दो सप्ताह के हुए इस सीजफायर पर संदेह व्यक्त कर रहे हैं। ऐसे में अमेरिका की जिम्मेदारी अधिक हो जाती है। अगर वह वास्तव में ईरान के साथ शांति स्थापित करना चाहता है, तो उसे इस्राईल को काबू में करना होगा। ईरान ने दस शर्तों का अपना एजेंडा बातचीत के लिए पेश किया है। उसकी दस शर्तों में वही सब बातें हैं, जो वह अब तक सार्वजनिक रूप से कहता रहा है। ईरान चाहता है कि समझौता इस तरह का हो, जिसमें यह गारंटी दी जाए कि भविष्य में उस पर अमेरिका की तरफ से कभी कोई हमला नहीं होगा। उसका मिसाइल कार्यक्रम भी बदस्तूर जारी रहेगा। उसके यूरेनियम को कोई नहीं छेड़ेगा। उस पर लगे तमाम प्रतिबंध हटाए जाएंगे। संयुक्त राष्ट्र में जो प्रस्ताव उसके खिलाफ अब तक लाए गए हैं, उन सभी को वापस लिया जाएगा। युद्ध में जो उसकी हानि हुई है, उसका मुआवजा दिया जाएगा और सबसे बड़ी बात होर्मुज पर उसका कंट्रोल बरकरार रहेगा। अब अमेरिका ईरान की इन शर्तों को कहां तक मानता है, वह दस अप्रैल को पाकिस्तान के शहर इस्लामाबाद में होने वाली दोनों पक्षों की बैठक के बाद ही इस सीजफायर की सफलता पर निर्भर करेगा। उम्मीद करनी चाहिए कि सबकुछ आगे सकारात्मक ही होगा, क्योंकि इसमें सभी का हित निहित है।

## सरकार अन्नदाताओं के साथ खड़ी



संकट की घड़ी में राज्य सरकार अन्नदाताओं के साथ मजबूती से खड़ी है, अधिकारी प्रत्येक प्रभावित किसान एवं बटाईदार के नुकसान का सटीक, निष्पक्ष और समयबद्ध आकलन कर तत्काल क्षतिपूर्ति सुनिश्चित करें, जनपद स्तर पर राजस्व, कृषि और अन्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ शीघ्र सर्वे कर रिपोर्ट शासन को भेजें, ताकि राहत वितरण में किसी प्रकार की देरी न हो, बीमा कंपनियों के साथ समन्वय बढ़ाते हुए फसल बीमा दावों के शीघ्र निस्तारण हो, अधिकारी किसानों से सीधे संपर्क कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने का काम करें, जिससे अधिकतम राहत सुनिश्चित हो सके, राज्य आपदा राहत कोष से जनपदों को पर्याप्त धनराशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए। **–योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# सीजफायर नहीं कूटनीति की जीत का ऐलान

**मुस्लिम दुनिया में ईरान की इस स्थिति को एक प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है एक ऐसे देश के रूप में, जिसने दबाव के बावजूद झुकने के बजाय अपनी शर्तों पर बातचीत की। यह भावना भविष्य की राजनीति को भी प्रभावित कर सकती है और अंत में, सबसे बड़ी राहत आम दुनिया के लिए है।**



जंगें सिर्फ बारूद और बमों से नहीं जीती जातीं, कई बार वे मेजों पर रखे कागजों, धीमी आवाजों और ठहरे हुए लहजों में जीती जाती हैं। हालिया अमेरिका-ईरान सीजफायर को अगर इसी नजर से देखें, तो यह सिर्फ एक युद्धविराम नहीं, बल्कि बदलती वैश्विक ताकतों का एक नया बयान है एक ऐसा बयान जिसमें बंदूकें खामोश हैं, लेकिन संदेश बहुत तेज है। दुनिया का बदलता स्वरूप ही है यह सीजफायर ईरान की शर्तों पर हुआ है ना कमाल। यह बात यूं ही नहीं कही जा रही। जब ईरान अपने 10 बिंदुओं को चर्चा का आधार बना दे और अमेरिका के 15 प्रस्ताव पीछे छूट जाएं, तो यह सिर्फ कूटनीति नहीं, आत्मविश्वास का प्रदर्शन होता है। यह उस देश का संकेत है, जो खुद को अब सिर्फ रक्षात्मक भूमिका में नहीं, बल्कि निर्णायक स्थिति में देख रहा है।

इस पूरे घटनाक्रम में एक दिलचस्प मोड़ पाकिस्तान की सक्रियता रही। लंबे समय से वैश्विक मंच पर सीमित होता दिख रहा पाकिस्तान अचानक इस कूटनीतिक खेल में एक उपयोगी किरदार बनकर उभरा। यह भूमिका छोटी नहीं है जब बड़े टकरावों को टालने में कोई देश पुल का काम करता है, तो उसका कद अपने आप बढ़ जाता है। यही वजह है कि उसके नेतृत्व को अब इस घटनाक्रम से राजनीतिक और रणनीतिक मजबूती मिलती दिख रही है। इसके उलट भारत की स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। जो देश खुद को वैश्विक नेतृत्व के केंद्र में देखना चाहता था, वह इस पूरे घटनाक्रम में कहीं निर्णायक भूमिका में नहीं दिखा। कूटनीति में सिर्फ बयान देना काफी नहीं होता, समय पर हस्तक्षेप और प्रभावी उपस्थिति भी जरूरी होती है। यही वह जगह है, जहां संघियों के फादरलैंड भारत की अनुपस्थिति कई विश्लेषकों को खटक रही है। सबसे बड़ा सवाल होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बना हुआ है। यह सिर्फ एक समुद्री रास्ता नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की धड़कन है। अगर यह खुला रहता है, तो दुनिया की अर्थव्यवस्था संतुलित रहती है और अगर इसमें बाधा आती है, तो तेल की कीमतों से लेकर महंगाई तक सब कुछ प्रभावित होता है। फिलहाल इस पर स्पष्टता नहीं है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि सीजफायर के बाद स्थिति सामान्य होने की दिशा में बढ़ेगी। इस पूरे प्रकरण में अमेरिका की भूमिका को लेकर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या यह सीजफायर एक रणनीतिक पीछे हटना है? क्या यह महज फेस सेविंग है? जब कोई महाशक्ति अपने प्रस्तावों से पीछे हटती दिखे और दूसरे पक्ष की शर्तों पर बातचीत को तैयार हो जाए, तो यह संकेत देता है कि हालात उसके पूरी तरह नियंत्रण में नहीं थे। इंसानियत का दुश्मन और मासूमों का कातिल इजराइल की छवि भी इस संघर्ष में प्रभावित हुई है। शुरुआत में आक्रामक रुख अपनाने वाला देश अंततः शांति की ओर मुड़ता दिखा। वैश्विक स्तर पर यह धारणा बनी कि उसने टकराव को बढ़ावा दिया, लेकिन अंत में उसे पीछे हटना पड़ा। इससे उसकी अंतर्राष्ट्रीय स्थिति पर असर पड़ना स्वाभाविक है। मिडिल ईस्ट की राजनीति में इसका असर और गहरा होगा। ईरान का कद बढ़ना तय है। जो देश लंबे समय से प्रतिबंधों और दबावों में घिरा था, वही अब बातचीत की शर्तें तय करता दिख रहा है। इससे क्षेत्रीय संतुलन बदल सकता है। खाड़ी देशों के लिए भी यह संकेत है कि वे अपनी कूटनीतिक रणनीति को नए सिरे से परखें। इस घटनाक्रम का एक सामाजिक और भावनात्मक पहलू भी है। मुस्लिम दुनिया में ईरान की इस स्थिति को एक प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है एक ऐसे देश के रूप में, जिसने दबाव के बावजूद झुकने के बजाय अपनी शर्तों पर बातचीत की। यह भावना भविष्य की राजनीति को भी प्रभावित कर सकती है और अंत में, सबसे बड़ी राहत आम दुनिया के लिए है। युद्ध की आशंका कम होना, तेल बाजार का स्थिर होना, और वैश्विक अर्थव्यवस्था का संतुलन ए सब ऐसे पहलू हैं जो सीधे आम आदमी की जिंदगी से जुड़े हैं। जब जंग रुकती है, तो सिर्फ सीमाओं पर सन्नाटा नहीं आता, बल्कि बाजारों में स्थिरता और घरों में सुकून भी लौटता है। यह सीजफायर इसलिए खास है क्योंकि यह हमें बताता है कि दुनिया बदल रही है। अब ताकत सिर्फ सैन्य शक्ति से नहीं, बल्कि कूटनीतिक समझ, धैर्य और सही समय पर सही चाल चलने की क्षमता से तय होती है। जंग की इस बिसात पर जिसने चाल समझ ली, वही असली खिलाड़ी बनकर उभरा।

# 'बड़े बे आबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले...'






**एम. अहसान**

दुनिया की सियासत में कुछ पल ऐसे आते हैं, जब गोलियों की आवाज से ज्यादा गूंज कूटनीति की खामोशी की होती है। आज वही दौर है। ईरान ने यह दिखाया है कि युद्ध केवल बारूद से नहीं, बल्कि दिमाग और धैर्य से भी लड़ा जाता है कैसे रूस और चीन के करीब गया और देखते ही देखते यहां तक का सफर तय कर लिया संघर्ष किया पाबंदियां झेली, लेकिन हारा नहीं लड़ा संघियों के फादरलैंड का ऐसा रूप सामने आया कि पूरी हवा हवाई हो गई कि इजराइल इतनी बड़ी ताकत है कि 32 दांतों के बीच में रहता है परिंदा भी पर नहीं मार सकता अब सबको पता चल गया है कि फादरलैंड कोई ताकत नहीं था और ना है।

खैर जब सामने डोनाल्ड ट्रंप जैसे आक्रामक तेवर वाला नेता हों, तब यह लड़ाई और भी पेचीदा हो जाती है। एक सीधी रेखा में कहें तो ईरान ने अपनी कमजोरी को हथियार बनाया है। यह वही मुल्क है, जिस पर दशकों से प्रतिबंधों की मार है, जिसकी अर्थव्यवस्था को बार-बार घुटनों पर लाने की कोशिश की गई। लेकिन इस बार कहानी कुछ अलग है। ईरान ने यह साबित किया कि हारती हुई बाजी को पलटने के लिए सिर्फ ताकत नहीं, इरादा और रणनीति चाहिए।

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे दिलचस्प मोड़ यह है कि युद्ध का स्वरूप बदल गया है। ऊपर से यह टकराव सैन्य दिखता है, लेकिन भीतर ही भीतर यह एक बड़े सिस्टम को चुनौती देने का प्रयास है। ऊर्जा के रास्ते, पेट्रोल-गैस की सप्लाई, सेमीकंडक्टर्स की राजनीति, दवाइयों और फाइनेंस के नेटवर्क सब इस शतरंज के मोहरे बन चुके हैं। यह वही जगह है जहां असली खेल खेला जा रहा है। ईरान ने एक और चाल चली उसने सीधे संयुक्त राज्य अमेरिका से संवाद कर, इजराइल को इस समीकरण से अलग करने की कोशिश की। यह चाल साधारण नहीं है। यह बताती है कि ईरान अब सिर्फ प्रतिक्रिया नहीं दे रहा, बल्कि खेल की दिशा तय करने की कोशिश कर रहा है।

क्षेत्रीय देश अब दर्शक नहीं, खिलाड़ी बन रहे हैं। इस पूरी तस्वीर में रुस और चीन की मौजूदगी भी कम अहम नहीं है। वह इस शतरंज के दूसरे छोर पर बैठे है सीधे मैदान में नहीं, लेकिन हर चाल पर उनकी नजर है बल्कि अगर मैं यह कहूं कि यह सब रुस की स्ट्रैटजी थी या है और वह उसमें कामयाब हो गया है उसने पहले यूक्रेन में पूरे यूरोप के थकाया अब यहां लाकर चित कर दिया है व्लादिमीर पुतिन बहुत तेजतर्रार नेता माने जाते हैं उन्होंने यह साबित भी किया है। अगर यह समीकरण आगे बढ़ता है, तो दुनिया एक नई मल्टीपोलर व्यवस्था की ओर बढ़ सकती है, जहां एकध्रुवीय प्रभुत्व का दौर कमजोर पड़ेगा बल्कि खत्म हो गया है।

अब सवाल उठता है इस बदलती दुनिया में भारत कहां खड़ा है? भारत के पास इस वक्त एक ऐतिहासिक अवसर है। ईरान का बाजार, उसकी ऊर्जा जरूरतें, उसका भौगोलिक महत्व यह सब भारत के लिए सोने की खान बन सकते हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि हम अपनी विदेश नीति को भावनाओं से या फादरलैंड से नहीं, हितों से चलाएं।

आज भारत की नीति पर एक सवाल बार-बार उठता है क्या हम अत्यधिक रूप से एक ध्रुव पर झुक रहे हैं, लेकिन साथ ही यह धारणा भी बनी है कि हम इजराइल और अमेरिका पर जरूरत से ज्यादा निर्भर होते जा रहे हैं या हो गए हैं ऐसी क्या मजबूरी है एप्सटीन फाईल में क्या छुपा है जिसे रोकने को यह सब किया जा रहा है। सियासत में रिश्ते स्थाई नहीं होते, हित स्थाई होते हैं। सत्ता का सच वही है, जो जनता के हित में खड़ा हो। आज वही कसौटी है।

क्या भारत अपने हितों को प्राथमिकता देगा, या वैश्विक दबावों के आगे झुका रहेगा? ईरान ने दिखाया है कि साहस केवल युद्ध के मैदान में नहीं, फैसलों में होता है। उसकी जनता ने प्रतिबंधों के बावजूद जो धैर्य दिखाया, वह अपने आप में मिसाल है। कोई और देश होता, तो शायद अब तक टूट चुका होता, लेकिन ईरान ने अपने भीतर की आग को जिंदा रखा। भारत को यहां से सीखने की जरूरत है डर कर नहीं, सोच कर चलने की। एक फोन कॉल से नीतियां नहीं बदलनी चाहिए, और न ही किसी फाइल या दबाव के चलते अरबों-खरबों के फैसले लेने चाहिए। राष्ट्रीय हित किसी भी व्यक्तिगत या राजनीतिक हित से ऊपर होता है संघियों की फादरलैंड से मोहब्बत बहुत नुकसान कर गई है जिसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है और आगे भी पड़ सकता है। अगर भारत इस मौके को पहचान ले, तो आने वाला दशक उसका हो सकता है। ईरान के साथ आर्थिक रिश्ते, क्षेत्रीय संतुलन में भूमिका, और एक स्वतंत्र विदेश नीति यह सब भारत को नई ऊंचाई दे सकते हैं। लेकिन अगर हम चूक गए, तो इतिहास फिर वही सवाल पूछेगा जब दुनिया बदल रही थी, तब भारत क्या कर रहा था? जवाब होगा फादरलैंड की जी हुजूरी में लगा था यह वक्त है, जब दिल्ली को तय करना है कि वह शतरंज का खिलाड़ी बनेगी या सिर्फ मोहरा बनी रहेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# एक छोटे से पौधे के साथ जीव विज्ञान में चहलकदमी

एरेबिडॉप्सिस थेलियाना को वनस्पति विज्ञान में वही स्थान हासिल है जो जंतु विज्ञान में ड्रॉसोफिला मेलानोगैस्टर (फल मक्खी) और सेनोरेब्डाइटिस एलेगेंस (गोल कृमि) को दिया गया है। तीनों ही प्रमुख मॉडल जीव हैं। जीव विज्ञान अनुसंधान के सेलिब्रिटी हैं। एरेबिडॉप्सिस थेलियाना एक द्विबीजपत्री पौधा है जिसे थेल क्रेस (thale cress) और माउस ईयर क्रेस (mouse ear cress) भी कहते हैं। सरसों कुल ब्रेसीकेसी का यह पौधा यूरेशिया और अफ्रीका का मूल निवासी है। भारत में यह उत्तर भारत में प्राकृतिक रूप से पाया जाता है। आप जब नर्सरी से पौधे खरीद कर लाते हैं तो साथ में यह भी चला आता है। यहां हम इसी पौधे के बहाने जीव विज्ञान के विभिन्न पड़ावों की सैर करेंगे।

**रूप-रंग और आकार**

एरेबिडॉप्सिस थेलियाना एक छोटा शाकीय वार्षिक पौधा है जो आम तौर पर 15 से 30 सेंटीमीटर लंबा हो सकता है। पौधे के आधार पर पत्तियां एक गुच्छे (रोजेट) के रूप में जमी होती हैं, जबकि ऊपरी तने पर थोड़ी संख्या में होती हैं। जीव विज्ञान अनुसंधान में इस पौधे के महत्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सन 1964 में ही एरेबिडॉप्सिस सूचना सेवा नामक एक समाचार पत्र शुरू किया जा चुका था। एक और बात जिन शोध पत्रों के शीर्षक, एब्स्ट्रेक्ट या प्रमुख शब्दों की सूची में एरेबिडॉप्सिस थैलियाना का नाम आता है उनकी संख्या 54,000 से ज्यादा है और यह साल 1975 से 2015 का आंकड़ा है। यानी प्रति वर्ष इस पौधे पर लगभग 1000 शोध पत्र प्रकाशित होते रहे हैं। तो अब तक कुल शोध पत्रों की संख्या 65,000 पार कर गई होगी।

**कुछ खास बातें**

इसका जीनोम छोटे आकार का है और द्विगुणित होने के कारण यह आनुवंशिक मैपिंग और जीनों के अनुक्रमण को जानने समझने के लिए उपयोगी है। द्विगुणित (डिप्लॉइड) का मतलब है कि इसमें प्रत्येक गुणसूत्र जोड़ों में पाया जाता है। अधिकांश पौधों में गुणसूत्रों की कई प्रतियां होती हैं। एरेबिडॉप्सिस में केवल पांच गुणसूत्र डिप्लॉइड संख्या 10 और लगभग 13.5 करोड़ क्षार जोड़ियां पाई जाती हैं। लंबे समय तक इसके जीनोम को सबसे छोटा जीनोम माना गया था परंतु अब एक मांसाहारी पौधे जेनेलिया ट्यूबरोसिया (जीनोम में लगभग 6.1 करोड़ क्षार जोड़ियां) ने इसका स्थान ले लिया है। सन 2000 में यह वह पहला पौधा बन गया जिसके पूरे जीनोम (27,407 जीनों) का अनुक्रमण किया गया था। अंतरिक्ष यात्रा करने वाला भी यह पहला पौधा था, 1982 में सोवियत सेल्यूट-7 अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्रियों ने इसे उगाया था और बीज प्राप्त किए थे। इस तरह से यह शून्य गुरुत्व की परिस्थिति में फलने-फूलने वाला पौधा बन गया था और तो और पादप विज्ञान का यह मॉडल पौधा 2019 में चांग ई-4 लैंडर के साथ चांद की सैर भी कर चुका है। एरेबिडॉप्सिस को सबसे पहले 1943 में एक जर्मन वैज्ञानिक फ्रेडरिक लायबैक (Friedrich Laibach) ने आनुवंशिकी अध्ययन के लिए एक मॉडल जीव के रूप में प्रस्तावित किया था। अलबत्ता, मॉडल जीव के



रूप में इसके उपयोग को पूर्णतः स्थापित करने का काम मिसौरी विश्वविद्यालय के जॉर्ज रिडे (George Redei) के शोध की बदौलत हुआ। 1965 में एरेबिडॉप्सिस को लेकर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन जर्मनी के गॉटिंजेन मे आयोजित हुआ था लेकिन इसे एक मॉडल जीव के रूप में मान्यता 1980 के दशक में मिली। यह पौधा विकास और शारीरिकी की जटिलताओं को सुलझाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ है।

**छोटा जीवनचक्र**

एरेबिडॉप्सिस का जीवनचक्र बहुत ही छोटा है – बीज अंकुरण से लेकर फिर से बीज बनने तक लगभग 6 सप्ताह में इसका जीवनचक्र पूरा हो जाता है। प्रयोगशाला की नियंत्रित परिस्थितियों में इसे उगाना आसान है, इसके लिए बहुत ज्यादा जगह या संसाधनों की जरूरत नहीं पड़ती। प्रत्एक पौधे में हजारों बीज बनते हैं। इसके कई उत्परिवर्ती संस्करण ज्ञात हैं और क्रिस्पर कास-9 जैसी उन्नत विधियों की उपलब्धता के चलते जीन्स के कार्य और परस्पर क्रिया का अध्ययन करने के लिए यह एक आदर्श पौधा है, चूंकि यह एक स्व-परागित पौधा है, अतः आनुवंशिक स्थिरता को बनाए रखने और प्रकट लक्षणों को देखने में भी यह मददगार होता है।

**परिवर्धन**

वैसे तो पादप परिवर्धन का अध्ययन सदियों से होता आया है लेकिन आज हम कोशिकाओं के विभेदन, पैटर्न निर्माण, कोशिका विभाजन के नियंत्रण तथा पर्यावरण व पौधों के परिवर्धन के सम्बंध में जो कुछ जानते हैं, वह एरेबिडॉप्सिस पर किए गए प्रयोगों की बदौलत है। इसकी मदद से पादप विकास के नए-नए मार्ग और कारक पहचाने गए हैं। उदाहरण के लिए, लघु-आरएनए और उनके लक्षित जीन्स के बीच सम्बंधों के आधार पर यह पहचाना गया कि सूक्ष्म-आरएनए (m-RNA) परिवर्धन के कई स्थान सम्बंधी तथा समयगत पहलुओं का नियमन करते हैं।

**फूलों का विकास**

एरेबिडॉप्सिस अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण योगदान फूलों के विकास के एबीसी मॉडल को समझने में रहा है। एबीसी मॉडल को 1990 के दशक में जॉन बोमैन, डेविड स्माइथ और एलियट मेयरोविट्ज (John Bowman] David Smyth] Elliot Meyerowitz) ने प्रस्तावित किया था। इसके अनुसार तीन वर्गों के जीन्स (ए, बी और सी) फूलों के विभिन्न अंगों (अंखुड़ियां, पंखुड़ियां, पुंकेसर और बीजांड कोश) के निर्माण का नियंत्रण करते हैं। इनमें से 'ए' वर्ग के जीन्स का कार्य केवल अंखुड़ियों का निर्माण करना है, जबकि 'ए' और 'बी' वर्ग के जीन्स मिलकर पंखुड़ियां बनाते हैं। 'बी' और 'सी' वर्ग के जीन मिलकर पुंकेसर को पहचान देते हैं तथा 'सी' वर्ग का कार्य स्त्रीकेसर (जिसमें अंडाशय, वर्तिका और वर्तिकाग्र होते हैं) का निर्माण करना है।

शोधकर्ताओं ने एरेबिडॉप्सिस में अलग-अलग जीन वर्गों को निष्क्रिय करके असर देखे। फूलों के विकास का 'एबीसी' मॉडल एरेबिडॉप्सिस तथा एंटीराइनम मैजस (Antirrhinum majus) में एबीसी जीन के क्लोनिंग का परिणाम है। इसकी मदद से यह स्पष्ट हुआ कि अंगों में विभेदन का नियंत्रण ट्रांसक्रिप्शन (डीएनए से प्रोटीन संश्लेषण का एक चरण जिसमें डीएनए से आरएनए बनता है) के जरिए होता है और ऐसे ही कई कारकों के मिले-जुले प्रभाव से कोशिकीय विभेदन होता है। 2013 में एरेबिडॉप्सिस पर किए गए प्रयोगों से यह पता चला था कि पंखुड़ियों की शुरुआत ऑक्सिन की वजह से होती है।

**प्रकाश-ग्राहियों की खोज**

एरेबिडॉप्सिस पर किए गए अनुसंधान से क्रिप्टोक्रोम्स की खोज हुई। क्रिप्टोक्रोम्स, दरअसल, नीले प्रकाश के ग्राही होते हैं और पौधों की वृद्धि तथा विकास को नियंत्रित करते हैं।

**–स्रोत फीचर्स**

# ऑस्ट्रेलिया ने संघर्षविराम का किया समर्थन

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच हुए दो सप्ताह के युद्धविराम का स्वागत करते हुए इसे पश्चिम एशिया में तनाव कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया, लेकिन साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भाषा पर कड़ी आपत्ति जताई।



प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की भाषा पर कड़ी आपत्ति जताई

अल्बानीज ने आधिकारिक बयान में कहा कि यह अस्थाई युद्धविराम व्यापक समाधान की दिशा में मार्ग प्रशस्त कर सकता है, जबकि लंबे समय तक चलने वाला युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था और मानव जीवन पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य के बाधित होने का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और कीमतों पर असर पड़ा है, जिससे बाजारों में अनिश्चितता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ मिलकर जलडमरूमध्य में नौवहन बहाल करने और आवश्यक आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास कर रहा है। अल्बानीज ने पाकिस्तान, मिस्र, तुर्किए और सऊदी अरब सहित कई देशों की कूटनीतिक भूमिका की सराहना की, जिन्होंने वार्ता को आगे बढ़ाने और तनाव कम करने में योगदान दिया। उन्होंने ट्रम्प के उस बयान को अनुचित बताया, जिसमें उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि ईरान ने जलडमरूमध्य नहीं खोला तो 'पूरी सभ्यता नष्ट हो सकती है।' अल्बानीज ने कहा कि ऐसी भाषा चिंता पैदा करती है और सहयोगी देशों में असहजता बढ़ाती है। उन्होंने सभी पक्षों से अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की। इस बीच, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ़ ने युद्धविराम की घोषणा करते हुए इसे शांति बहाली की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया और 10 अप्रैल को इस्लामाबाद में उच्च स्तरीय वार्ता का प्रस्ताव दिया। अमेरिका की ओर से विशेष दूत स्टीव विटकॉफ, जेरेड कुश्नर और उप राष्ट्रपति जेडी वैंस के इन वार्ताओं में भाग लेने की संभावना है।

# अमेरिका-ईरान युद्धविराम में लेबनान शामिल नहीं: नेतन्याहू

## कहा: युद्धविराम लेबनान में इजरायल के जारी सैन्य अभियानों पर लागू नहीं होगा

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान पर हमले रोकने के अमेरिका के फैसले का समर्थन किया है, लेकिन कहा कि दो सप्ताह का यह युद्धविराम लेबनान में इजरायल के जारी सैन्य अभियानों पर लागू नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इस युद्धविराम में 'लेबनान शामिल नहीं है', जबकि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने युद्धविराम की घोषणा करते हुए कहा था कि इस संघर्ष विराम में लेबनान सहित ईरान के तमाम सहयोगियों पर भी तत्काल प्रभाव से हमले रोकना है।



नेतन्याहू का यह बयान पाक के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की उस घोषणा के बाद आया

नेतन्याहू का यह बयान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की उस घोषणा के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका, ईरान और उनके सहयोगी 'लेबनान और अन्य जगहों सहित हर जगह तत्काल युद्धविराम के लिए सहमत हो गए हैं'। शरीफ ने कहा कि यह कदम 'तत्काल प्रभावी' है। वहीं बुधवार को 'एक्स' पर जारी बयान में नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उन प्रयासों का समर्थन करता है, जो यह सुनिश्चित करने के लिए हैं कि 'ईरान अब अमेरिका-इजरायल, पड़ोसी अरब देशों और दुनिया के लिए परमाणु, मिसाइल और आतंकी खतरा न रहे। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि उसने देश के नेतृत्व के निर्देशों के अनुसार, ईरान पर हमले स्थगित कर दिए हैं और उन्नत युद्धक तैयारी बनाए रखी है। सेना ने बयान में कहा कि राजनीतिक नेतृत्व के निर्देशों के अनुसार, आईडीएफ ईरान के खिलाफ अभियान के हिस्से के रूप में गोलाबारी रोक रहा है और रक्षा के लिए हाई अलर्ट पर है और किसी भी उल्लंघन का जवाब देने के लिए तैयार है। 'एक्सियोस' ने एक अनाम वरिष्ठ इजरायली अधिकारी के हवाले से खबर दी है कि नेतन्याहू को अमेरिका से आश्वासन मिला है कि ईरान से बातचीत के दौरान, अमेरिकी अधिकारी उससे परमाणु सामग्री छोड़ने, यूरेनियम संवर्धन रोकने और बैलिस्टिक मिसाइलों से उत्पन्न खतरे को त्यागने का आग्रह करेंगे।

### इजरायल ने ट्रम्प के निर्णय का किया समर्थन

**तेल अवीब।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार कहा कि वह ईरान के खिलाफ हमलों को दो सप्ताह के लिए रोकने के अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले का समर्थन करते हैं लेकिन इस सीजफायर में लेबनान की लड़ाई शामिल नहीं है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक बयान में कहा कि इजरायल अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के ईरान के विरुद्ध हमलों को दो सप्ताह के लिए स्थगित करने के निर्णय का समर्थन करता है, बशर्ते ईरान तुरंत जलडमरूमध्य खोल दे और अमेरिका, इजरायल तथा क्षेत्र के अन्य देशों पर सभी हमले बंद कर दे। बयान के अनुसार, इजरायल अमेरिका के उन निर्णयों का भी समर्थन करता है जिनका उद्देश्य इजरायल, अमेरिका और अरब देशों के लिए 'परमाणु, मिसाइल और आतंकी खतरे' को समाप्त करना है। कार्यालय ने उल्लेख किया कि अमेरिका ने इजरायल को बताया है कि वह आगामी वार्ताओं में अमेरिका, इजरायल और उसके क्षेत्रीय सहयोगियों के साझा किए इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# होर्मुज स्ट्रेट से जहाज सुरक्षित आवाजाही कर सकेंगे

## विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा: ईरान दो सप्ताह के लिए सहमत

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि उनका देश अमेरिका के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम के लिए सहमत हो गया है और इस दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को सुरक्षित आवा. जाही की अनुमति दी जाएगी। अराघची ने युद्धविराम समझौता करवाने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर के प्रति आभार व्यक्त किया। अराघची ने बुधवार तड़के ईरान की सुरक्षा परिषद की ओर से जारी बयान में कहा कि इस्लामिक गणराज्य ईरान की ओर से मैं क्षेत्र में युद्ध समाप्त करने के लिए अथक प्रयास के लिए अपने भाई पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ़ और फील्ड मार्शल मुनीर के प्रति आभार और सराहना व्यक्त करता हूं।



समझौता कराने के लिए पाक पीएम शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर के प्रति जताया

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शरीफ के 'भाईचारे के अनुरोध' और अमेरिका द्वारा अपने 15-सूत्री प्रस्ताव के आधार पर वार्ता की मांग, तथा अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा ईरान के 10-सूत्री प्रस्ताव को वार्ता के आधार के रूप में स्वीकार करने की घोषणा को ध्यान में रखते हुए, ईरान की सुरक्षा परिषद ने दो फैसले लिए हैं। पहला, यदि ईरान के खिलाफ हमले रोक दिए जाते हैं, तो ईरान की सशस्त्र सेनाएं भी अपनी रक्षात्मक कार्रवाई बंद कर देंगी। इसके साथ ही दो सप्ताह की अवधि के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवाजाही की अनुमति दी जाएगी, जो ईरान की सशस्त्र सेनाओं के साथ समन्वय और तकनीकी सीमाओं को ध्यान में रखते हुए सुनिश्चित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में राजधानी तेहरान सहित कई शहरों पर हमले किए थे। इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई सहित सैकड़ों लोगों की जान गई थी। ईरान ने इसके जवाब में इजरायल और पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर हमले किए थे। पाकिस्तान ने अपनी राजधानी इस्लामाबाद में शांति वार्ता की पहल की थी। ईरान ने शुरुआत में इस वार्ता में शामिल होने से इनकार कर दिया था, हालांकि बुधवार तड़के दोनों देशों के बीच दो सप्ताह के संघर्षविराम पर सहमति बन गई। अमेरिका और ईरान 10 अप्रैल से इस्लामाबाद में युद्धविराम पर आगे की बातचीत करेंगे। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को घोषणा किया कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान और अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ लेबनान सहित सभी मोर्चों पर तत्काल एवं व्यापक युद्धविराम के लिए सहमत हो गए हैं। शरीफ ने कहा कि अत्यंत विनम्रता के साथ, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी महसूस हो रही है कि ईरान और अमेरिका हर जगह तत्काल प्रभाव से युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं" उन्होंने इस कदम को संघर्षग्रस्त पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उद्देश्य से उठाया गया एक दूरदर्शी कदम बताया। इस घटनाक्रम का स्वागत करते हुए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया और औपचारिक रूप से उनके प्रतिनिधिमंडलों को 10 अप्रैल को इस्लामाबाद में उच्च स्तरीय वार्ता के लिए आमंत्रित किया। प्रस्तावित वार्ता को 'इस्लामाबाद वार्ता' नाम दिया गया है जिसमें लंबे समय से चले आ रहे विवादों को सुलझाने के लिए एक व्यापक एवं स्थाई समझौते पर पहुंचने पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है। शरीफ ने इस बात पर बल दिया कि दोनों पक्षों ने असाधारण बुद्धिमत्ता और सूझबूझ का प्रदर्शन किया है और शांति को आगे बढ़ाने में रचनात्मक रूप से लगे हुए हैं। उन्होंने आगे कहा, हम पूरी उम्मीद करते हैं कि इस्लामाबाद वार्ता स्थाई शांति प्राप्त करने में सफल होगी और उन्होंने आने वाले दिनों में और भी सकारात्मक घटनाक्रमों होने के प्रति आशा व्यक्त की।

### ईरान के साथ समझौता अमेरिका की बड़ी जीत: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यालय ने अमेरिका और ईरान के बीच घोषित दो सप्ताह के युद्धविराम को अमेरिका की बड़ी जीत बताया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने आज एक बयान में कहा, ष्यह अमेरिका की जीत है, जिसे राष्ट्रपति ट्रम्प और हमारी शानदार सेना ने संभव बनाया है। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' की शुरुआत से ही राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसे चार से छह सप्ताह का अभियान बताया था लेकिन अमेरिकी सैन्य क्षमताओं के चलते 38 दिनों में ही मुख्य सैन्य उद्देश्यों को हासिल कर लिया गया।सुलेविट ने कहा कि हमारे सैनिकों की अद्‍भुत क्षमताओं की बदौलत, हमने 38 दिनों में अपने प्रमुख सैन्य लक्ष्यों को हासिल किया है और उनसे भी आगे बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि सैन्य सफलता के कारण अमेरिका को वार्ता में बढ़त मिली, जिससे कड़े संवाद के जरिए कूटनीतिक समाधान और दीर्घकालिक शांति की संभावना बनी। उन्होंने यह भी दावा किया कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने में सफलता हासिल की। ईरान का कहना है कि जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवाजाही उसकी सेनाओं के समन्वय से ही संभव होगी।



जम्मू। ईरान, अमेरिका व इजरायल के बीच हुए दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते के मद्देनजर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का चित्र लहराकर नारे लगाते लोग।

### अमेरिका का ईरानी शांति योजना स्वीकरा करना युद्ध में जीत: ईरानी सुरक्षा परिषद

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने बुधवार को कहा कि वाशिंगटन द्वारा ईरान की 10-सूत्रीय शांति योजना को स्वीकार करने के बाद ईरान ने अमेरिका के साथ युद्ध में अपनी जीत की घोषणा की है। ईरानी राज्य प्रसारक आईआरआईबी ने परिषद के हवाले से कहा कि ईरान ने एक महान विजय प्राप्त की है और अमेरिका को 10-सूत्रीय योजना स्वीकार करने के लिए मजबूर कर दिया है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की थी कि वह ईरान के साथ दो सप्ताह के द्विपक्षीय युद्धविराम के लिए सहमत हो गए हैं। अमेरिकी नेता ने उल्लेख किया कि ईरान भी होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षा की गारंटी देने पर सहमत हो गया है जबकि अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण ईरान के पास छोड़ने पर भी सहमत हो गया है।

### ईरान-अमेरिका युद्धविराम के बाद इराक ने अपने हवाई क्षेत्र खोले

**बगदाद।** अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते के तुरंत बाद इराक के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने बुधवार को देश के हवाई क्षेत्र और हवाई अड्डों को तत्काल प्रभाव से फिर से खोलने की घोषणा की। इराकी समाचार एजेंसी ने बताया कि सामान्य स्थिति बहाल होने के बाद, आज से हवाई यातायात के लिए इराकी हवाई क्षेत्र को फिर से खोलने का निर्णय लिया गया है। इराकी विमानन प्राधिकरण ने कहा कि इस उपाय के तहत, स्थापित नियमों और निर्देशों के अनुसार, इराकी हवाई अड्डों पर उड़ानों के संचालन, टेक-ऑफ और लैंडिंग सहित सभी नागरिक उड़ानों को फिर से शुरू करने की अनुमति दी गई है। प्राधिकरण ने हवाई सुरक्षा और सुरक्षा के उच्चतम मानकों को लागू करने तथा हवाई यातायात के सुचारू और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने की अपनी पूर्ण प्रतिबद्धता भी दोहराई है।

# ईरान पर हमले के लिए कैसे माने थे ट्रम्प

## नेतन्याहू ने व्हाइट हाउस आकर प्लान बताया, उपराष्ट्रपति वेंस खिलाफ थे, फिर भी जंग में कूदे

**वाशिंगटन।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सुबह ही व्हाइट हाउस पहुंच चुके थे। वह कई महीनों से अमेरिका पर दबाव डाल रहे थे कि ईरान पर बड़ा हमला किया जाए।



स्क्रीन पर इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया और इजरायली सैन्य अधिकारी जुड़े हुए थे

हालांकि इस बार की मुलाकात बेहद सीक्रेट थी। उन्हें बिना किसी औपचारिक स्वागत के सीधे अंदर ले जाया गया ताकि मीडिया को कुछ पता न चले। पहले कैबिनेट रूम में बातचीत हुई और फिर उन्हें व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में ले जाया गया, जहां असली बैठक हुई। यह वही जगह है जहां अमे. रिका युद्ध और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े बड़े फैसले करता है, लेकिन आमतौर पर यहां विदेशी नेताओं को नहीं लाया जाता। आमतौर पर जब कोई बड़ी मीटिंग होती है, तो ट्रम्प वह टेबल के सबसे आगे यानी 'हेड' वाली कुर्सी पर बैठते हैं। वहां से वह सबको देखते हैं और बैठक को लीड करते हैं। लेकिन इस मीटिंग में ट्रम्प टेबल के किनारे (साइड) पर जाकर बैठे, और उनका चेहरा दीवार पर लगी बड़ी स्क्रीन की तरफ था। ट्रम्प-नेतन्याहू आमने-सामने थे। स्क्रीन पर इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया और इजरायली सैन्य अधिकारी जुड़े हुए थे। इससे ऐसा माहौल बनाया गया जैसे नेतन्याहू युद्ध के समय अपने पूरे कमांड के साथ खड़े हैं। इस बैठक में बहुत कम लोग शामिल थे ताकि कोई जानक. ारी बाहर न जाए। विदेश मंत्री मार्को रूबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, सीआईए प्रमुख जान रैटक्लिफ, जाइंट चीफ्स के चेयरमैन जनरल डैन केन, ट्रम्प के दामाद जैरेड कुशनर और विशेष दूत स्टीव विटकाफ मौजूद थे। व्हाइट हाउस की चीफ आफ स्टाफ सूजी वाइल्स भी वहां थीं। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस बैठक में नहीं थे, क्योंकि वे अजरबैजान में थे और बैठक अचानक तय हुई थी। नेतन्याहू ने एक घंटे का प्रेजेंटेशन दिया और ट्रम्प को समझाने की कोशिश की कि यह ईरान पर हमला करने का सबसे सही समय है। उन्होंने कहा कि ईरान की सरकार कमजोर हो चुकी है और अगर अमेरिका और इजरायल मिलकर हमला करें तो ईरान की सैन्य ताकत जल्दी खत्म की जा सकती है। नेतन्याहू ने दावा किया कि ईरान का मिसाइल सिस्टम कुछ ही हफ्तों में तबाह किया जा सकता है।

### संरा ने अमेरिका-ईरान युद्धविराम का किया स्वागत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा का स्वागत करते हुए, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने बुधवार को संबंधित देशों के नेताओं से क्षेत्र में स्थाई शांति के लिए अपने दायित्वों का पालन करने का आग्रह किया। गुटेरेस ने सभी पक्षों से अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करने और युद्धविराम की शर्तों का सम्मान करने का आग्रह किया। उन्होंने इसे क्षेत्र में स्थाई और व्यापक शांति प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। महासचिव ने नागरिक जीवन की रक्षा करने और मानवीय पीड़ा को कम करने के लिए शत्रुता समाप्त करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा,
शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़



आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एवं अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचना: प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्क: 50 रु. मात्र, प्रवेश नि:शुल्क (Free Admission)
स्थान: चरथावल रोड: इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करें।
M. : 9368215210

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108



श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN
M.Sc (Phy.), B.Ed.